


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com | लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित | जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 214 | गुरुवार, 17 सितम्बर 2026 | भाद्रपद माह, शुक्ल, सप्तमी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया




## पाकिस्तान-चीन सीमा आयोग पर भारत की कड़ी आपत्ति

### कहा- इसका कोई कानूनी आधार नहीं; विदेश मंत्रालय ने और क्या कहा ?

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान और चीन के बीच बनाए गए तथाकथित सीमा संयुक्त आयोग को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। भारत ने बुधवार को इस आयोग को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि पाकिस्तान और चीन के बीच ऐसी कोई मान्य सीमा नहीं है, जिसे भारत स्वीकार करता हो। विदेश मंत्रालय ने साफ किया कि इस मामले में भारत की स्थिति पहले से स्पष्ट और लगातार एक जैसी रही है। मंत्रालय ने कहा कि तथाकथित संयुक्त आयोग का कोई कानूनी आधार नहीं है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान-चीन सीमा संयुक्त आयोग से जुड़ी रिपोर्ट देखी है। भारत की स्थिति स्पष्ट है कि पाकिस्तान और चीन के बीच कोई मान्य सीमा नहीं है। इसलिए भारत इस तथाकथित संयुक्त आयोग को स्वीकार नहीं करता। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस आयोग की कोई कानूनी वैधता नहीं है। भारत ने यह भी दोहराया कि वह 1963 के तथाकथित चीन-पाकिस्तान सीमा समझौते को कभी मान्यता नहीं देता रहा है और लगातार इसे अवैध और अमान्य बताता रहा है।

भारत ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को लेकर भी अपना रुख दोहराया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के पूरे केंद्र शासित प्रदेश भारत के अभिन्न और अविभाज्य



हिस्से हैं। भारत का कहना है कि पाकिस्तान को उन भारतीय क्षेत्रों को लेकर किसी तरह की व्यवस्था करने का अधिकार नहीं है, जिन पर उसका अवैध और जबरन कब्जा है। विदेश मंत्रालय ने इसी आधार पर पाकिस्तान के किसी भी ऐसे कदम को खारिज किया है, जिसमें भारतीय क्षेत्र से जुड़े मामलों में पाकिस्तान और किसी दूसरे देश के बीच सहयोग की बात हो।

भारत ने स्पष्ट किया कि उसने 1963 के तथाकथित चीन-पाकिस्तान सीमा समझौते को कभी मान्यता नहीं दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत लगातार इस समझौते को अवैध और अमान्य मानता रहा है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि कब्जे वाले क्षेत्रों की स्थिति बदलने या अवैध कब्जे को वैध ठहराने की किसी भी कोशिश का भारत दृढ़ता से विरोध और खंडन करता है। भारत के अनुसार, ऐसी कोई भी गतिविधि उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को प्रभावित करने वाली होगी।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय क्षेत्रों से जुड़े पाकिस्तान और चीन के बीच किसी भी तथाकथित सीमा सहयोग को भारत पूरी तरह अस्वीकार्य मानता है। मंत्रालय के अनुसार, ऐसी किसी व्यवस्था का भारत की इन क्षेत्रों पर संप्रभुता पर कोई असर नहीं पड़ेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ऐसी कोशिशों का दृढ़ता से विरोध करता है। उन्होंने पाकिस्तान से कहा कि इस तरह की गतिविधियों के बजाय उसे भारतीय क्षेत्रों पर अपने अवैध और जबरन कब्जे वाले इलाकों को तुरंत खाली करना चाहिए।

भारत ने अपने बयान में पाकिस्तान से सीधे तौर पर कहा कि वह उन क्षेत्रों को तत्काल खाली करे, जो उसके अवैध और जबरन कब्जे में हैं। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान-चीन सीमा सहयोग को लेकर भारत की आपत्ति को दोहराते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हमेशा भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से रहेंगे। भारत ने साफ कर दिया कि भारतीय क्षेत्रों से संबंधित किसी भी ऐसी व्यवस्था को उसकी संप्रभुता या क्षेत्रीय अखंडता पर कोई प्रभाव डालने वाला नहीं माना जाएगा। इस पूरे मामले में भारत ने अपनी स्थिति को स्पष्ट, लगातार और अपरिवर्तित बताया है।

## प्रदेश में शुरू हुई जनगणना के दूसरे चरण की तैयारी

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** जनगणना-2027 के दूसरे चरण की तैयारियां उत्तर प्रदेश में तेज हो गई हैं। 16 से 30 नवंबर तक लोग घर बैठे स्व-गणना कर सकेंगे। इसके बाद एक दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर परिवारों का ब्योरा दर्ज करेंगे। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे परिवार के सभी सदस्यों का नाम जरूर दर्ज कराएं। नाम छूटने पर सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों में हिस्सेदारी प्रभावित हो सकती है। मंगलवार को लखनऊ के बख्शी का तालाब स्थित दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान में मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण शुरू हुआ। निदेशक एवं मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा ने बताया कि जनगणना का उद्देश्य किसी घर या व्यक्ति को छूटने से बचाना और दोहरी गणना रोकना है। स्व-गणना के बाद परिवार को एक आईडी मिलेगी, जिसे प्रगणक के पहुंचने पर दिखाना होगा। ऑनलाइन सुविधा का लाभ न उठा पाने वाले परिवारों का ब्योरा प्रगणक मौके पर दर्ज करेंगे। 5 जनवरी 2027 की मध्यरात्रि को जनगणना का संदर्भ समय माना जाएगा। 5 से 9 जनवरी तक पुनरीक्षण राउंड में जन्म और मृत्यु की जानकारी अपडेट की जा सकेगी।

## ईपीएफओ पर बड़ा फैसला: केंद्रीय कैबिनेट ने अनिवार्य वेतन की सीलिंग बढ़ाकर 25,000 की

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत अनिवार्य कवरेज के लिए वेतन सीमा बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब यह सीमा 15,000 रुपये से बढ़कर 25,000 रुपये प्रति माह




हो गई है। यह निर्णय देश के लाखों कर्मचारियों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आया है। इस कदम से 51 लाख से अधिक अतिरिक्त कर्मचारी ईपीएफओ के दायरे में आ जाएंगे।

ईपीएफ की वेज सीलिंग का मतलब है कि पीएफ की अनिवार्य गणना के लिए कितनी अधिकतम मासिक मजदूरी/वेतन को आधार माना जाएगा। वर्तमान में 15,000 रुपये प्रति माह की वैधानिक वेज सीलिंग है। ईपीएफओ के अनुसार सामान्य स्थिति में पीएफ योगदान अधिकतम 15,000 रुपये की वेतन सीमा पर किया जाता है।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक प्रेस वार्ता में इस महत्वपूर्ण निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह वेतन सीमा संशोधन 12 साल बाद किया जा रहा है। ईपीएफओ की वेतन सीमा 2004 से 2014 तक अपरिवर्तित रही थी। इसे सितंबर 2014 में बढ़ाकर 15,000 रुपये किया गया था। यह वर्तमान निर्णय पिछले दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है। इसका उद्देश्य निरंतर वेतन वृद्धि, बढ़ती आय और औपचारिक रोजगार के विस्तार को दर्शाना है। यह कदम श्रमिकों के लिए एक मजबूत सामाजिक सुरक्षा जाल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। सरकार का लक्ष्य अधिक से अधिक लोगों को भविष्य निधि के दायरे में लाना है।

यह वेतन सीमा बढ़ाने का निर्णय कई महत्वपूर्ण कारकों पर आधारित है। पिछले कुछ वर्षों में देश में निरंतर वेतन वृद्धि देखी गई है। लोगों की आय में भी लगातार बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही, औपचारिक रोजगार के क्षेत्र में भी विस्तार हुआ है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, सरकार इन सभी बदलावों को दशार्ना चाहती है। इस कदम से अधिक से अधिक श्रमिकों को संगठित क्षेत्र की सुरक्षा मिल सकेगी।

इस निर्णय से 51 लाख से अधिक अतिरिक्त कर्मचारी ईपीएफओ के अनिवार्य कवरेज के दायरे में आ जाएंगे। पहले जो कर्मचारी 15,000 रुपये से अधिक वेतन पाते थे, वे इस दायरे से बाहर थे। अब 25,000 रुपये तक मासिक वेतन पाने वाले सभी कर्मचारी ईपीएफओ का हिस्सा बन जाएंगे। यह श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत करेगा। उन्हें भविष्य निधि और पेंशन जैसे लाभ मिलेंगे। इस निर्णय से सरकार पर वित्तीय भार भी बढ़ेगा। मौजूदा वार्षिक बजट सहायता करीब 10,250 करोड़ रुपये है। इसके मुकाबले, वार्षिक सरकारी खर्च लगभग 11,339 करोड़ रुपये अनुमानित है। यानी, सरकार को हर साल करीब 1,089 करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च करने होंगे। अगले पांच वर्षों में अनुमानित कुल व्यय लगभग 56,696 करोड़ रुपये होगा। यह राशि श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खर्च की जाएगी।

## यूपी: पीएनबी के करेंसी चेस्ट में 17.29 करोड़ के नकली नोट रखे, ड्राइवर गिरफ्तार; इन तीन की भूमिका आई सामने

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** सहारनपुर में पंजाब नेशनल बैंक के करेंसी चेस्ट में 17.29 करोड़ रुपये के नकली नोट रखने के मामले में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने संविदा पर तैनात ड्राइवर आदेश चौधरी को गिरफ्तार किया है। सहारनपुर के कुतुबशेर थाना क्षेत्र स्थित नई नंदपुरी कॉलोनी का रहने वाले आदेश करेंसी चेस्ट में




संविदा पर तैनत था। एनआईए के मुताबिक वह मुख्य आरोपियों में शामिल है। इससे पहले एनआईए ने चेस्ट के प्रबंधक अमित कुमार को गिरफ्तार किया था। एनआईए के मुताबिक बीती 29 अगस्त को सहारनपुर के करेंसी चेस्ट में 17.29 करोड़ रुपये की फेस वैल्यू वाले नकली भारतीय नोट मिलने की जानकारी मिली थी। जांच के दौरान बैंक के 3 कर्मचारियों की भी इसमें भूमिका सामने आने पर उन्हें निलंबित कर दिया गया था। इस मामले की जांच एनआईए के सुपुर्द किए जाने पर 3 सितंबर को लखनऊ के थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। पूरी साजिश का पता लगाने और बाकी सह-आरोपियों व संदिग्धों को गिरफ्तार करने के लिए एनआईए लगातार जांच कर रही है। एनआईए की जांच में सामने आया है कि बैंककर्मियों की मिलीभगत से करेंसी चेस्ट में नकली नोट रखने के साथ ही उन्हें कई जगहों पर खपाया भी गया है।

## मक्का के पास ड्रोन हमला: भारत ने दी सख्त प्रतिक्रिया, सऊदी अरब ने हूती विद्रोहियों पर क्यों लगाया आरोप ?

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** मक्का के पास कथित ड्रोन हमले को लेकर भारत ने गंभीर चिंता जताई है। सऊदी अरब ने यमन स्थित हूती विद्रोहियों पर पवित्र शहर की ओर ड्रोन भेजने का आरोप लगाया है। भारत




ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि मक्का का दुनिया भर के मुसलमानों के लिए विशेष महत्व है। विदेश मंत्रालय ने साथ ही सऊदी अरब की जमीन पर होने वाले हमलों और नागरिकों तथा जरूरी ढांचे को खतरे में डालने वाली किसी भी कार्रवाई का विरोध दोहराया है।

मक्का के पास ड्रोन हमले पर भारत ने क्या कहा?

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि भारत मक्का के पास हुए ड्रोन हमले को लेकर बेहद चिंतित है। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब के संप्रभु क्षेत्र पर होने वाले हमलों की भारत निंदा करता है। भारत ने साफ किया कि ऐसी कोई भी कार्रवाई स्वीकार्य नहीं है, जिससे आम लोगों की जान और जरूरी बुनियादी ढांचे को खतरा पैदा हो। भारत ने इस घटना को मक्का की विशेष धार्मिक और वैश्विक अहमियत के कारण खास तौर पर गंभीर बताया है।

## जिस जहाज ने भारतीय युद्धपोत को मारी टक्कर, वो कितना था खतरनाक

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** अरब सागर में पाकिस्तानी युद्धपोत पीएनएस हुनैन भारतीय जहाज से टकराया। भारत ने राजनयिक को तलब कर 1991 के समझौते के उल्लंघन पर दी सख्त चेतावनी। जानें पूरा मामला।

अरब सागर में भारत के नौसैनिक जहाज से एक पाकिस्तानी युद्धपोत के टकराने की घटना को लेकर विदेश मंत्रालय ने नाराजगी जाहिर की है। विदेश मंत्रालय ने इस मामले में अपना विरोध दर्ज कराने के लिए पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक को तलब किया। इतना ही नहीं भारत की तरफ से पाकिस्तान में स्थित दूतावास को भी उनके विदेश मंत्रालय के सामने भी अरब सागर के इस टकराव का मुद्दा उठाने और ऐसी घटनाओं का विरोध करने का निर्देश दिया गया।

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर भारत और पाकिस्तान के जहाजों के बीच ऐसी क्या घटना हुई कि विदेश मंत्रालय को मुद्दे को राजनयिक स्तर पर उठाना पड़ा है? केंद्र की तरफ से पाकिस्तान के सैन्य इकाइयों को क्या चेतावनी दी गई



है? भारत सरकार ने पाकिस्तान को जिस 35 साल पुराने नियम की याद दिलाई है, वह क्या है? यह पीएनएस हुनैन क्या है और यह कितना खतरनाक है? इसके अलावा पहले कब-कब अरब सागर में पाकिस्तान ने इसी तरह की नापाक हरकतों से भारत को भड़काने की कोशिश की है? आइये जानते हैं...

पहले जानें- 15 सितंबर को भारत-पाकिस्तान के जहाजों के बीच क्या हुआ?

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, जिस घटना को लेकर लेकर विरोध दर्ज कराया गया है, वह मंगलवार (15 सितंबर) की शाम की है।

उत्तरी अरब सागर में ओमान तट से लगभग 220 किमी पूर्व अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में भारत और पाकिस्तान के नौसैनिक जहाजों के बीच टक्कर की एक घटना हुई।

विदेश मंत्रालय ने समुद्र में पाकिस्तानी नौसैनिक इकाइयों के इस व्यवहार को पूरी तरह से अस्वीकार्य और गैर-पेशेवर करार दिया है।

पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक को तलब कर स्पष्ट तौर पर कहा गया कि वे सैन्य इकाइयों के संबंधित अफसरों को समुद्र में संचालन के दौरान सावधानी बरतने के लिए कहें।

पाकिस्तान से कहा गया कि उसकी सैन्य इकाइयां दोनों देशों के बीच हुए द्विपक्षीय समझौतों का सम्मान करें और उनके प्रावधानों का ढंग से पालन करें।

इसी के साथ भारत ने पाकिस्तान को भविष्य में इस तरह की खतरनाक घटनाओं की दोबारा होने से रोकने का भी स्पष्ट संदेश दिया।






## एक नजर

### ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत, पति घायल

आंवला। आंवला–रामनगर रोड के गांव मऊचंदपुर में एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जवकि उसका पति गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने पुलिस को सूचना देकर घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के अनुसार शाहाबाद रामपुर के गांव घारमपुर निवासी धर्मेंद्र अपनी 28 वर्षीय पत्नी पूजा के साथ बाइक से कहीं से आ रहे थे। इसी बीच एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। पूजा की मौके पर ही मौत हो गयी। जवकि धर्मेंद्र को इलाज के लिए रामनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा। जहां चिकित्सकों ने हालत गम्भीर देख उन्हे जिलाअस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी परिजनों को दी जा रही है।

# आबादी के बीच टावर निर्माण का मोहल्लेवासियों ने किया विरोध

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज, फतेहगंज पश्चिमी।** बुधवार को कस्बे के मोहल्ला माली में आबादी के बीच कराए जा रहे टावर निर्माण का स्थानीय लोगों ने विरोध कर दिया। विरोध के दौरान लोगों ने निर्माण कार्य में लगे मजदूरों से फावड़ा और मसाला ढोने की परात छीन ली। इसको लेकर प्लॉट स्वामी और मोहल्लेवासियों के बीच काफी कहासुनी हुई।विरोध कर रहे मोहल्लेवासियों की अगुवाई कर रहे सुनील कुमार ने बताया कि मोहल्ले में मूल रूप से थाना मीरगंज के गांव श्यामपुर निवासी महावीर सिंह का खाली प्लॉट पड़ा है। इसी प्लॉट में एयरटेल कंपनी का टावर लगाया जा रहा है। बुधवार को प्लॉट में निर्माण कार्य शुरू होने के बाद मोहल्ले के लोगों को टावर लगाए जाने की जानकारी हुई।सुनील कुमार का कहना है कि आबादी के बीच टावर लगाए जाने का मोहल्लेवासी विरोध कर रहे हैं। उन्होंने टावर से लोगों को शारीरिक और मानसिक नुकसान होने की आशंका जताई। साथ ही अधिक ऊंचाई होने के कारण आंधी-तूफान के दौरान भी खतरा होने की बात कही। मोहल्लेवासियों ने कहा कि किसी भी हालत में आबादी के बीच टावर नहीं लगने दिया जाएगा। मोहल्लेवासियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को सभी लोग एसडीएम निधि शुक्ला से मिलकर टावर निर्माण रुकवाने की मांग करेंगे। इस दौरान प्लॉट स्वामी महावीर सिंह और मोहल्ले के लोगों के बीच काफी कहासुनी भी हुई। विरोध करने वालों में सुनील कुमार, धीरू, चुन्नीलाल, भगवान दास मौर्य, ओमप्रकाश, रिंकू, राजवीर, सत्येंद्र, लीलाधर, बाबूराम, प्रेमवती, प्रेम देवी, सन्नो देवी, राजबाला, सरोज देवी, नेमवती, चांदनी और कमला समेत दर्जनों महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।



# दिव्यांग बच्चों के लिए मेडिकल कैंप

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने और पुराने प्रमाण पत्रों के नवीनीकरण के लिए आज ब्लॉक संसाधन केंद्र कांधरपुर (क्यारा) में मेडिकल असेसमेंट कैंप आयोजित किया गया। कैंप में जिला स्तरीय मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांग बच्चों का चिकित्सकीय परीक्षण किया जा रहा है। पात्रता के आधार पर बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे।

कैंप का आयोजन सुबह 10 बजे से किया गया। समेकित शिक्षा से जुड़े प्रधानाध्यापकों और नोडल शिक्षकों के माध्यम से ऐसे बच्चों को कैंप में लाया गया, जिनका अभी तक दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं बना है या जिनके पुराने प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त हो चुकी है। कैंप में शामिल होने वाले बच्चों के लिए आधार कार्ड की छायाप्रति, तीन पासपोर्ट साइज फोटो और विद्यालय द्वारा जारी नामांकन प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य था। जिला स्तरीय मेडिकल बोर्ड में हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र विशेषज्ञ, मानसिक रोग विशेषज्ञ तथा नाक-कान-गला विशेषज्ञों ने बच्चों का परीक्षण किया।

खंड शिक्षा अधिकारी क्यारा तौसीफ अहमद ने बताया कि दिव्यांगता प्रमाण पत्र बच्चों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसी उद्देश्य से बिना प्रमाण पत्र वाले और वैधता समाप्त हो चुके प्रमाण पत्र वाले बच्चों के लिए मेडिकल असेसमेंट कैंप आयोजित किया गया। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों और नोडल शिक्षकों से पात्र बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित कराने की अपील की थी। खंड शिक्षा अधिकारी की अपील पर ब्लॉक संसाधन केंद्र कांधरपुर पर आयोजित कैम्प में 45 बच्चों का मेडिकल असेसमेंट किया गया। इस पूरे कैम्प को विशेष शिक्षक के रूप में उदय राज यादव, इन्तजार हुसैन, रवि शंकर मौर्य और ओम प्रकाश ने व्यवस्थित रूप दिया।



पीवीआर सिनेमा में कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा नेता ईशान ग्वाल।

# भाजपा नेता ईशान ने कार्यकर्ताओं के साथ देखी 'हनुमान अंश'

जागरण मोर्चा कार्यालय

फरीदपुर (बरेली)। फरीदपुर के दिवंगत विधायक प्रो.श्याम बिहारी लाल के पुत्र भाजपा नेता ईशान ग्वाल की ओर से बुधवार को शहर के फिनिक्स मॉल के पीवीआर सिनेमा हॉल में बाबा नीब करौरी के जीवन पर आधारित फिल्म 'हनुमान अंश' की विशेष स्क्रीनिंग कराई गई। जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ फिल्म देखी। विशेष स्क्रीनिंग के दौरान पूरा हॉल जय श्रीराम और जय हनुमान के जयकारों से गूंज उठा। भाजपा नेता ईशान ने कहा कि बाबा नीब करौरी का जीवन भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में सेवा और भक्ति के अद्भुत समन्वय का उदाहरण है। हनुमान अंश फिल्म के माध्यम से बाबा नीब करौरी की हनुमान भक्ति, आध्यात्मिक साधना और मानव सेवा के संदेश को दर्शकों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**फतेहगंज पूर्वी।** बुधवार शाम शाहजहांपुर रोड पर द्वारिकेश चीनी मिल से करीब एक किलोमीटर पहले हुए सड़क हादसे में करीब 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरीदपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान प्रेम बाबू कश्यप पुत्र सतीश चंद्र निवासी ग्राम मटैनिया, थाना फतेहगंज पूर्वी, जिला बरेली के रूप में हुई है। मृतक के दोस्त सूरज ने पुलिस को हादसे की सूचना दी। बताया गया कि युवक ट्रक की चपेट में आ गया था। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे में शामिल वाहन और दुर्घटना की परिस्थितियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# प्रधानाचार्या डॉ. रीना दुबे सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मीरगंज।** शिक्षा जगत में उत्कृष्ट प्रदर्शन और हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं शिक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए हैरिटेज चिल्ड्रेन एकेडमी, मिलक की प्रधानाचार्या डॉ. रीना दुबे को शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रशस्ति पत्र और मैडल आदि देकर नई दिल्ली में सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में मिले इस सम्मान से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।विद्यालय के डायरेक्टर मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि डॉ. रीना दुबे को हिंदी अकादमी, दिल्ली सरकार के सहयोग से मधुबन एजुकेशनल बुक्स द्वारा हिंदी के प्रचार-प्रसार तथा शिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान प्रदान किया गया। उपलब्ध सार्वजनिक सामग्री में भी मधुबन द्वारा हिंदी शिक्षक सम्मान और हिंदी अकादमी, दिल्ली सरकार के सहयोग का उल्लेख मिलता है। सम्मान समारोह में शिक्षा और हिंदी भाषा के क्षेत्र में किए जा रहे योगदान को रेखांकित किया गया। प्रधानाचार्या डॉ. रीना दुबे की इस उपलब्धि को विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों से जोड़कर देखा जा रहा है।सम्मान की जानकारी मिलने पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने डॉ. रीना दुबे को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डायरेक्टर मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह सम्मान विद्यालय परिवार के लिए भी गौरव का विषय है और इससे शिक्षा एवं हिंदी के प्रति कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी।

# संदिग्ध अवस्था में दिव्यांग वृद्ध की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**भमोरा।** बहन-बहनोई के घर रह रहे एक दिव्यांग वृद्ध की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मृतक के भाई और उसकी दूसरी बहन ने जमीन के रूपयों को लेकर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।

दातागंज बदायूं क्षेत्र के मुड़ा गांव निवासी हेमराज (60) पुत्र श्याम सिंह दोनों पैरों से दिव्यांग था। वह पिछले करीब चार महीने से अपनी बहन शकुंतला निवासी बागरपुर थाना भमोरा के घर रह रहा था। परिजनों के अनुसार 14 सितंबर को बीमारी के चलते उसकी मौत हो गई। अगले दिन 15 सितंबर को सूचना मिलने पर पहुंचे उसके भाई पूरनलाल ने बहन और बहनोई पर हत्या का आरोप लगाया। तहरीर में बताया कि हेमराज ने 14 सितंबर को ही अपनी करीब 14 बीघा जमीन बेची थी। जमीन बिक्री के रुपये को लेकर पूरनलाल ने हत्या की आशंका जताते हुए पोस्टमार्टम कराने की मांग की। पुलिस के अनुसार पंचनामा भरने के लिए टीम गांव पहुंची तो शिकायतकर्ता पूरनलाल अपने साथियों के साथ वहां से चला गया। बाद में मृतक की बहन शकुंतला की तहरीर पर पुलिस ने पंचनामा भरकर देर रात शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार को पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का स्पष्ट पता चल सकेगा।

# सेना भर्ती: 5 अभ्यर्थियों की हालत बिगड़ी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**▸ होमगार्ड भर्ती में तीन युवक दौड़ पूरी करने के बाद गिरे, अग्निवीर परीक्षा में एक अभ्यर्थी घायल**

**बरेली।** होमगार्ड और अग्निवीर सेना भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान बुधवार को पांच अभ्यर्थियों की हालत बिगड़ गई। चार युवक दौड़ते समय या दौड़ पूरी करने के बाद बेहोश होकर गिर पड़े, जबकि एक अभ्यर्थी का पैर मुड़ने से वह घायल हो गया। मैदान में तैनात एंबुलेंस और पुलिसकर्मियों ने सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। डोरीलाल स्टेडियम में होमगार्ड भर्ती की दौड़ में शामिल शाहजहांपुर के अल्हागंज निवासी 27 वर्षीय आलोक पाल 11वें राउंड में अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। कर्मचारियों ने उन्हें संभाला और एंबुलेंस से अस्पताल भेजा। जलालाबाद निवासी 29 वर्षीय संजू आठवें राउंड में दौड़ते समय पैर मुड़ने से गिर गए। उनके पैर में गंभीर चोट बताई जा रही है।

शाहजहांपुर के सदर कैंट डबल स्टोरी निवासी 27 वर्षीय रजनीश कुशवाहा ने दौड़ पूरी करने के बाद अचानक मैदान में दम तोड़ दिया। वहीं मुड़िया खेड़ा निवासी 24 वर्षीय दिनेश भी राउंड पूरा करने के बाद बेहोश हो गए। अत्यधिक पसीना आने और हालत बिगड़ने पर दोनों को अस्पताल भेजा गया। जाट रेजीमेंट सेंटर में अग्निवीर सेना भर्ती की दौड़ में लखीमपुर खीरी के कमीपुर निवासी 20 वर्षीय आदेश सिंह भी घायल हो गए। दौड़ पूरी होने से करीब 15 मीटर पहले वह अचानक गिर पड़े। उन्हें भी जिला अस्पताल ले जाया गया। पांचों युवकों का उपचार जारी है। इनमें पैर मुड़ने से घायल संजू को अपेक्षाकृत अधिक चोट बताई जा रही है।

# परामर्श केंद्र ने दो परिवारों में कराया सुलह-समझौता

आंवला। पुलिस पारिवारिक परामर्श एवं मध्यस्थता केंद्र में बुधवार को दो परिवारों के बीच चल रहे मनमुटाव को दूर कर सुखद मिलन कराया गया। दोनों परिवार काफी समय से विवाद के चलते मुकदमेबाजी के कगार पर थे। परामर्श केंद्र के प्रयास से परिवारों में सुलह हो गई और वे खुशी–खुशी अपने घर लौट गए। परामर्श केंद्र के अध्यक्ष जय गोविंद सिंह ने बताया कि रजिया अंसारी पत्नी नदीम अंसारी निवासी मोहल्ला बजरिया और पूनम पत्नी अशोक निवासी मोहल्ला बाग बख्शी थाना आंवला के पारिवारिक विवादों का सौहार्दपूर्ण वातावरण में समाधान कराया गया। इस दौरान एक परिवार के तीन अबोध बच्चे भी अपने माता–पिता के साथ गले मिलकर खुशी–खुशी घर लौटे। यह अवसर परामर्श केंद्र के लिए भावुक और सुखद रहा। अध्यक्ष ने बताया कि अब तक केंद्र में 185 पारिवारिक विवादों का सौहार्दपूर्ण वातावरण में निपटारा हो चुका है, जबकि 62 मामले प्रक्रियाधीन हैं।

# नवागत खंड शिक्षा अधिकारी का शिक्षकों ने किया स्वागत

**आंवला।** रामनगर ब्लॉक की राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की कार्यकारिणी ने नवागत खंड शिक्षा अधिकारी पूरन सिंह का स्वागत एवं अभिनंदन किया। संगठन के पदाधिकारियों और शिक्षकों ने माल्यार्पण कर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने, शिक्षक हितों और विद्यालयों के विकास को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। संगठन के पदाधिकारियों ने नवागत बीईओ के कार्यकाल के सफल और उज्ज्वल रहने की कामना की। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री सत्यार्थ पाराशरी, ब्लॉक अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह, महामंत्री विपिन सिंह, संगठन मंत्री भानु प्रताप सिंह, अंकित कुमार, हरीश यादव, मोहित सिंह, अवधेश सिंह, आशीष कुमार, रजनीश, आयुष कुमार, गुलशन कुमार समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे।






# डायट की पहल: शिक्षक दिखाएंगे नवाचार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**फरीदपुर (बरेली)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) फरीदपुर बरेली द्वारा 'नवाचार महोत्सव 2026' का आयोजन किया जाना अक्टूबर माह में प्रस्तावित है। इसकी रुपरेखा के विषय में जानकारी देने के लिए डायट में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि महोत्सव का उद्देश्य विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा किए जा रहे प्रभावी शैक्षिक नवाचारों एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज को पहचान प्रदान करना, उन्हें साझा करने के लिए मंच उपलब्ध कराना तथा उपयोगी नवाचारों के व्यापक प्रसार को प्रोत्साहित करना है। महोत्सव में जनपद के प्रत्येक परिषदीय विद्यालय के शिक्षक तथा माध्यमिक विद्यालय से शिक्षक प्रतिभाग कर सकेंगे।

डायट द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट एवं माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक अपने द्वारा किए जा रहे नवाचार एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज प्रस्तुत कर सकेंगे। प्रतिभागियों को निर्धारित प्रारूप में अपने नवाचार का विवरण, उद्देश्य, क्रियान्वयन प्रक्रिया, विद्यार्थियों पर पड़े प्रभाव तथा क्रियान्वयन से पूर्व एवं पश्चात की स्थिति साक्ष्यों सहित प्रस्तुत करनी होगी। इसके साथ संबंधित फोटो तथा अधिकतम 3 से 5 मिनट का वीडियो भी उपलब्ध कराना होगा। प्राप्त नवाचारों की जनपद स्तर पर विशेषज्ञों द्वारा स्क्रीनिंग की जाएगी। चयन में ऐसे नवाचारों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनसे शिक्षण-अधिगम, निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति, नामांकन एवं उपस्थिति में वृद्धि, आईसीटी के प्रयोग, सामुदायिक सहभागिता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जैसे क्षेत्रों में सकारात्मक एवं गुणात्मक परिवर्तन आया हो। कम लागत अथवा विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों से विकसित, अन्य विद्यालयों में प्रयोग योग्य तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसाओं के क्रियान्वयन में सहायक नवाचारों को भी महत्व दिया जाएगा। जनपद स्तर पर चयनित सर्वश्रेष्ठ नवाचार एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज को आई एस बी एन पुस्तिका के रूप में प्रकाशित किया जाएगा तथा चयनित शिक्षकों को विकास खंड स्तर पर आयोजित होने वाले ब्लॉक नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम में भी अपने अनुभव एवं नवाचार साझा करने का अवसर मिलेगा। चयनित नवाचारों से संबंधित वीडियो डायट के यूट्यूब चैनल पर भी अपलोड किए जाएंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्धारित प्रारूप में शिक्षकों का आवेदन एवं नवाचार संबंधी सामग्री 25 सितम्बर 2026 तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। डायट ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं सभी खंड शिक्षा अधिकारीयों से अधिक से अधिक शिक्षकों को अपने प्रभावी एवं उपयोगी नवाचारों के साथ इस महोत्सव में सहभागिता के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया है।


## क्लासीफाइड

### नाम परिवर्तन

मैं अपना नाम GURVINDER PARTAP SINGH से बदलकर GURVINDER PRATAP SINGH पुत्र श्री AJMER SINGH निवासी ग्राम मनहरिया खुर्द कलां पोस्ट घुंघचिहाई पूरनपुर पीलीभीत रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जानें।

### नाम परिवर्तन

मैं अपना नाम RESHMA BEGAM से बदलकर RESHMA BEGUM पत्नी श्री AKEEL AHMAD निवासी ग्राम मोहल्ला गणेशगंज पूर्वी पूरनपुर पीलीभीत रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जानें।

### नाम परिवर्तन

मैं अपना नाम AKIL AHAMAD से बदलकर AKEEL AHMAD पुत्र श्री RAHISUDDEEN निवासी ग्राम मोहल्ला गणेशगंज पूर्वी पूरनपुर पीलीभीत रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जानें।

### खोया-पाया

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल 2022 अनुक्रमांक-1220789876 एवं इंटर 2024 अनुक्रमांक-2245688951 अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गये हैं।

**परीक्षार्थी नाम- ललित कश्यप पुत्र श्री राम कुमार निवासी डाक सिंगथरा (बदायूं)**

### बिकाऊ है

तीन मंजिल दुकान ब्लॉक रोड मुथूट फाइनेंस के सामने गली में रोड से दूसरी दुकान जिसका एरिया 12 फीट रोड फ्रंट और गहराई 9:30 फिट है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें मोबाइल नंबर 9627 739 857

**एक नजर**

## विश्व ओजोन दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बहेड़ी।** विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर नगर के केसर इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही छात्रों के बीच निबंध तथा पोस्टर प्रतियोगिता भी कराई गई। कालेज के प्रधानाचार्य डा रवि प्रकाश शर्मा ने ओजोन परत के संरक्षण को लेकर बताया कि क्लोरोफ्लोरोकार्बन तथा अन्य ओजोन क्षयकारी गैसों का उपयोग बंद करके ओजोन परत को नुकसान पहुंचने से बचाया जा सकता है। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए जाएं ताकि पर्यावरण संरक्षित हो सके। कालेज के ईको क्लब प्रभारी इंद्रजीत सिंह ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प दिलाया। पर्यावरण सुरक्षा, वायु प्रदूषण से आमजन के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को लेकर जागरूक करने की मंशा के साथ बच्चों की निबंध तथा पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई जिसमें विजेता रहे छात्र कल्पना, दक्षराज सिंह, अंजली श्रीवास्तव, मो सलमान, हर्षित, आफरीन, नम्रता आदि को प्रधानाचार्य ने पुरस्कार दिए।

# मैसी अस्पताल में नवजात की मौत पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार




- परिजनों ने अस्पताल संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया
- जांच में डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ नहीं मिला तो अस्पताल सील

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मैसी अस्पताल में दो दिन के नवजात की मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट पुलिस जांच की अहम कड़ी बन गई है। बुधवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि ऑक्सीजन मास्क हटने की जानकारी देने के बावजूद अस्पताल संचालक ने तत्काल ध्यान नहीं दिया। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी। परिजनों के मुताबिक, मुस्कान को प्रसव पीड़ा होने पर शनिवार को मैसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार को उसने बेटे को जन्म दिया। पति सचिन गुप्ता का आरोप है कि अस्पताल संचालक अली अब्बास ने बच्चे को बीमार बताकर नर्सरी में रखने की बात कही। नवजात को ऑक्सीजन मास्क लगाकर एक उपकरण में रखा गया था। परिजनों का आरोप है कि उसकी निगरानी के लिए कोई प्रशिक्षित स्टाफ मौजूद नहीं था। मंगलवार को बच्चे के मुंह से ऑक्सीजन मास्क हट गया। छटपटाते नवजात को देखकर परिजनों ने अली अब्बास को सूचना दी, लेकिन वह तत्काल नहीं पहुंचा। कुछ देर बाद जब वह आया, तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल का निरीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से पहुंचे डॉ. रवि कुमार के अनुसार, मौके पर चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ नहीं मिला। इसके बाद अस्पताल सील कर दिया गया। एसीएमओ डॉ. लईक ने बताया कि अस्पताल के पंजीकरण, चिकित्सकों की उपलब्धता और अन्य दस्तावेजों की जांच की जा रही है। अली अब्बास के नाम के साथ लिखे एमडी को लेकर भी सवाल उठे हैं। पूछताछ में उसने कथित तौर पर एमडी का अर्थ मैनेजिंग डायरेक्टर बताया।

## युवक की सड़क हादसे में मौत

**फतेहगंज पूर्वी।** हाईवे किनारे पैदल जा रहे युवक को अज्ञात ऑटो ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मंगलवार देर शाम राजदेव मुखिया (30) पुत्र रामविलास मुखिया निवासी ग्राम दनोखा, थाना लगूनिया, जिला मधुबन, बिहार, ग्राम टिसुआ के पास स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री से काम करने के बाद हरेला चौराहे से घरेलू सामान लेकर किराए के मकान की ओर जा रहा था। इसी दौरान हाईवे किनारे रॉन्ग साइड में पैदल जाते समय बरेली की ओर से आ रहे अज्ञात ऑटो ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल राजदेव को निजी एंबुलेंस से सीएचसी फरीदपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मोबाइल से पुलिस ने मृतक के भाई बबलू मुखिया को सूचना दी। पुलिस अज्ञात ऑटो की तलाश कर रही है।

# महिला की संदिग्ध मौत, पोस्टमार्टम में गला दबाने की पुष्टि

- पति ने बीमारी और दवा खाने के बाद तबीयत बिगड़ने की बात कही थी, अब हत्या के एंगल से जांच में जुटी पुलिस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के परतासपुर गांव में महिला की संदिग्ध मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कहानी बदल गई। पति ने पत्नी के लंबे समय से बीमार होने और दवा खाने के बाद हालत बिगड़ने की बात कही थी, लेकिन रिपोर्ट में गला दबाने से मौत की पुष्टि हुई है। इसके बाद पुलिस ने हत्या के एंगल से जांच शुरू कर दी है। परतासपुर निवासी नीरज की पत्नी मनोरमा की मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। नीरज के मुताबिक, मनोरमा काफी समय से बीमार थी और उसका इलाज एक झोलाछाप से कराया जा रहा था। मंगलवार को दवा देने के बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया। गांव के किसी व्यक्ति से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। परिस्थितियां संदिग्ध लगने पर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बुधवार को रिपोर्ट सामने आने के बाद गला दबाने की बात स्पष्ट हुई, जिससे बीमारी के कारण मौत होने के दावे पर सवाल खड़े हो गए। पुलिस अब मनोरमा की मौत की परिस्थितियों और इसमें शामिल लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। बताया गया कि नीरज और मनोरमा की शादी करीब एक साल पहले हुई थी। मनोरमा मूल रूप से बिहार की रहने वाली थी और उसके मायके के लोग मेहनत-मजदूरी करते हैं। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सोने के सिक्कों के नाम पर तीन लाख की ठगी, एक आरोपी रुपये लेकर फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सोने के सिक्के बेचने का झांसा देकर तीन लाख रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर इज्जतनगर थाने में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

FIR के अनुसार, मुरादाबाद निवासी लविश रस्तोगी ने पुलिस को बताया कि वह सोमवीर निवासी सदरपुर, थाना छजलैट को जानता है। आरोप है कि सोमवीर उसके पास एक टूटा हुआ सोने का सिक्का लेकर आया था, जिसकी जांच में सिक्का सोने का पाया गया। इसके बाद सोमवीर ने बताया कि उसके परिचित के पास ऐसे 25 सिक्के हैं और वह उन्हें बेचना चाहता है। सौदा तीन लाख रुपये में तय होने की बात कही गई।

लविश के मुताबिक, 14 सितंबर की रात करीब 9:30 बजे वह तीन लाख रुपये लेकर बरेली के लिए निकला। रास्ते में सोमवीर रामपुर के पास अपने दो साथियों कुलदीप निवासी उधम सिंह नगर और अविनाश उर्फ गौतम सागर निवासी थाना भगतपुर के साथ उसके साथ हो गया। तीनों ने बताया कि सिक्के देने वाली पार्टी बिहार से आ रही है और बरेली में मिलेगी।

तहरीर के मुताबिक, बरेली पहुंचने के बाद लविश ने तीन लाख रुपये सोमवीर को दिए। आरोप है कि सोमवीर ने उसके सामने रकम कुलदीप और अविनाश को दे दी। इसके बाद कुलदीप सिक्के लेने के लिए गाड़ी से गया, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटा और कथित तौर पर रुपये लेकर फरार हो गया। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद अविनाश उर्फ गौतम उसके पास सिक्के लेकर आया। जांच करने पर सिक्के सोने के बजाय तांबे के निकले। पीड़ित ने आरोप लगाया कि सोमवीर के माध्यम से कुलदीप और अविनाश ने मिलकर उसके साथ तीन लाख रुपये की ठगी की। घटना इज्जतनगर क्षेत्र में IVRI पुल के नीचे 14 सितंबर की रात करीब 11 बजे की बताई गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पालतू कुत्ते की गंडासे से गर्दन काटकर हत्या, विरोध पर धमकी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर चिकटिया में पालतू कुत्ते की कथित तौर पर गंडासे से गर्दन काटकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर कुत्ते के मालिक ने दो भाइयों के खिलाफ पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता अबन कुमार पुत्र नत्थूलाल के अनुसार, 14 सितंबर की रात करीब 8:30 बजे गांव निवासी अंकित और खेमपाल ने उसके पालतू कुत्ते को गंडासे से गर्दन काटने के बाद डंडों से पीटकर मार डाला। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि दोनों पहले से ही कुत्ते से रंजिश रखते थे। अबन कुमार ने पुलिस को बताया कि घटना के समय उसके पिता नत्थूलाल और बहनें सोनी व कीमती मौके पर मौजूद थीं। आरोप है कि उन्होंने कुत्ते को न मारने की गुहार लगाई, लेकिन आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि घटना के बाद आरोपी लाठी लेकर बार-बार घर पर आ रहे हैं और परिवार को गांव से भगाने की धमकी दे रहे हैं। इससे परिवार में भय का माहौल है। शिकायतकर्ता के मुताबिक, मृत कुत्ते का पोस्टमार्टम भी कराया गया है। पीड़ित ने 15 सितंबर 2026 को कैंट थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** जिले की कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने तथा पुलिसिंग में प्रशासनिक संतुलन बनाने के लिए एसएसपी अनुराग आर्य ने पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। 25 निरीक्षक और उपनिरीक्षकों को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। इनमें थाना प्रभारी, निरीक्षक अपराध और विभिन्न पुलिस शाखाओं में तैनात अधिकारी शामिल हैं। तबादलों के पीछे रिक्त पदों को भरना और प्रशासनिक समायोजन प्रमुख वजह बताई गई है। फरीदपुर में निरीक्षक अमित पाण्डेय को सोशल मीडिया सेल से हटाकर प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। फरीदपुर के प्रभारी रहे राधे श्याम को प्रेमनगर की जिम्मेदारी मिली है। प्रेमनगर से निरीक्षक सुरेंद्र सिंह को हटाकर किला थाने में निरीक्षक अपराध बनाया गया है। किला प्रभारी अचल कुमार को देवरनियां और देवरनियां प्रभारी आशुतोष द्विवेदी को शाही थाने की कमान सौंपी गई है। शाही से उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह को एएचटी भेजा गया है। निरीक्षक प्रवीन कुमार को फतेहगंज पश्चिमी में निरीक्षक अपराध से हटाकर प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। बारादरी की जोगीनवादा चौकी के प्रभारी कुशलपाल सिंह को भमौरा का थानाध्यक्ष बनाया गया है। भमौरा प्रभारी पवन कुमार को फतेहगंज पूर्वी भेजा गया, जबकि राजकुमार सिंह को रिजर्व पुलिस लाइन्स भेजा गया है।विशारतगंज में निरीक्षक अपराध रहे प्रमोद कुमार को भमौरा में नई जिम्मेदारी मिली है। शीशगढ़ प्रभारी जितेंद्र सिंह को आंवला में निरीक्षक अपराध बनाया गया है। अजीत सिंह को शीशगढ़ में निरीक्षक अपराध की जिम्मेदारी दी गई है। क्योलड़िया और बहेड़ी में भी अधिकारियों की तैनाती बदली गई है। बहेड़ी की कस्बा चौकी से नीरज कुमार सिंह को कैंट में निरीक्षक अपराध बनाया गया है। अलीगंज में जगत सिंह को थानाध्यक्ष और राजकुमार सिंह को निरीक्षक अपराध की जिम्मेदारी मिली है। अमरीश कुमार को क्राइम ब्रांच इन्वेस्टिगेशन विंग भेजा गया है। अभिषेक कुमार को शेरगढ़ में निरीक्षक अपराध बनाया गया है। धर्वेन्द्र सिंह को प्रभारी एसओजी-02 और सतेन्द्र कुमार को प्रभारी सर्विलांस सेल की जिम्मेदारी दी गई है। साइबर थाना और अन्य जांच इकाइयों में भी फेरबदल किया गया है।

# 20 साल पुराने चोरी के मुकदमे में वांछित समेत तीन वारंटी गिरफ्तार

- अदालत से गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने दी दबिश, पिता–पुत्र भी मारपीट के मामले में पकड़े गए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** अदालत से गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद प्रेमनगर पुलिस ने बुधवार को तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें एक आरोपी वर्ष 2006 के चोरी के मुकदमे में अदालत की कार्रवाई से बच रहा था, जबकि दूसरे मामले में मारपीट और गालीगलौज के आरोपी पिता-पुत्र शामिल हैं। पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद तीनों को अदालत में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। बांके की छावनी निवासी 40 वर्षीय दिनेश पुत्र ठाकुरदास के खिलाफ प्रेमनगर थाने में वर्ष 2006 में चोरी और चोरी का माल बरामद होने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामला लंबे समय से अदालत में विचाराधीन है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष संख्या पांच की अदालत से दिनेश के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हुआ था। इसके बाद पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की और बुधवार को उसे गिरफ्तार कर लिया।

### मारपीट के मामले में पिता-पुत्र गिरफ्तार

दूसरी कार्रवाई वर्ष 2020 में दर्ज एनसीआर से जुड़े मामले में हुई। बांके की छावनी निवासी 27 वर्षीय आकाश और उसके 45 वर्षीय पिता धर्मवीर के खिलाफ मारपीट और गालीगलौज का मामला अदालत में चल रहा है। दोनों के खिलाफ अदालत ने गैर जमानती वारंट जारी किए थे। पुलिस ने दबिश देकर पिता–पुत्र को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, दिनेश के मामले में 16 सितंबर को अदालत में सुनवाई की तारीख थी, जबकि आकाश और धर्मवीर से जुड़े मामले में अगली तारीख एक अक्टूबर निर्धारित है। तीनों को गिरफ्तार करने के बाद न्यायिक प्रक्रिया के तहत अदालत में पेश किया जा रहा है। कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम के नेतृत्व में की गई। टीम में उपनिरीक्षक अरुण यादव, कांस्टेबल अरुण कुमार और दीपक राणा शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि अदालत से जारी वारंटों के अनुपालन में आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है।

## सड़क किनारे मिला शव, सनसनी

**बहेड़ी।** नगर के जाफरी चौराहे के निकट सड़क किनारे खाली जमीन पर कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। गड्ढों में भरे पानी में मछली का शिकार कर रहे लोगों की नजर कंकाल पर पड़ी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से भीड़ हटाकर कंकाल कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। पुलिस के अनुसार कंकाल काफी पुराना है। शव पूरी तरह सड़-गल जाने के कारण केवल हड्डियां बची हैं, जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी। कोतवाल दिनेश शर्मा ने बताया कि कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद पता चल सकेगा कि कंकाल पुरुष का है या महिला का। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में गुमशुदगी की जानकारी जुटा रही है।

# 26 सितंबर की हिंसा में दो और आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** 26 सितंबर 2025 को हुई हिंसा के मामले में कैंट पुलिस ने फरार चल रहे दो आरोपियों रफीक बेग और मुख्तियार अहमद उर्फ मुख्तार अहमद को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में दोनों ने हिंसा से करीब एक सप्ताह पहले हुई बैठक में शामिल होने और घटना वाले दिन भीड़ के साथ इस्लामिया ग्राउंड की ओर जाने की बात बताई है। पुलिस ने दोनों को अदालत में पेश कर दिया। कैंट पुलिस को मंगलवार सुबह सूचना मिली कि दोनों आरोपी इज्जतनगर क्षेत्र के फरीदापुर चौधरी में मौजूद हैं। टीम ने घेराबंदी कर खाली मैदान के पास से 58 वर्षीय रफीक बेग और मुख्तियार अहमद को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार, दोनों ने बताया कि हालात बिगड़ने के बाद वे कचहरी की ओर चले गए थे। कई आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद से दोनों फरार चल रहे थे।

पुलिस के मुताबिक पूछताछ में सामने आया कि 19 सितंबर 2025 को एक बैठक हुई थी। जगह कम होने पर इसे बेग मैरिज हॉल में कराया गया, जहां करीब 100 से 125 लोगों के जुटने का पुलिस ने दावा किया है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में दोनों ने बैठक में 26 सितंबर को होने वाले घटनाक्रम को लेकर चर्चा की जानकारी दी। बैठक को हिंसा की कथित योजना से जोड़कर पुलिस ने मौलाना तौकीर रजा की भूमिका का भी आरोप लगाया है। हालांकि ये दावे पुलिस की विवेचना और पूछताछ पर आधारित हैं और इनका न्यायालय में परीक्षण होना बाकी है। पुलिस ने पूछताछ के दौरान दोनों को हिंसा से जुड़े वीडियो फुटेज दिखाए। पुलिस का दावा है कि दोनों ने फुटेज में कुछ लोगों को पहचानकर उनके नाम बताए। अब इन नामों का वीडियो से मिलान और सत्यापन कराया जा रहा है। हिंसा के मामले में कोतवाली में मौलाना तौकीर रजा समेत 25 नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान अब तक 66 और लोगों के नाम सामने आए हैं। रफीक बेग के खिलाफ विभिन्न थानों में 11 मुकदमों का रिकॉर्ड बताया गया है। वहीं मुख्तियार अहमद के खिलाफ चार मुकदमे दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है। दोनों की गिरफ्तारी कैंट थाना प्रभारी संजय कुमार धीर के नेतृत्व में कैंट और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने की।

# एक महीने में शहर की तस्वीर बदलने की तैयारी

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने, सड़कों की मरम्मत कराने और लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए नगर निगम गुरुवार से सेवा संकल्प अभियान शुरू करेगा। 17 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान में शहर के प्रमुख चौराहों, गलियों, स्कूलों, अस्पतालों और धार्मिक स्थलों पर अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। बुधवार को मेयर डॉ. उमेश गौतम और नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने पार्षदों के साथ बैठक कर अभियान की तैयारियों पर चर्चा की। अभियान का पहला दिन सामूहिक सफाई और श्रमदान के नाम रहेगा। नगर निगम के कर्मचारियों के साथ जनप्रतिनिधियों और शहरवासियों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन और स्वयं सहायता समूहों से जुड़े लाभार्थियों को अभियान का हिस्सा बनाने की योजना है। प्रमुख चौराहों को साफ करने और उनका सुंदरीकरण कराने के बाद वहां सेवा ज्योति कलश स्थापित किए जाएंगे। डिजिटल बोर्डों के जरिये लोगों को अभियान की जानकारी दी जाएगी। स्कूलों में 17 सितंबर से सात अक्टूबर तक 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर चित्रकला और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों की सफलता की कहानियां रील के माध्यम से सोशल मीडिया पर दिखाई जाएंगी। स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की जांच की जाएगी और पात्र लोगों को आयुष्मान भारत सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने की तैयारी है। वृद्धाश्रम, अनाथालय और सीनियर केयर सेंटरों का निरीक्षण भी किया जाएगा।

अभियान में सफाई के साथ शहर की खराब सड़कों पर भी ध्यान दिया जाएगा। नवरात्रि से पहले सड़कों को गड्ढामुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। पौधरोपण, धार्मिक स्थलों की विशेष सफाई और प्लास्टिक के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम भी होंगे। प्रमुख स्मारकों, स्कूल-कॉलेजों, अस्पतालों और घाटों पर दीपक जलाने व सजावट की योजना है। नगर निगम सीमा से तीन किलोमीटर बाहर तक सफाई व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों का सहयोग लिया जाएगा। 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती और दो अक्टूबर को गांधी जयंती पर विशेष कार्यक्रम होंगे। अभियान की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे और सभी गतिविधियों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होगा।

## फरीदपुर आईटीआई में सजेगा रोजगार मेला

**फरीदपुर (बरेली)।** सेवायोजन विभाग बरेली मंडल और फरीदपुर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के सहयोग से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 17 सितंबर को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) फरीदपुर में 'आशीर्वाद के दीये' कार्यक्रम एवं मेगा रोजगार कैंप आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक चलेगा। इस दौरान आशीर्वाद के दीयों का वितरण और केक काटकर जन्मोत्सव मनाया जाएगा। फरीदपुर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह ने औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों से स्वयं अथवा प्रतिनिधि या मैनेजर के माध्यम से कार्यक्रम में पहुंचकर बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने का अवसर प्रदान करने की अपील की है। बेरोजगार युवाओं से भी कार्यक्रम में पहुंचकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया गया है।




**एक नजर**

**खेत पर किसान से मारपीट, हाथ में फ्रैक्चर**

**बदायूं।** खेत में मिर्च की फसल की देखभाल कर रहे किसान से पड़ोसी खेत के युवक ने गाली-गलौज के बाद मारपीट कर दी। घटना में किसान के हाथ में चोट आई और जांच में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। उपचार के बाद बुधवार को किसान ने थाने पहुंचकर तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कुंवरगांव के वार्ड चार निवासी अरुण कुमार पुत्र ओमवीर सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह वह खेत में मिर्च की फसल देख रहे थे। इसी दौरान कस्बे का सचिन पुत्र केशव शंखधार वहां पहुंचा और किसी बात को लेकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट कर दी, जिससे अरुण के हाथ में गंभीर चोट आई। चिकित्सकीय जांच में फ्रैक्चर मिलने पर हाथ में प्लास्टर चढ़ाया गया। थाना प्रभारी राजेश कौशिक ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# टिकट कटने की आहट से बढ़ी विधायकों की बेचैनी, बूथ अध्यक्षों पर डोरे डाल रहे दावेदार

## भाजपा के सर्वे और संगठन की कसौटी पर पुराने चेहरों की परीक्षा, नए दावेदारों ने तेज की सक्रियता

देवेश मिश्रा, जागरण मोर्चा कार्यालय


सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता।


दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह।


बिल्सी विधायक हरीश शाक्य।

- बदायूं, बिल्सी और दातागंज में टिकट के लिए जोड़-तोड़ तेज, हर बूथ की रिपोर्ट पर टिकी नजर

**बदायूं।** विधानसभा चुनाव 2027 की आहट के साथ जिले की सियासत में भाजपा के टिकट को लेकर हलचल तेज हो गई है। बदायूं जिले की छह विधानसभा सीटों में वर्तमान में बदायूं सदर, बिल्सी और दातागंज पर भाजपा के विधायक हैं। पार्टी इस बार जिले की सभी छह सीटों पर जीत की रणनीति के साथ संगठनात्मक स्तर पर तैयारियां कर रही है। इसी बीच टिकट के संभावित दावेदारों ने बूथ स्तर तक अपनी सक्रियता बढ़ा दी है।

भाजपा के भीतर टिकट वितरण को लेकर सर्वे को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मई 2026 की एक रिपोर्ट के मुताबिक पार्टी एक सर्वे करा चुकी थी और आगे तीन सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर उम्मीदवारी तय किए जाने की बात सामने आई थी। हर विधानसभा क्षेत्र से कई दावेदार सक्रिय बताए गए थे। ऐसे में मौजूदा विधायकों के साथ-साथ टिकट के नए दावेदार भी संगठन के पदाधिकारियों और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटे हैं।

**बूथ अध्यक्षों की अचानक बढ़ी पूछ :** टिकट की दौड़ में बूथ अध्यक्ष और स्थानीय संगठन पदाधिकारी खासे महत्वपूर्ण हो गए हैं। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि संभावित प्रत्याशी अब बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को अपने पक्ष में करने के लिए लगातार संपर्क कर रहे हैं। कोई सम्मान और व्यक्तिगत संपर्क के जरिए नजदीकी बढ़ा रहा है तो कहीं कार्यकर्ताओं के बीच उपहार और दूसरे प्रलोभनों की चर्चाएं भी सुनाई दे रही हैं। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। भाजपा के अंदर सबसे बड़ा सवाल यह है कि पांच साल के कार्यकाल में किस विधायक ने संगठन और क्षेत्र के लोगों के बीच कितनी सक्रियता दिखाई। टिकट के लिए केवल वर्तमान पद पर्याप्त होगा या क्षेत्रीय पकड़, संगठन में स्वीकार्यता और चुनावी प्रदर्शन जैसे मानकों को भी देखा जाएगा, इस पर दावेदारों की नजर है।

**दातागंज से बिल्सी तक स्थानीय मुद्दे बन रहे चुनौती :** दातागंज विधानसभा में विधायक राजीव सिंह उर्फ बब्बू भैया 2022 में भाजपा के टिकट पर निर्वाचित हुए थे। आधिकारिक विधानसभा रिकॉर्ड में भी उनका नाम दातागंज के भाजपा विधायक के रूप में दर्ज है। अब आगामी चुनाव को लेकर क्षेत्रीय मुद्दों और राजनीतिक समीकरणों के आधार पर पार्टी संगठन द्वारा उम्मीदवारों का आकलन किए जाने की चर्चा है।

बिल्सी में भी मौजूदा विधायक हरीश शाक्य के सामने स्थानीय स्तर के मुद्दों और कार्यकर्ताओं की अपेक्षाओं की कसौटी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जमीन और स्थानीय विवादों को लेकर यदि किसी स्तर पर शिकायतें सामने आती हैं तो उनका राजनीतिक असर कितना है, यह पार्टी के संगठनात्मक आकलन में देखा जा सकता है। हालांकि किसी विधायक के खिलाफ लगाए गए कब्जे या अन्य गंभीर आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि उपलब्ध स्रोतों से नहीं होती।

**सदर सीट पर भी दावेदारों ने बढ़ाई सक्रियता :** बदायूं सदर सीट पर भी भाजपा के मौजूदा विधायक के साथ टिकट के संभावित दावेदार सक्रिय बताए जा रहे हैं। स्थानीय राजनीतिक चर्चाओं में विधायक की कार्यशैली और क्षेत्र में उपलब्धता को लेकर अलग-अलग मत सामने आते रहे हैं। किसी विधायक पर किसी समुदाय विशेष के लोगों की सिफारिश करने या दूसरे समुदाय की अनदेखी करने जैसे आरोप राजनीतिक तौर पर लगाए जाते हैं, लेकिन ऐसे आरोपों को प्रमाण के बिना तथ्य मानना उचित नहीं होगा। इसी तरह अपराधियों की सिफारिश करने जैसे गंभीर आरोप भी यदि राजनीतिक मंचों से लगाए जाते हैं तो उनकी पुष्टि पुलिस रिकॉर्ड या आधिकारिक जांच से ही मानी जा सकती है। फिलहाल इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि सामने नहीं है।

**सभी छह सीटों पर नजर, नए चेहरों की तलाश :** 2022 के विधानसभा चुनाव में बदायूं जिले की छह सीटों में भाजपा और सपा ने तीन-तीन सीटें जीती थीं। भाजपा ने बिल्सी, बदायूं और दातागंज में जीत दर्ज की थी, जबकि बिसौली, सहसवान और शेखूपुर सीटें सपा के खाते में गई थीं। अब भाजपा का लक्ष्य छहों सीटों पर संगठन को मजबूत करना है। यही वजह है कि टिकट के संभावित दावेदार अभी से बूथ स्तर पर सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। पार्टी नए चेहरों को मौका देती है तो मौजूदा विधायकों के लिए संगठन में अपनी स्वीकार्यता और क्षेत्रीय पकड़ साबित करना बड़ी चुनौती होगी। फिलहाल टिकट का अंतिम फैसला पार्टी नेतृत्व के हाथ में है। सर्वे रिपोर्ट, संगठन की फीडबैक, स्थानीय समीकरण और संभावित प्रत्याशियों की चुनावी क्षमता जैसे पहलुओं पर मंथन के बाद ही तस्वीर साफ होने की उम्मीद है। ऐसे में अभी से किसी विधायक का टिकट कटना तय मानना जल्दबाजी होगी, लेकिन इतना जरूर है कि भाजपा के टिकट की लड़ाई ने बदायूं की तीनों सीटों पर राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया है।

# मंच मिला तो खिल उठी ग्रामीण प्रतिभा, बच्चों ने बिखेरा हुनर

## 'उमंग-एक पहचान' प्रतियोगिता में कविता, भाषण, कहानी और वाद-विवाद में दिखा उत्साह

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा


कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**बदायूं** ग्रामीण अंचल के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिला तो उनकी रचनात्मकता और आत्मविश्वास देखने लायक रहा। विकास क्षेत्र जगत की न्याय पंचायत खुनक की स्तरीय प्रतियोगिता बुधवार को संविलियन विद्यालय आरिफपुर नवादा में आयोजित हुई। 'उमंग-एक पहचान' अभियान के तहत आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों ने कविता, कहानी, सामान्य ज्ञान, भाषण और वाद-विवाद समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार और टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सचिव संजीव शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सीडीओ ने विद्यालय का भ्रमण कर बच्चों से संवाद किया और सामान्य ज्ञान के सवाल पूछे। बच्चों के जवाब और शिक्षकों के प्रयास देखकर उन्होंने सराहना की।

प्राथमिक स्तर पर बाल कविता, सामान्य ज्ञान, कहानी सुनाओ और अंग्रेजी डिक्टेशन की प्रतियोगिताएं हुईं। उच्च प्राथमिक स्तर पर भाषण, सामान्य ज्ञान, अंग्रेजी डिक्टेशन तथा हिंदी-अंग्रेजी वाद-विवाद कराया गया। बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय में बच्चों द्वारा तैयार सेल्फी स्टैंड पर सीडीओ ने सेल्फी लेकर उनका उत्साह बढ़ाया।

प्राथमिक विद्यालय मियागंज की छात्रा संध्या ने हिंदी कविता और संविलियन विद्यालय खुनक के छात्र अयान ने अंग्रेजी कविता का सुंदर पाठ किया। प्रस्तुतियों से प्रभावित सीडीओ ने बच्चों की पीठ थपथपाई और निरंतर अभ्यास करते हुए आगे भी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया।

सीडीओ गामिनी सिंगला ने कहा कि 'उमंग-एक पहचान' बच्चों की रुचि और प्रतिभा को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देने की पहल है। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत सिर्फ उसे पहचानने और उचित मंच देने की है।

बीएसए नवीन कुमार ने प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। राष्ट्रीय सचिव संजीव शर्मा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को सामने लाना, उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करना और शैक्षिक व सह-शैक्षिक गतिविधियों के प्रति रुचि बढ़ाना है।

खंड शिक्षा अधिकारी जगत भूपेंद्र कुमार और वरिष्ठ उपाध्यक्ष दामोदर सिंह यादव ने बताया कि विद्यालय और न्याय पंचायत स्तर की प्रतियोगिताओं के बाद ब्लॉक एवं जिला स्तर पर भी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस दौरान डॉ. पंकज शर्मा, कामिनी राठौर, हरिनंदन सिंह, युधिष्ठिर सुमन, संदीप सिंह, आयुष भारद्वाज, वैभव श्रोत्रिय, मुकेश कुमार, रमन कुमार, गुरजीत प्रभारी देओल, फरहा नाज, सपना गोस्वामी, तबस्सुम राणा, अनुभव सिंह समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### भगवान राम पर अमर्यादित टिप्पणी का आरोप, युवक हिरासत में

**बदायूं।** इस्लामनगर थाना क्षेत्र के नूरपुर पिनौनी गांव में सोशल मीडिया पर भगवान राम और रावण को लेकर कथित तौर पर अमर्यादित टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया है। फेसबुक पर पोस्ट वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। युवक की पहचान गांव निवासी दानिश मलिक के रूप में बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, युवक पर आरोप है कि उसने अपने फेसबुक अकाउंट से भगवान राम और रावण को लेकर आपत्तिजनक बातें लिखी एक पोस्ट साझा की थी। पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला तेजी से चर्चा में आ गया। स्थानीय लोगों ने पोस्ट पर नाराजगी जताते हुए इसकी जानकारी पुलिस को दी। मामले की जानकारी मिलने पर हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस्लामनगर थाना पुलिस से शिकायत की और पोस्ट की जांच कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सोशल मीडिया पोस्ट की जांच शुरू की। इसके बाद पुलिस टीम ने नूरपुर पिनौनी गांव पहुंचकर युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस का कहना है कि वायरल पोस्ट की सत्यता और उसके संबंध में तथ्यों की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से सोशल मीडिया पर किसी भी आपत्तिजनक या भड़काऊ सामग्री को साझा करने से बचने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

### वांछित अभियुक्त महेश गिरफ्तार ,मुखबिर की सूचना पर पकड़ा, न्यायालय में किया पेश

**जरीफनगर।** थाना जरीफनगर पुलिस ने बुधवार को वांछित अभियुक्त महेश पुत्र मानसिंह निवासी ग्राम जरैठा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ थाना जरीफनगर में मुकदमा दर्ज है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय बदायूं के समक्ष पेश किया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक राजकुमार सिंह, कांस्टेबल संदीप कुमार, गौरव कुमार और कांस्टेबल बीना शामिल रहे।

### सपा की बदायूं नगर कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित

**बदायूं।** समाजवादी पार्टी बदायूं नगर संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने के उद्देश्य से नवघोषित नगर कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। नगर अध्यक्ष अधिवक्ता सफ़ीर उद्दीन ने नई कार्यकारिणी जारी करते हुए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। नई कार्यकारिणी में संजीव कुमार अरोरा को नगर महासचिव, जबकि कृष्ण कुमार राठौर, गुलनाज, मोहम्मद दानियाल निज़ामी, संजीव कुमार सिंह, मोहम्मद फैसल, सैयद फैज़ुल हसन और जीशान फारूकी को नगर उपाध्यक्ष बनाया गया है। प्रशान्त शर्मा को नगर कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा नगर सचिव के पद पर 37 पदाधिकारियों तथा नगर कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पांच सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी ने कार्यकारिणी में समाज के विभिन्न वर्गों के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को स्थान दिया है। नगर अध्यक्ष अधिवक्ता सफ़ीर उद्दीन ने नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि नई कार्यकारिणी पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि 2027 का विधानसभा चुनाव पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है, ऐसे में सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता आपसी समन्वय, अनुशासन और एकजुटता के साथ जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं और अधिकारों की आवाज उठाएंगे। नगर अध्यक्ष ने कहा कि "जनता हमारा परिवार है और जनता के हितों के लिए संघर्ष करना समाजवादी पार्टी का संकल्प है।" उन्होंने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी संगठन को बदायूं नगर में और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# कलह की दरारों में पुलिस ने भरी रिश्तों की मिठास, चार परिवारों में हुआ समझौता

- परिवार परामर्श केंद्र में 65 पारिवारिक विवादों की सुनवाई, 42 मामलों में हुई काउंसलिंग

जागरण मोर्चा कार्यालय


काउंसलिंग करते काउंसलर। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** आपसी कलह और मतभेद के चलते बिखरने की कगार पर पहुंचे परिवारों को एकजुट रखने के लिए बदायूं पुलिस की पहल जारी है। बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केंद्र में पारिवारिक विवादों से संबंधित कुल 65 फाइलें प्रस्तुत की गईं। काउंसलरों ने दोनों पक्षों को धैर्यपूर्वक सुनते हुए विवादों का आपसी सहमति से समाधान कराने का प्रयास किया।

परामर्श केंद्र में काउंसलर गिरधारी सिंह राठौर, भीमसेन सागर, ज्वाला प्रसाद गुप्ता, एसडी शर्मा और शिव स्वरूप गुप्ता के साथ संबंधित पुलिस कर्मचारियों ने मामलों की सुनवाई की। महिला कांस्टेबल राखी, संध्या और स्वाति भी मौजूद रहीं।

कुल 65 मामलों में 42 फाइलों की काउंसलिंग की गई, जबकि चार मामलों में दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया। 14 फाइलें निरस्त की गईं तथा शेष मामलों में अग्रिम तिथि निर्धारित की गई। इस दौरान उपस्थित पक्षों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके निस्तारण पर विचार किया गया। समझौते के बाद परिवारों के चेहरों पर लौटती खुशी ने परामर्श केंद्र की पहल को सार्थक किया। पुलिस की ओर से समझौता करने वाले परिवारों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

# आप यूथ विंग जिलाध्यक्ष जितेंद्र राठौर कांग्रेस में शामिल

- आप से इस्तीफा देकर कांग्रेस की सदस्यता ली, अजीत यादव के अनुरोध पर सांसद राकेश राठौर ने कराया शामिल
- जितेंद्र राठौर के कांग्रेस में शामिल होने की खबर

जागरण मोर्चा कार्यालय


कांग्रेस में शामिल होने के बाद स्वागत करते कांग्रेसी जिला अध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** आम आदमी पार्टी (आप) के यूथ विंग के जिलाध्यक्ष जितेंद्र राठौर ने पार्टी से इस्तीफा देकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। बुधवार को उन्होंने सीतापुर सांसद राकेश राठौर के आवास पर पहुंचकर कांग्रेस में शामिल होने की प्रक्रिया पूरी की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव के अनुरोध पर सांसद राकेश राठौर ने उन्हें पटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई।

जितेंद्र राठौर बदायूं जिले की दातागंज विधानसभा क्षेत्र के ब्रह्मपुर गांव के निवासी हैं। कांग्रेस में शामिल होने के बाद उन्होंने कहा कि वह जननायक राहुल गांधी और सीतापुर सांसद राकेश राठौर से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव के मार्गदर्शन में वह बदायूं जनपद और दातागंज विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के लिए काम करेंगे।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने जितेंद्र राठौर के पार्टी में शामिल होने का स्वागत करते हुए कहा कि उनके आने से कांग्रेस संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही जितेंद्र राठौर को पार्टी संगठन में उचित जिम्मेदारी दी जाएगी। जितेंद्र राठौर के कांग्रेस में शामिल होने को जिले में पार्टी के संगठनात्मक विस्तार के रूप में देखा जा रहा है। इस दौरान कांग्रेस के स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

**मनमानी** ईसापुर नवादा में दबंगों पर जबरन कब्जे और धमकी देने का आरोप, कार्रवाई न होने से बढ़ी नाराजगी

# निजी जमीन पर दिनदहाड़े लेंटर डालने का आरोप, थाने के चक्कर काट रहा पीड़ित परिवार

जागरण मोर्चा कार्यालय


शिकायती पत्र देने जाते पीड़ित। -जागरण मोर्चा

**सहसवान।** ईसापुर नवादा पेट्रोल पंप के पास निजी जमीन पर जबरन कब्जा कर पक्का निर्माण कराने का आरोप लगाते हुए पीड़ित परिवार ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित रमजानी उर्फ बानो पत्नी शमशाद, इरशाद अली, शाने अली, जाने अली और इरफान अली का आरोप है कि उनकी जमीन पर विपक्षी पक्ष के लोग दबंगई के बल पर निर्माण करा रहे हैं।

पीड़ितों के मुताबिक उनकी निजी जमीन गाटा संख्या 10मि./0.240 पर शाहिद, शराफत हुसैन, अशफाक हुसैन, मुन्नी चौधरी, इरशाद अहमद, ताहिर उद्दीन, रिहान उद्दीन, शादान उर्फ छोटी हनी और शादाब ने कथित रूप से कब्जा कर लिया है। आरोप है कि रातों-रात निर्माण सामग्री ईंट, मौरंग और सीमेंट मौके पर पहुंचाई गई और अब दिनदहाड़े लेंटर डालने का काम कराया जा रहा है। परिवार का कहना है कि निर्माण का विरोध करने पर उन्हें धमकियां दी जा रही हैं। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि विपक्षी खुलेआम कहते हैं कि चाहे कुछ भी हो जाए, जमीन पर कब्जा करके ही रहेंगे। इससे परिवार में भय का माहौल है।

पीड़ित परिवार का कहना है कि वह पिछले कई दिनों से कार्रवाई की उम्मीद में सहसवान थाने के चक्कर काट रहा है। प्रार्थना पत्र देने के बावजूद निर्माण कार्य रुकवाने या विवादित जमीन की स्थिति स्पष्ट कराने के लिए प्रभावी कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया गया है।

पीड़ितों ने प्रभारी निरीक्षक सहसवान से जमीन की जांच कराकर कथित अवैध निर्माण तत्काल रुकवाने, जमीन को कब्जामुक्त कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में पुलिस का पक्ष सामने नहीं आया है।

### सट्टे की खाईबाड़ी करते युवक गिरफ्तार तीन मोबाइल और 310 रुपये बरामद

**फैजगंज बेहटा।** पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 310 रुपये बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार, मंगलवार रात मुखबिर की सूचना पर फैजगंज बेहटा पुलिस टीम ने ग्राम ओरछी के पास दबिश दी। यहां अनिल पुत्र मूलचंद निवासी ग्राम ओरछी को तीन मोबाइल फोन से बोल-बोलकर सट्टा लगवाते हुए पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से तीन एंड्रॉयड मोबाइल और 310 रुपये बरामद हुए। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर थाना फैजगंज बेहटा में मुकदमा संख्या 204/2026, धारा 13 जुआ अधिनियम-1867 के तहत दर्ज किया।

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में युवक की मौत

- ततारपुर जाते समय हुआ हादसा, दूसरी बाइक सवार भी गंभीर घायल; परिवार में मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय


मृतक का फाइल फोटो।

**कादरचौक।** थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम करीब पांच बजे दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार और अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेजने के साथ मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


पोस्टमार्टम हाउस पर जानकारी देते परिजन। -जागरण मोर्चा

गांव मामूरगंज निवासी अशोक (28) पुत्र स्वराज मंगलवार शाम बाइक से किसी काम के सिलसिले में पड़ोसी गांव ततारपुर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि वह गांव से निकलकर ततारपुर की ओर बढ़े ही थे कि इसी दौरान उसहैत की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

हादसे में अशोक गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं दूसरी बाइक पर सवार लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए भेजा। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# वजीरगंज थाने की पुलिस पर गंभीर आरोप, सिपाही का ऑडियो वायरल

## 307 की धारा हटवाने के नाम पर रुपये लेने की बात का दावा, 60 हजार लेने के बाद काम न होने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** वजीरगंज थाना क्षेत्र की रहरिया चौकी पर तैनात एक सिपाही का कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। वायरल ऑडियो में एक व्यक्ति से मुकदमे में लगी धारा 307 हटवाने के नाम पर रुपये लिए जाने की बातचीत सामने आने का दावा किया जा रहा है। बातचीत में करीब 60 हजार रुपये लिए जाने के बाद भी संबंधित व्यक्ति का काम न होने की बात कही जा रही है। ऑडियो में सिपाही की ओर से पूरे मामले की जिम्मेदारी दरोगा पर डालने और उससे दोस्ती को लेकर भी टिप्पणी किए जाने का दावा है।




इसी थाने में तैनात है सिपाही मनोज। -जागरण मोर्चा

वायरल ऑडियो को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। हालांकि, जागरण मोर्चा वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है। ऑडियो की वास्तविकता, आवाज किसकी है और बातचीत किस प्रकरण से संबंधित है, इसकी पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।

वायरल हो रहे ऑडियो में कथित रूप से रहरिया चौकी पर तैनात सिपाही मनोज और एक व्यक्ति के बीच बातचीत बताई जा रही है। बातचीत में मुकदमे में लगी धारा 307 को हटाने के संबंध में रकम की चर्चा होने का दावा किया जा रहा है। इसमें करीब 60 हजार रुपये दिए जाने के बावजूद काम नहीं होने की बात सामने आती है। बातचीत के दौरान संबंधित व्यक्ति अपनी नाराजगी जाहिर करता सुनाई देता है।

इसके बाद कथित सिपाही की ओर से मामले में खुद की भूमिका सीमित बताते हुए दरोगा का नाम लिए जाने का दावा है। ऑडियो में सिपाही कथित तौर पर यह कहते हुए सुनाई देता है कि कार्रवाई या मुकदमे से संबंधित निर्णय दरोगा के स्तर से हुआ। इसी दौरान दरोगा से संबंधों को लेकर भी टिप्पणी किए जाने की बात कही जा रही है। वायरल ऑडियो में कथित सिपाही के मुंह से 'दरोगा से दोस्ती करना बेवकूफी' जैसी बात सामने आने का दावा किया जा रहा है।

> ऑडियो की गंभीरता से जांच कराई जा रही है जांच में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस तरह की लापरवाही और भ्रष्टाचार किसी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
>
> -अंशुमान श्रीवास्तव, सीओ बिसौली

ऑडियो वायरल होने के बाद पुलिस विभाग में भी इसकी चर्चा शुरू हो गई है। यदि ऑडियो वास्तविक पाया जाता है तो मामला पुलिस की कार्यप्रणाली और मुकदमों में धाराओं के संबंध में कथित लेनदेन के आरोपों से जुड़ा होने के कारण गंभीर माना जा सकता है। हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि ऑडियो कब रिकॉर्ड किया गया, इसमें बातचीत करने वाले दोनों पक्ष कौन हैं और जिस मुकदमे की चर्चा हो रही है, उसमें वास्तव में धारा 307 हटाने अथवा बदलने की कोई कार्रवाई हुई या नहीं।

पुलिस विभाग की ओर से वायरल ऑडियो के संबंध में आधिकारिक रूप से क्या कार्रवाई की गई है, इसकी जानकारी भी सामने आना बाकी है। ऐसे में ऑडियो में लगाए गए आरोपों को फिलहाल आरोप और कथित बातचीत के तौर पर ही देखा जाना चाहिए। संबंधित सिपाही और दरोगा का पक्ष सामने आने के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

वजीरगंज थाना पुलिस से जुड़े इस कथित ऑडियो ने पुलिस की पारदर्शिता और आम लोगों की शिकायतों के निस्तारण को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। खासकर मुकदमों में धाराओं को लेकर किसी प्रकार के लेनदेन के आरोप सामने आने पर विभागीय स्तर पर निष्पक्ष जांच की जरूरत बढ़ जाती है। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित कर्मचारियों की भूमिका और जिम्मेदारी तय की जा सकती है, जबकि ऑडियो फर्जी अथवा संदर्भ से बाहर पाया जाता है तो उसकी स्थिति भी जांच से स्पष्ट हो सकेगी। जागरण मोर्चा वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है। खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे ऑडियो और उसमें किए जा रहे दावों के आधार पर प्रकाशित की जा रही है। सिपाही मनोज कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ऑडियो फेक है। जांच के बाद ही मामला सामने आएगा। हालांकि सिपाही ने यह भी बताया की 2 साल पहले यह मामला बिनावर थाना क्षेत्र में हुआ था।

# संक्षेप समाचार

### भूसा चोरी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार, मोटरसाइकिल से बनाए तीन पहिया रिक्शा में ले जा रहे थे चोरी का भूसा

**बदायूं।** फैजगंज बेहटा थाना पुलिस ने खेत से भूसा चोरी के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया भूसा और उसे ले जाने में प्रयुक्त मोटरसाइकिल से जोड़ा गया तीन पहिया रिक्शा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 15 सितंबर को ग्राम गुजरेला निवासी सोमपाल ने तहरीर देकर बताया था कि चोर उसके खेत से भूसा चोरी कर ले गए। इस मामले में थाना फैजगंज बेहटा में मुकदमा अपराध संख्या 203/2026, धारा 303 बीएनएस के तहत अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। विवेचना के दौरान पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली। इसके आधार पर ओरछी से चंदौसी की ओर जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी कर वीरपाल पुत्र मनोहर सिंह, परमवीर उर्फ नन्हे पुत्र वीरपाल और अरविंद पुत्र वीरपाल, निवासी हनुमानगढ़ी, थाना चंदौसी, जिला संभल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया। कार्रवाई थानाध्यक्ष कपिल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की।

### तमंचा और कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं।** सिविल लाइंस थाना पुलिस ने संदिग्ध वाहन और व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान रेलवे लाइन की पुलिया के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से 12 बोर का देशी तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान दीपक मिश्रा पुत्र बृजलाल मिश्रा निवासी ग्राम मोहम्मदगंज, थाना कादरचौक के रूप में हुई है। मामले में थाना सिविल लाइंस में मुकदमा अपराध संख्या 326/26, धारा 3/25(1-B)(a) आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया। आपराधिक इतिहास : पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ अलापुर थाने में आर्म्स एक्ट और चोरी से संबंधित तीन मुकदमे पहले से दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक भूप सिंह, कांस्टेबल सुमित कुमार और सुनील कुमार शामिल रहे।

### 75 साल की गौरवशाली विरासत, राधेलाल इंटर कॉलेज में गूंजा सफलता का संदेश




कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री बी एल वर्मा। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** राधेलाल इंटर कॉलेज कछला का 75वां स्थापना दिवस बुधवार को धूमधाम और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। समारोह में विद्यालय के पूर्व छात्र एवं केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने सांसद निधि से निर्मित अध्ययन कक्ष का उद्घाटन किया। वहीं बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने विधायक निधि से बने अध्ययन कक्ष का लोकार्पण किया। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि राधेलाल इंटर कॉलेज की स्थापना वर्ष 1951 में स्वामी दयानंद जी और माता चंदरवती देवी ने की थी। यह विद्यालय कछला और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। यहां से शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थी देश के विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा करते हुए विद्यालय से भावनात्मक जुड़ाव बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। ईमानदारी, मेहनत, लगन और कर्मठता से ही सफलता हासिल की जा सकती है। उन्होंने विद्यालय के विशाल कक्ष के विस्तार की घोषणा भी की। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि विद्यार्थी किसी भी विद्यालय का गौरव होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से विद्यालय की गरिमा और सम्मान बनाए रखने का आह्वान किया। साथ ही विधायक निधि से विद्यालय में सोलर सिस्टम लगवाने की घोषणा की। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने स्थापना दिवस को विद्यालय की परंपराओं और उपलब्धियों को याद करने का अवसर बताया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने सहगामी गतिविधियों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति अध्यक्ष राहुल वैश्य ने की और संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता अनिल कुमार यादव ने किया। इस दौरान निदेशक पशुपालन राजेंद्र प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक लालजी यादव, शारेंदु पाठक, ब्लॉक प्रमुख शिशुपाल सिंह शाक्य, नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश सिंह, प्रबंधक शोभित कुमार वैश्य, प्रधानाचार्य डॉ. शिशुपाल सिंह समेत शिक्षक, कर्मचारी, पूर्व शिक्षक और प्रबंध समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चे बनते हैं सशक्त राष्ट्र की आधारशिला : महेश

**बदायूं।** भारत स्काउट और गाइड संस्था की ओर से स्काउट भवन प्रशिक्षण केंद्र पर एक दिवसीय बिगनर्स कोर्स का आयोजन किया गया। इसमें 95 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान स्काउटिंग आंदोलन के उद्देश्य, दल गठन एवं संचालन, पंजीकरण, नवीनीकरण और बच्चों के प्रगतिशील प्रशिक्षण की जानकारी दी गई। संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश चंद्र सक्सेना ने कहा कि शिक्षकों के श्रेष्ठ मार्गदर्शन में बच्चे सशक्त राष्ट्र की आधारशिला बनते हैं। स्काउटिंग बच्चों की प्रतिभा को निखारने के साथ उनमें अनुशासन, आत्मनिर्भरता, नेतृत्व, सहयोग, जिम्मेदारी और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करती है। सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर बरेली मंडल प्रीति कुमारी ने शिक्षक-शिक्षिकाओं से स्काउटिंग गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने दलों का पंजीकरण और नवीनीकरण कराकर बच्चों को तृतीय सोपान, राज्य पुरस्कार और राष्ट्रपति पुरस्कार तक पहुंचाने तथा सेवा कार्यों से जोड़ने पर जोर दिया।

# पीडीए छात्र जागरूकता अभियान में छात्रों और युवाओं को दिलाई सदस्यता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान और समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे 'समाजवादी पीडीए छात्र जागरूकता एवं सदस्यता अभियान' के तहत बुधवार को 112 विधानसभा क्षेत्र बिसौली में सदस्यता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों और युवाओं ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।



कार्यक्रम में मौजूद सपा नेता व छात्र। -जागरण मोर्चा

समाजवादी छात्र सभा की प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी खुशबू अली ने सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, भारत सरकार सतीश प्रेमी भी कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने छात्रों और युवाओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

सतीश प्रेमी ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर शिक्षा को रोजगार से जोड़ते हुए शिक्षा नीति में व्यापक बदलाव किया जाएगा और शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी बनाने का प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि संतुष्ट छात्र और नौजवान देश व प्रदेश के विकास की मुख्य धुरी हैं।

खुशबू अली ने छात्रों से सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा शिक्षा से जुड़े अपने सुझाव देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इन सुझावों के माध्यम से सरकार बनने पर छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में काम किया जाएगा। जिलाध्यक्ष जाहिद गाजी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सोच और उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाकर अभियान को मजबूत किया जाए।

कार्यक्रम में लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष सोमेश प्रताप सिंह, राजीव यादव, विनोद यादव, विधानसभा अध्यक्ष अंशुल यादव, अरविंद यादव, प्रिंस कुमार भट्ट, आदित्य यादव, विकास पटेल, रविंद यादव, कपिलदेव, कृष्णवीर सिंह यादव, जितेश कुमार पाल, मो. शाकिर आदि मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं पर सीडीओ ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें कृषि, ऊर्जा, पशुपालन, सिंचाई, मत्स्य, नलकूप, गन्ना और उद्यान विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। उप कृषि निदेशक ने किसानों का स्वागत करते हुए फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील की।

किसानों को बताया गया कि रबी सीजन में तिलहन योजना के तहत सरसों तथा दलहन योजना में मटर, मसूर और चना के मिनीकिट 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध हैं। इच्छुक किसान नजदीकी जनसेवा केंद्र के माध्यम से बुकिंग करा सकते हैं। चयन के बाद राजकीय कृषि बीज भंडार से मिनीकिट प्राप्त किए जा सकेंगे।

किसान नरव्रेश सिंह ने करौलिया में बिजली की समस्या उठाई। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि करौलिया पावर हाउस को दुरुस्त कराने का प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है। वहीं शिशुपाल सिंह ने मकानों के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की लाइन हटाने की मांग की। अधिकारियों ने बताया कि सर्वे के बाद स्टीमेट तैयार कराया जाएगा। गन्ना विभाग के ज्येष्ठ निरीक्षक डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने गन्ने की प्रजातियों और सर्वे की जानकारी दी तथा लंबित गन्ना भुगतान जल्द कराने का आश्वासन दिया। किसानों ने पशुओं के टीकाकरण की समस्या भी उठाई। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि गलघोंटू, मुंहपका-खुरपका और एलएचडी/लम्पी बीमारी से बचाव के लिए घर-घर जाकर निशुल्क टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है।

# बुलेट की मांग बनी नवविवाहिता की मौत की वजह

## शराब के नशे में पति करता था मारपीट, प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाकर दी जान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग और पति की कथित प्रताड़ना से परेशान एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना दातागंज थाना क्षेत्र के गांव कोली की है। सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए और पति पर शराब के नशे में मारपीट करने तथा दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



पोस्टमार्टम हाउस पर जानकारी देते परिवार के लोग। -जागरण मोर्चा

दातागंज थाना क्षेत्र के गांव कोली निवासी कुंवरपाल ने अपनी 23 वर्षीय बेटी रोशनी की शादी छह फरवरी 2026 को उसावां थाना क्षेत्र के गांव गूरा बरेला निवासी जितेंद्र पुत्र रूपराम के साथ की थी। परिजनों का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही जितेंद्र शराब पीकर रोशनी के साथ मारपीट करता था। इसके साथ ही दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग को लेकर उसे लगातार परेशान किया जा रहा था।

मायके पक्ष के मुताबिक पति की प्रताड़ना से रोशनी काफी परेशान थी। देर रात उसने घर के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी होते ही ससुराल में अफरातफरी मच गई। सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस को घटना की जानकारी दी।

परिजनों ने पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नवविवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद मायके पक्ष में आक्रोश है।

# यूपीआई पर टैक्स का विचार डिजिटल इंडिया की पीठ में छुरा घोंपने जैसा : नवनीत गुप्ता

- सरकार तत्काल वापस ले कर लगाने का विचार, नहीं तो देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी
- बोले व्यापारी नेता-कैशलेस अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वालों पर अतिरिक्त बोझ डालना उचित नहीं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश (पंजीकृत) के प्रदेश युवा अध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू ने डिजिटल भुगतान माध्यम यूपीआई (UPI) पर किसी भी प्रकार का टैक्स या शुल्क लगाए जाने की चर्चाओं और प्रस्तावों का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने इसे डिजिटल इंडिया और कैशलेस अर्थव्यवस्था की भावना के विपरीत बताते हुए सरकार से तत्काल ऐसा कोई भी प्रस्ताव वापस लेने की मांग की।



नवनीत कुमार शोंटू गुप्ता।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में नवनीत गुप्ता शोंटू ने कहा कि देश के व्यापारियों ने डिजिटल इंडिया और कैशलेस इकोनॉमी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गली-मोहल्लों के छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े व्यापारियों तक ने यूपीआई को सहजता से अपनाया है। आज बड़ी संख्या में कारोबार डिजिटल भुगतान पर निर्भर है। ऐसे में यूपीआई लेनदेन पर टैक्स या शुल्क लगाने का विचार व्यापारियों के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान पर अतिरिक्त शुल्क लगाने से छोटे और मध्यम व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ सकता है। साथ ही आम जनता भी प्रभावित होगी। इससे नकदी लेनदेन को बढ़ावा मिलने की आशंका है, जो डिजिटल भुगतान व्यवस्था को मजबूत करने के प्रयासों के विपरीत होगा। नवनीत गुप्ता शोंटू ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने यूपीआई पर किसी भी प्रकार का कर लगाने का निर्णय लिया तो व्यापारी इसका विरोध करेंगे। जरूरत पड़ने पर उत्तर प्रदेश के लाखों व्यापारी आंदोलन के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। संगठन ने सरकार से मांग की है कि डिजिटल लेनदेन को मुफ्त, सुरक्षित और सहज बनाए रखा जाए तथा छोटे व्यापारियों पर किसी प्रकार का अतिरिक्त आर्थिक बोझ न डाला जाए।

**मदद** विक्रांत यादव ने पीड़ित परिवार को दी 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता

# बागपत हादसे में दो मासूमों को खोने वाले परिवार से मिले भाजपा नेता

- घायलों के इलाज में नहीं आने दी जाएगी कोई कमी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सहसवान।** बागपत में हुए भीषण सड़क हादसे में दो मासूम बच्चों को खोने वाले परिवार से बुधवार को वरिष्ठ भाजपा नेता विक्रांत यादव ने मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने पीड़ित परिवार को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।



पीड़ित परिवार के साथ भाजपा नेता विक्रांत यादव। -जागरण मोर्चा

बताया गया कि सराय मुड़िया खागी गांव निवासी भारत सिंह के परिवार के लोग दो सितंबर को पिकअप संख्या UP-24 AT-1819 से राजस्थान स्थित गोगामेड़ी बागड़ धाम के दर्शन के लिए गए थे। पिकअप में उझानी क्षेत्र के अल्लापुर चमारी, सराय मुड़िया खागी, निजामपुर समेत कई गांवों के करीब 35 श्रद्धालु सवार थे।

वापसी के दौरान सात सितंबर की देर रात बागपत में बड़ागांव कट के पास हादसा हो गया। बताया गया कि गलत कट से उतरने के बाद पिकअप चालक यू-टर्न ले रहा था, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने पिकअप में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पिकअप डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में 13 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी, जबकि 23 लोग घायल हुए थे।

हादसे में भारत सिंह के सात वर्षीय पोते और चार वर्षीय पोती की भी दर्दनाक मौत हो गई थी। उनके पुत्र और पुत्रवधू गंभीर रूप से घायल हैं और बरेली के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। बुधवार को विक्रांत यादव पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में वह और पूरी भारतीय जनता पार्टी परिवार के साथ खड़ी है। घायलों के इलाज में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और जरूरत पड़ने पर हरसंभव सहयोग किया जाएगा।

## थाना परिसर के पोल से घरों तक खींची केबल, बिजली चोरी पकड़ी

**बदायूं।** बिजली चोरी और बकाया वसूली के खिलाफ विद्युत विभाग के अभियान में बुधवार को कुवरगांव थाना परिसर के पीछे दो मकानों में बिजली के अनधिकृत इस्तेमाल का मामला सामने आया। विभागीय टीम ने पोल से सीधे केबल डालकर बिजली का उपयोग करते पकड़े जाने पर मकानों में लगे केबल और मीटर कब्जे में ले लिए। मामले में मंजू देवी और उनके पति प्रेम कुमार तोमर पुत्र बहोरन लाल के खिलाफ विद्युत चोरी संबंधी कार्रवाई शुरू की गई है। विद्युत विभाग की टीम ने कस्बे में करीब 80 कनेक्शनों की जांच की। जांच के दौरान थाना परिसर के पीछे एक ही मालिक के दो मकानों में पोल से केबल के जरिए बिजली का इस्तेमाल होता मिला। विभाग के अनुसार, एक मकान किराये पर भी दिया गया है, जहां चोरी की बिजली इस्तेमाल किए जाने की जानकारी मिली है।

# सेवा ही संकल्प अभियान से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुंचाने का संकल्प

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** दमयन्ती राज आनन्द राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में बुधवार को 'सेवा ही संकल्प' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर आयोजित यह विशेष अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ ही पिछले वर्षों में हुए विकास कार्यों की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है।




कार्यक्रम में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सपना भारती ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्ययोजना के तहत 'आशीर्वाद' और 'सेवा संकल्प' कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को 'सेवा संकल्प शपथ' दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस छात्रा इकाई की प्रभारी डॉ. मंजूषा ने किया।

एनएसएस छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मदन मोहन वार्ष्णेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन और उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों से जुड़ी उपलब्धियों की जानकारी छात्र-छात्राओं के साथ साझा की। उन्होंने सेवा, जनभागीदारी और समाज के प्रति जिम्मेदारी के विषय में भी विद्यार्थियों को जागरूक किया।

अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. पारुल रस्तोगी ने विकसित और विकासशील देशों के बीच अंतर को स्पष्ट करते हुए विद्यार्थियों को देश के विकास में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ, कर्मचारीगण तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाएं मौजूद रहीं।

# काकुत्स्थ समाज की प्रतिभाओं को किया सम्मानित

## मेधावियों को निखारने वाले भी हुए सम्मानित, काकुत्स्थ भूषण सम्मान से प्रतिभाओं को नवाजा

जागरण मोर्चा कार्यालय



शाहजहांपुर गांधी हाल में सम्मान समारोह में सम्मिलित प्रतिभागी।



-जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** गांधी भवन में मंगलवार को काकुत्स्थ जन कल्याण समिति के तत्वावधान में काकुत्स्थ विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के शिक्षकों, मेधावी विद्यार्थियों और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। निगोही से आए सत्यपाल एडवोकेट ने संस्था को 51 हजार रुपये का चेक भी प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश खन्ना निर्धारित समय पर नहीं पहुंच सके। उनकी ओर से वीडियो संदेश प्रदर्शित किया गया। इसके बाद उनकी अनुपस्थिति में उनके भतीजे चंद्रशेखर खन्ना धीरू मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में पहुंचे। उनके पहुंचने के बाद विधिवत कार्यक्रम शुरू हुआ। संरक्षक रामकुमार बखिया ने काकुत्स्थ वंशावली पर प्रकाश डालते हुए समाज के इतिहास की जानकारी दी। विशिष्ट वक्ता सतीश सक्सेना ने समाज की एकजुटता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज की मजबूत जमात होगी, तभी उसकी आवाज प्रभावी होगी। राजनीतिक रूप से भी समाज को सशक्त होना होगा। एकजुटता से ही समाज को उचित भागीदारी और सम्मान मिल सकेगा। कार्यक्रम में संजीव सक्सेना, भगवान दास, सत्यपाल एडवोकेट, रामऔतार, प्रेम शंकर, राजेश बाबू, पुष्पेंद्र और मनोज ने भी विचार रखे।

**विशिष्ट प्रतिभाओं को मिला काकुत्स्थ भूषण सम्मान :** साहित्य एवं रंगमंच के क्षेत्र में महेश सक्सेना, ओसीएफ रामलीला में श्रीराम की भूमिका निभाने वाले रोहित सक्सेना हिंदू, लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले सतीश सक्सेना, समाजसेवा में कुंवर सिंह व चंद्रेश बाबू, विधि क्षेत्र में विशन पाल सक्सेना, खेल में पृथक सक्सेना, शिक्षा में मास्टर प्यारेलाल और राजनीतिक क्षेत्र में संजीव सक्सेना को काकुत्स्थ भूषण सम्मान दिया गया। इसके अलावा कर्मयज्ञ संस्था के सचिव राजकुमार सक्सेना, पार्षद प्रदीप सक्सेना, अवधेश, रमाशंकर, डा. अभिनव, मुकेश सक्सेना, सत्यपाल, माया रानी, नरेश सभासद बिल्लू, ऋषिपाल सक्सेना, शिवओम, पूर्व सभासद कुसुमलता, मीरा, चित्रा सक्सेना और दीपक एडवोकेट को भी सम्मानित किया गया। पार्षद लालू पुजारी का नाम पुकारे जाने के बाद भी वह समारोह में नजर नहीं आए। समारोह में समाज के शिक्षक-शिक्षिकाओं और मेधावी विद्यार्थियों को पटका, मेडल व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों का सम्मान अलग-अलग चरणों में किया गया। इस दौरान राकेश अकादमी, नामदेव विद्यालय तथा शिशु एवं नारी विद्यालय लाला तेली बजरिया के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नामदेव विद्यालय की लघु नाटिका को दर्शकों ने खूब सराहा। बालिका इरा अग्निहोत्री के नृत्य और लव सक्सेना के भाषण ने भी प्रभावित किया। मुख्य अतिथि चंद्रशेखर खन्ना धीरू ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों को आगे बढ़ने और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम संयोजक एवं जिलाध्यक्ष विक्रांत बखिया ने अतिथियों और समाज के लोगों का स्वागत किया। समारोह में पार्षद जगदीश कुशवाहा, नेहा सक्सेना, सुशील सक्सेना, घासी राम, डा. राकेश सक्सेना, बनवारी सक्सेना, कामता प्रसाद, राम नारायण सक्सेना, रामकुमार सक्सेना, डा. जितेंद्र सक्सेना, आनंद प्रकाश सक्सेना, सुरेंद्र पाल सक्सेना, कुंवर सिंह, मुकेश सक्सेना, अनुज सक्सेना, अमर सक्सेना, डीके सक्सेना, हरीश सक्सेना, रिंकू सक्सेना और अजय सक्सेना आदि मौजूद रहे। समापन पर भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# छह घंटे छात्र आंदोलन के बाद मानी फीस संबंधी मांग

- विश्वविद्यालय के गेटों पर ताला बंदी की
- साल में दो बार सेमेस्टर के अनुसार जमा होगी फीस

जागरण मोर्चा कार्यालय



एसएस महाविद्यालय में तालाबंदी कर प्रदर्शन करते छात्र। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में एक साथ पूरे वर्ष की फीस जमा कराने के विरोध में शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने छात्र हुंकार आंदोलन किया। कार्यकर्ताओं ने आवास विकास कॉलोनी से विश्वविद्यालय तक पैदल मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। इसके बाद विश्वविद्यालय के सभी गेटों पर ताला डाल दिया। करीब छह घंटे चले आंदोलन के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों की मांग मान ली। अब साल में दो बार सेमेस्टर के अनुसार फीस जमा की जाएगी। एबीवीपी कार्यकर्ताओं का कहना था कि विश्वविद्यालय प्रशासन को पहले ही ज्ञापन देकर सेमेस्टर के अनुसार फीस जमा कराने की मांग की गई थी। इसके लिए सात दिन का समय भी दिया गया था, लेकिन निर्धारित अवधि में मांग पर कोई निर्णय नहीं हुआ। इसके बाद शनिवार को कार्यकर्ताओं ने आंदोलन शुरू कर दिया। जिला संगठन मंत्री संदीप सागर ने कहा कि गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के विद्यार्थियों के लिए एक साथ पूरे साल की फीस जमा करना आर्थिक बोझ है। एबीवीपी ने छात्रों की समस्या को लेकर पहले ही विश्वविद्यालय प्रशासन को अवगत कराया था। उन्होंने कहा कि आंदोलन के बाद प्रशासन ने मांग स्वीकार कर ली है। महानगर मंत्री आयुष श्रीवास्तव ने कहा कि विश्वविद्यालय में सेमेस्टर प्रणाली के अनुसार साल में दो बार फीस लिए जाने की मांग लंबे समय से थी। एक साथ पूरी फीस लेने से विद्यार्थियों पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा था। उन्होंने कहा कि अब छात्र पूर्व की तरह सेमेस्टर के अनुसार फीस जमा कर सकेंगे। आंदोलन में प्रांत सह मंत्री संजय गुप्ता, प्रांत सह एसएफडी संयोजक आयुष्मान चौहान, विभाग संयोजक योगेंद्र मिश्रा, जिला संयोजक जितेंद्र पाल, जिला एसएफडी संयोजक वैभव सक्सेना, जिला छात्रा प्रमुख सौम्या गुप्ता, सह मंत्री रीवा वर्मा, अंशी, महानगर सह मंत्री करन सिंह, आशुतोष मिश्रा, अभिनेंद्र त्रिपाठी, आयुष शुक्ला, सत्यम, निलेश कुमार, अमित कुमार, बाबू टाटा, सुजल गुप्ता, आर्यन श्रीवास्तव, कृष्णा, दिव्यांश अग्रवाल, कर्तव्य गुप्ता, अनुज आदि मौजूद रहे।

# पिता की आंखों के सामने हाईटेंशन लाइन से झुलसा 12वीं का छात्र, मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पुवायां शाहजहांपुर।** पिता के साथ मजदूरी करने आए 12वीं के छात्र की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा मंगलवार शाम पुवायां थाना क्षेत्र के लखनापुर गांव में हुआ। युवक मिक्सर मशीन पर चढ़कर काम कर रहा था, तभी ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने से वह झुलसकर नीचे गिर पड़ा। पिता बेटे को अपनी आंखों के सामने तड़पता देख बाइक से पुवायां सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सिंधौली थाना क्षेत्र के सिसैया गांव निवासी मानवेंद्र (18) मंगलवार सुबह अपने पिता भानू प्रताप के साथ लखनापुर गांव मजदूरी करने आया था। यहां लिंटर डालने का काम चल रहा था। मसाला तैयार करने के लिए मिक्सर मशीन लगाई गई थी। किसी काम से मानवेंद्र मशीन पर चढ़ा, तभी वह ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगते ही वह झुलसकर जमीन पर जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पिता भानू प्रताप आनन-फानन बेटे को बाइक से पुवायां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मानवेंद्र 12वीं कक्षा में पढ़ता था और पढ़ाई के साथ पिता का हाथ बंटाने के लिए मजदूरी करता था। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां सुशीला देवी, पिता भानू प्रताप और छोटे भाई अनितेष का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि जिस मिक्सर मशीन पर हादसा हुआ, वह सिसैया गांव निवासी रजनीश की थी। रजनीश इसे चार दिन पहले ही खरीदकर लाए थे।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया, 14 सितंबर को दर्ज हुआ था मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय





पुलिस कस्टडी में दुष्कर्म का आरोपी। -जागरण मोर्चा

**तिलहर शाहजहांपुर।** घर में घुसकर किशोरी को जबरन कमरे में ले जाने और दुष्कर्म करने के आरोप में वांछित युवक को तिलहर पुलिस ने बुधवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे गुरुनानक सेवा अस्पताल के पास से सुबह 7:10 बजे गिरफ्तार किया। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद आरोपित को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, 14 सितंबर को पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर खानपुर गांव निवासी आकाश सिंह (23) पर घर में घुसकर किशोरी को जबरन कमरे में ले जाने और दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 494/26 दर्ज किया था। मामले में बीएनएस की धारा 64(1), 333, 351(3) और पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एसपी के निर्देश पर वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत तिलहर पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने गुरुनानक सेवा अस्पताल के पास घेराबंदी कर आकाश सिंह को पकड़ लिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद्र, उपनिरीक्षक सुनील कुमार यादव, कांस्टेबल विशाल कुमार और विनय कुमार शामिल रहे।

# शाहबाद में मासूमों की जिंदगी से खिलवाड़: क्षमता से अधिक स्कूली बच्चे बैठाकर दौड़ रहे ई-रिक्शा

जागरण मोर्चा कार्यालय



ई रिक्शा में पीछे खड़े सफर करते स्कूली बच्चे। -जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** कोतवाली क्षेत्र में चंद रुपयों के लालच में ई-रिक्शा चालक मासूम बच्चों की जान जोखिम में डालने से बाज नहीं आ रहे हैं। रोजाना स्कूलों की छुट्टी के बाद नगर और ग्रामीण में जाने वाले बच्चों को ले जाने के लिए नियमों को ताक पर रखकर ई-रिक्शा दौड़ाए जा रहे हैं। इन रिक्शों में बच्चों को भेड़-बकरियों की तरह ठूस-ठूस कर बैठाया जाता है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। हैरानी की बात यह है कि ई-रिक्शा में क्षमता से अधिक सवारियां होने के बावजूद चालक और बच्चों को बैठा लेते हैं। जगह न होने के कारण छोटे-छोटे स्कूली बच्चे ई-रिक्शा के पीछे बने पायदान पर खड़े होकर या बाहर की तरफ लटककर सफर करने को मजबूर हैं। जरा सा संतुलन बिगड़ने या गड्ढा आने पर बच्चे सीधे सड़क पर गिर सकते हैं, लेकिन बेखौफ चालक नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं। इस मामले को लेकर स्कूली बच्चों के अभिभावक बेहद चिंतित और आक्रोशित हैं। अभिभावकों का कहना है कि वे मजबूरन वैन या ऑटो का खर्च बचाने के लिए ई-रिक्शा का सहारा लेते हैं, लेकिन चालक इसका गलत फायदा उठा रहे हैं। परेशान अभिभावकों ने पुलिस और स्थानीय यातायात प्रशासन से इस लापरवाही के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की है।

## संक्षेप समाचार

### 15 स्कूली बच्चों को ले जा रहा ओवरलोड ई-रिक्शा पकड़ा, सख्त कार्रवाई

**शाहबाद।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले वाहनों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कदम उठाया है। शाहबाद में चेकिंग के दौरान 15 स्कूली बच्चों से ठसाठस भरा एक ई-रिक्शा पकड़ा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीओ देवकीनंदन ने तुरंत ई-रिक्शा में लगा अतिरिक्त स्टैंड हटवाया। इसके साथ ही खतरनाक तरीके से ओवरलोडिंग करने पर चालक के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस ने चेतावनी दी है कि बच्चों की जान जोखिम में डालने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### रामगंगा में डूबे बालक का चार किमी दूर शव बरामद, एनडीआरएफ ने चलाया सर्च ऑपरेशन



सर्च अभियान में जुटे एनडीआरएफ टीम के जवान।

**शाहजहांपुर।** गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र के रपड़िया नवादा गांव निवासी 14 वर्षीय विकास पुत्र ओमपाल का शव बुधवार को एनडीआरएफ टीम ने रामगंगा नदी से बरामद कर लिया। बालक मंगलवार को नदी में डूब गया था। सूचना मिलने पर जिला प्रशासन ने रात में एनडीआरएफ को तलाश के लिए सूचना दी थी। हनुमत धाम में मानसून प्री-पोजिशनिंग के तहत तैनात आठवीं वाहिनी एनडीआरएफ, गाजियाबाद की टीम बुधवार सुबह इंस्पेक्टर शिवकली धुर्वे के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने नदी में संभावित स्थानों पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया। नदी की गहराई और तेज बहाव के बीच गोताखोरों ने कई घंटे तक तलाश की। लगातार प्रयास के दौरान घटनास्थल से करीब चार किलोमीटर दूर नदी में बालक का शव मिल गया। एनडीआरएफ टीम ने शव को बाहर निकालकर आवश्यक कार्रवाई के बाद सिविल पुलिस के सुपुर्द कर दिया। अभियान में इंस्पेक्टर शिवकली धुर्वे, सब इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह, एएसआई धर्मेंद्र सिंह समेत 27 एनडीआरएफ जवान शामिल रहे।

### गौशाला में अव्यवस्था पर डीएम का पारा चढ़ा, ग्राम सचिव को निलंबित करने के निर्देश



गौशाला के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** विकासखंड ददरौल के निजामपुर गोटिया स्थित गौशाला में मंगलवार को निरीक्षण के दौरान अव्यवस्थाएं मिलने पर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह का पारा चढ़ गया। गौवंश के रखरखाव, चारा-पानी और साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिली। इस पर डीएम ने संबंधित ग्राम सचिव को निलंबित करने के निर्देश दिए। वहीं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (सीवीओ) को कड़ी फटकार लगाते हुए व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। डीएम ने गौशाला में संरक्षित गौवंश की संख्या, उनके स्वास्थ्य, चारे-भूसे की उपलब्धता, पेयजल और साफ-सफाई का जायजा लिया। मौके पर उपलब्ध चारा और भूसा भी देखा। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं में कमियां मिलने पर उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों के प्रति नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि गौवंश के लिए पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, भूसा और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। बीमार और कमजोर पशुओं को चिह्नित कर उनका तत्काल उपचार कराया जाए। साथ ही गौशाला परिसर में नियमित रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। डीएम ने कहा कि गौशालाओं में गौवंश की देखभाल में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक गौवंश को सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण मिलना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को गौशालाओं की नियमित समीक्षा और निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में भी यदि व्यवस्थाओं में लापरवाही मिली तो संबंधित की जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### जीएफ कॉलेज में चला सपा छात्र सभा का सदस्यता अभियान, छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन ग्रहण की सदस्यता

**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के छात्र-नौजवान PDA जागरूकता एवं सदस्यता अभियान के तहत बुधवार को गांधी फैज-ए-आम महाविद्यालय में सदस्यता कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन माध्यम से समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यकर्ताओं ने छात्रों को 'स्वाभिमान PDA पोर्टल' के माध्यम से ऑनलाइन सदस्यता दिलाई। इस दौरान छात्र-छात्राओं से पार्टी की नीतियों और PDA जागरूकता अभियान को लेकर संवाद भी किया गया। छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा के निर्देश पर चल रहा यह सदस्यता अभियान 15 से 22 सितंबर तक जारी रहेगा। कार्यक्रम में विपेन्द्र यादव, चौधरी सौमित्र यादव, सुबहान खान, कॉलेज इकाई अध्यक्ष सैय्यद अमान, मोहम्मद शाहनवाज, रेहान खान, अमन गुर्जर, अंश गुप्ता, आर्यन, मोहम्मद फराज, अनस, सुशांत मिश्रा और अमन शुक्ला समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**गुहार** जरावन और वलीपुर में अधूरे नालों के कारण बस्तियों में पानी भरने का मामला अब जिलाधिकारी तक पहुंचा

# डीएम से नालों का निर्माण पूरा कराने और सड़क बनवाने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



डीएम को संबोधित ज्ञापन देते नीरज मिश्रा। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** बारिश होते ही कांट क्षेत्र में जलभराव की समस्या ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। जरावन और वलीपुर में अधूरे नालों के कारण बस्तियों में पानी भरने का मामला अब जिलाधिकारी तक पहुंचा है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व जिला योजना समिति सदस्य नीरज मिश्रा ने डीएम को पत्र भेजकर लोक निर्माण विभाग से नालों का निर्माण पूरा कराने और सड़क संबंधी कार्य कराने की मांग की है। नीरज मिश्रा ने बताया कि शाहजहांपुर-जलालाबाद-परशुरामपुरी मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान जरावन में सुनील के प्लाट से तालाब तक तथा वलीपुर में भूरे यादव के प्लाट से टिनिया के घर तक नाला नहीं बनाया गया। इसके चलते बारिश का पानी बस्ती में भर जाता है। वलीपुर में नाले की निकासी बस्ती की ओर होने से प्राथमिक विद्यालय और ग्रामीणों के घर भी जलभराव की चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने दोनों गांवों में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था कराने के साथ ही आबादी क्षेत्र में सड़क किनारे छूटे स्थानों पर स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की है। इसी तरह कांट-महमदपुर आजमाबाद मार्ग के चौड़ीकरण को छैल बिहारी के घर से भोजवाल बस्ती तक करीब 416 मीटर आगे बढ़ाने की मांग की गई है। नीरज मिश्रा के अनुसार यह मार्ग वर्ष 2012 में जिला पंचायत से उनके प्रस्ताव पर बनवाया गया था, लेकिन अब जर्जर हो चुका है। जलभराव के कारण इस पर आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से पीडब्ल्यूडी को आवश्यक निर्देश देकर दोनों स्थानों पर नाले और सड़क का निर्माण कराने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को जलभराव और आवागमन की समस्या से राहत मिल सके।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दंपति ज़ख्मी, महिला की हालत गंभीर

**शाहबाद।** बुधवार को शाहबाद-बिलारी स्टेट हाइवे स्थित मंगोली गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी, हादसे में बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से ज़ख्मी हो गए। जिनको उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से डॉक्टरों ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद के भीतरगांव निवासी नासिर अपनी पत्नी गुलशन के साथ बाइक पर सवार होकर शाहबाद आ रहे थे, जैसे ही नासिर अपनी बाइक से मंगोली के पास पहुंचे, तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक नासिर और उनकी पत्नी गुलशन गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# पेट्रोल में मिलावट के खिलाफ व्यापारियों ने ज्ञापन सौंपा, सभी पंपों की जांच की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देने जाते व्यापारी। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** पेट्रोल में मिलावट की शिकायतों को लेकर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर मिलने वाले ईंधन की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की। व्यापारियों ने कहा कि पेट्रोल में मिलावट की शिकायतों के कारण वाहन स्वामियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। मिलावटी ईंधन से वाहनों के इंजन को नुकसान पहुंचने की आशंका रहती है। उन्होंने पेट्रोल पंपों पर ईंधन की गुणवत्ता की नियमित जांच कराने और मानक के विपरीत ईंधन मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसके साथ ही व्यापारियों ने खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ भी प्रभावी कार्रवाई की मांग उठाई। उनका कहना था कि मिलावटी खाद्य पदार्थ लोगों के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं। इसलिए संबंधित विभागों को नियमित अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों के नमूने लेने और जांच कराने की जरूरत है। व्यापारियों ने कहा कि पेट्रोल पंपों और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच को केवल विशेष अभियानों तक सीमित न रखकर नियमित प्रक्रिया बनाया जाए। ज्ञापन देने के दौरान उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारी और व्यापारी मौजूद रहे।






## एक नजर

### संघ की मंडल कार्यकारिणी में मंडल उपाध्यक्ष चुने गए दीपक कपूर

**चंदौसी।** उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ की मण्डल कार्यकारणी की बैठक 13 सितंबर को संपन्न हुई थी जिसमें सर्वसम्मति से दीपक कपूर संग्रह अमीन को मण्डल उपाध्यक्ष मनोनयन किया गया था। बुधवार को दीपक कपूर के तहसील पहुंचने पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें संग्रह अमीन निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुशील चौधरी, पीताम्बर सिंह, राजू सिंह, सुधीर कुमार सोम, रेवत सिंह, योगेन्द्र कुमार, रामानन्द शर्मा, नरेश कुमार, रघुवीर शर्मा, मो. अतीक, सतीश चन्द दिवाकर, मो. सददीक, संजय कुमार, अनिकेत कुमार, भूप सिंह आदि मौजूद रहे।

# युवा कवियों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां, देर रात तक जमे रहे श्रोता

## गणेश चौथ मेले में हुआ युवा कवि सम्मेलन का आयोजन, तालियों की गूंज के बीच युवा रचनाकारों ने दीं शानदार प्रस्तुतियां

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** मेला गणेश चौथ में श्री गणेश मेला परिषद द्वारा श्री भूपाल रंगमंच पर स्व. नवल किशोर गुप्ता एवं स्व. अजय किशोर गुप्ता की पुण्य स्मृति में युवा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ललित किशोर गुप्ता एवं अभिषेक गुप्ता ने फीता काटकर किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग हिमांशु वार्ष्णेय रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन विकास मिश्रा ने किया, जबकि वरिष्ठ कवि सुखपाल सिंह गौर उपस्थित रहे।

काव्य संध्या में जनपद के युवा कवियों ने अपनी रचनाओं का काव्य पाठ किया। खटीमा से आए कवि शांति राणा ने

*रिद्धि-सिद्धि संग विराजो, हे गणपति भगवान आपके आशीष से मिलें सुख-शांति वरदान।*

*कर्म क्षेत्र में तेरा स्मरण, सच में शुभता आये बप्पा की कृपा से, मेरा हर कार्य सिद्ध हो जाए।*



चंदौसी के गणेश चौथ मेले पर कवियों को सम्मानित करते मेला कमेटी के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

अभिराम जे. डी.सिंह ने

*हमको यदि अपनी संस्कृति पर गर्वित अभिमान नहीं होगा तो सम्पूर्ण विश्व के नक्शे में ये हिंदुस्तान नहीं होगा।*

विकास कुमार मिश्रा ने

*चलो लखन अब पथ खोजो, मैंने प्रतिज्ञा करली है। लड़ना पड़े काल से अब, तूणीर तीरों से भरली है*

*मद कुचलने को उसका, हर बाण हमारा बोलेगा कुल सहित नाश करूं उसका, जिसने सीता हर ली है।*

ब्रिजेश शर्मा ने मनराज श्याम ने

*यूं कहा दिन वो थे ही नहीं तेरे बिन जो जिए हम जिए ही नही।*

शिखा राम रावत ने

*बाती की तरह खुद में सुलगती रही दीप बन के मेरा साथ दे ना सके।*

*धूप खुशबू सी फैली रही मैं यहां,*

*वायु बन के मुझ में समा ना सके।*

अमित यादव श्याम ने

*राम कृपा ते नर तन पायो, मिलती दया सदैव नही है।हरि के प्यारे वे जन होते, जिनके दिल में फरेब नही है*

*अग जग याद उन्ही को करता, जिनके मन मे ऐ नही है।क्या ले जायेगा इस जग से, कफन में तेरे जेब नही है।*

अमरजीत सिंह एजे ने

*बचपन खो गया जाने, किन फिजाओं में*

*अब नहीं वो मौज वो मस्ती हवाओं में जिस जवानी का इंतजार था मुझे वो ढूँढती है बचपन अब सब दिशाओं में*

*अब नहीं वो मौज बचपन के खेलों में आनंद था कितना जब मैले मेरे कपड़े नहीं थी चप्पल पाँव में*

*अब नहीं वो मौज अब गर्म हुई मेरी शाम और गर्म सवेरा है नहीं रही वो शीतलता, अब पीपल की छाँव में अब नहीं वो मौज।*

अपनी रचनाओं का काव्य पाठ कर इस काव्य संध्या में युवा कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को काव्य रस, हास्य-व्यंग्य एवं ओजस्वी विचारों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कवियों की प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया और देर रात तक भूपाल रंगमंच काव्य की गूंज से सराबोर रहा।इस अवसर पर श्री गणेश मेला परिषद के मुख्य सचिव हरि गोपाल वार्ष्णेय, ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविंद्र कुमार 'रूपी', मनोज गुप्ता, डॉ. राजीव गुप्ता, विनय सर्राफ, एड. लोकेंद्र शर्मा, प्रजीत कुमार 'लालू', शशिकांत गुप्ता, सतेन्द्र मामा, मुकेश वार्ष्णेय, प्रभात कृष्णा, प्रफुल्ल कुमार, राहुल चौधरी, संजय गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, डॉ. शेखर वार्ष्णेय, सुशांत गुप्ता, शुभम अग्रवाल, हाजी इशत्याग बेग, मो. फईमउद्दीन, आशुतोष वार्ष्णेय, धर्मेश, प्रमोद गुरु, आकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान श्री गणेश मेला परिषद के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 45 दुकानों की जांच, 10 पर कार्रवाई

**चंदौसी।** विधिक माप विज्ञान अधिकारी शीवा कादरी ने रजपुरा क्षेत्र में असत्यापित तौल उपकरणों के खिलाफ कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान खाद्य एवं मिठाई विक्रेताओं, किराना दुकानदारों सहित 45 प्रतिष्ठानों की जांच की गई। जांच में अनियमितता पाए जाने पर 10 दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की गई। घटतौली के मामले में आटा चक्की और स्क्रैप क्रेता का चालान किया गया। विधिक माप विज्ञान अधिकारी शीवा कादरी ने बताया कि दुकानों पर तौल एवं माप उपकरणों की जांच लगातार जारी रहेगी। घटतौली, प्रिंट रेट से अधिक मूल्य पर सामान बेचने अथवा असत्यापित तौल-माप उपकरणों का प्रयोग करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने व्यापारियों से नियमों का पालन करने की अपील की।

# फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** गणेश चतुर्थी मेले में श्री भूपाल रंगमंच पर मंगलवार की रात फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था देर रात परिणाम आने पर विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने विभिन्न आकर्षक वेशभूषाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए, जिसमें प्रथम पुरस्कार मिहारिका वार्ष्णेय, द्वितीय पुरस्कार मिश्का अग्रवाल, तृतीय पुरस्कार पंक्ति अग्रवाल, चतुर्थ पुरस्कार अनन्या चंद्रा तथा पंचम पुरस्कार वान्या दीक्षित ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले शेष 35 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। श्री वार्ष्णेय सेवा समिति के पदाधिकारियों विपिन वार्ष्णेय बालाजी, रामकिशोर वार्ष्णेय, मधुर कुमार वार्ष्णेय, मुनीश बाबू वार्ष्णेय, दीपक वार्ष्णेय, झपेश कुमार, दिव्यांशु नारायण आदि ने विजेता एवं प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए।



चंदौसी के गणेश चौथ मेले पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी। -जागरण मोर्चा



चंदौसी के गणेश चौथ मेले का दृश्य। -जागरण मोर्चा

## गणेश मेले में जलपरी को अधिक पसंद कर रहे लोग

**चंदौसी।** गणेश चतुर्थी मेला अब अपने शबाब पर आने लगा है मेला देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है लोग मेले में पहुंच दुकानों से जमकर खरीदारी कर खान-पान की स्टालों पर जायका लेने पहुंच रहे हैं लोग जलपरी के कार्यक्रम को सबसे ज्यादा पसंद कर रहे हैं। 12 सितंबर को गणेश चतुर्थी मेला आरंभ हुआ था 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी पर भगवान गजानन की विशाल रथ यात्रा निकाली गई थी अब गणेश मेला अपने शबाब पर पहुंच रहा है रात 8 बजाते ही लोगों की भीड़ मेले में पहुंच रही है जिसमें महिलाएं बाय युक्तियां श्रृंगार व घरेलू सामान खरीद रही है तो बच्चे अपने पसंद के खिलौने स्टालों पर पहुंच खरीद रहे हैं मेले में खानपान के अनेक स्टाल लगे हैं इन स्टालों पर लोगों की भीड़ पहुंच रही है मेले में आए जलपरी कार्यक्रम में लोग अत्यधिक पहुंच रहे हैं जिससे लगता है कि यह कार्यक्रम लोगों को अधिक पसंद आ रहा है कार्यक्रम में तीन से चार युक्तियां जलपरी के भेष में नजर आती है इसके अलावा मेले में झूलो का आनंद भी लोग ले रहे हैं मेले में काफी लोग पहुंचने पर दुकानदारों के चेहरे भी खिले नजर आ रहे हैं वहीं सुरक्षा की दृष्टि से मेले में पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात है।

## गेट संख्या 39 सी तीन दिन के लिए बंद

**चंदौसी।** गांव मऊ अस्सू - पंवासा की ओर जाने वाला रेलवे फाटक 39 सी तीन दिन के लिए बंद कर दिया गया है। आसपास के गांव मऊ अस्सू, कासमपुर जगरू, देवापुर, काजी बेहटा, नगलिया बल्लू, नगला खाकम, अहमद नगर थैरसा और पंवासा के ग्रामीणों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

रेलवे के अनुसार रेलवे फाटक 39 सी पर रेलवे ट्रैक पर कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण यह फाटक 16 सितंवर की सुबह 8 बजे से 18 सितंबर की शाम 7 बजे तक बंद रहेगा। इस दौरान छोटे वाहनों के लिए गेट नंबर 37 मौलागढ़ बाईपास, गेट नंबर 38 अलीमगंज रोड गेट नंबर 40 सी से जा सकते हैं।

# ट्रेन में मिले बच्चे को जीआरपी ने परिजनों के सुपुर्द किया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** थाना जीआरपी पुलिस द्वारा पूर्णागिरि एक्सप्रेस में नाबालिक बच्चा मिला जीआरपी ने बच्चे के माध्यम से उसके परिजनों का पता लगाया इसके बाद बच्चे को परिएजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

थाना जीआरपी को कंट्रोल रूम कार्यालय द्वारा सूचना दी गई कि पूर्णागिरि एक्सप्रेस में नाबालिक बच्चा सवार है जीआरपी बताना प्रभारी अब्दुल बासित मलिक ने प्लेटफार्म नं. 1 पर तैनात हेड कांस्टेबल गुरदेव सिंह को जानकारी दी ट्रेन की पहुंचने पर हेड कांस्टेबल को एक बोगी में 7 वर्षीय बच्चा उदास बैठा व रोता मिला। हेड कांस्टेबल द्वारा बच्चे को थाना जीआरपी के बाल शिशु ग्रह में बैठाकर जलपान कराकर व सात्वना देकर बच्चे से नाम पता पूछा तो बच्चे ने अपना नाम रमजानी पुत्र सोनू निवासी ततारपुर काशीराम कालोनी कासगंज जनपद कासगंज उम्र करीब 7 वर्ष बताया। बच्चे के बताये अनुसार सी-प्लान एप के माध्यम से सम्पर्क कर फोटो साझा कर बच्चे की पुष्टि की गयी इसके बाद बच्चे के परिजनों से सम्पर्क किया गया तो जानकारी मिली की बच्चा अपनी मौसी शहनाज पत्नी आस मौहम्मद निवासी ततारपुर कालोनी थाना कोतवाली नगर जनपद कासगंज के साथ रहता है दूरभाष नम्बर पर सम्पर्क कर नाबालिक की मौसी शहनाज को अवगत कराकर थाना जीआरपी पर बुलाया गया। इसके बाद बच्चे को मौसी के सुपुर्द कर दिया गया।

## विनोद साहनी के हत्यारों की गिरफ्तार की मांग

**चंदौसी।** अखिल भारतीय कश्यप, निषाद, तुरैहा समाज के पदाधिकारियों ने बुधवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी को सौंपा। ज्ञापन में गोंडा निवासी विनोद साहनी की हत्या के आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। संगठन ने मृतक के परिवार को पांच करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और परिजनों को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग भी की। ज्ञापन देने वालों में सत्यवीर सिंह कश्यप, प्रदेश महासचिव एवं अधिवक्ता वीरेंद्र सिंह कश्यप, रामेश्वर, राम किशोर, कल्याण सिंह, ध्रुव कुमार, पंचू, रवि कुमार, सूरजपाल, सुंदर, देवेश, लालसिंह, भूषण, अनिल कुमार, मनीष कुमार और सुखपाल आदि मौजूद रहे।

# जीआरपी ने दबोचा चोरी का आरोपी, बरामद किए मोबाइल नंबर 13500

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** चलती ट्रैन में सोते समय यात्रियो के साथ एसी कोच में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है जीआरपी ने आरोपी के पास से एक मोबाइल में 13500 रुपए बरामद किए है। पूर्व में थाना जीआरपी में महिला जानकी सुव्याल पत्नी निशन सिंह निवासी ग्राम श्यामपुर प्रेमनगर देहरादून ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी महिला के अनुसार जब लिंक एक्सप्रेस में प्रयागराज से देहरादून की यात्रा कर रही थी तभी उसका पर चोरी हो गया था जिसमें मोबाइल फोन, मगलसूत्र, 5000 रूपय नगद व एटीएम कार्ड पैन कार्ड आधार कार्ड आरसी व डीएल तथा पर्सनल डायरी थी। जीआरपी ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद घटना को लेकर सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण, सर्विलांस की मदद से एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घटना का खुलासा करते हुए कमलेश पुत्र चेतराम निवासी ग्राम पपरिया भुज थाना गजरौला पोस्ट सुहास जिला पीलीभीत को करीब 13.45 बजे गिरफ्तार किया गया पुलिस ने आरोपी के पास से एक मोबाइल व 13500 बरामद किए हैं जिसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। आरोपी के विरुद्ध विभिन्न स्थानों में मुकदमे पंजीकृत हैं।

▶ आरोपी के विरुद्ध विभिन्न थानो में दर्ज है मुकदमे

# युग निर्माण कॉलेज की छात्राएं प्रथम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** बीएमजी इण्टर कॉलेज में जनपद स्तरीय पोस्टर एवं निबन्ध/रोल-प्ले प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के ब्लॉक से चयनित विभिन्न विद्यालयों के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभागिता की। रोल-प्ले प्रतियोगिता में युग निर्माण विद्यापीठ इण्टर कॉलेज, मड़कावली की छात्राओं ने प्रथम स्थान, सरस्वती कन्या इण्टर कॉलेज, बबराला की छात्राओं ने द्वितीय स्थान एवं बीएमजी इण्टर कॉलेज की छात्राओं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सरस्वती क.उ.मा विद्यालय की छात्रा विशाखा ने प्रथम स्थान, एसएम इण्टर कॉलेज के छात्र प्रज्ञानहरि गौतम ने द्वितीय स्थान एवं राजकीय इण्टर कॉलेज, लहरावन की छात्रा संजना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



चंदौसी के बीएमजी इंटर कॉलेज मे रोल-प्ले प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

निबन्ध प्रतियोगिता में जनता इण्टर कॉलेज, जुनावई की छात्रा रश्मि ने प्रथम स्थान, हिन्द इण्टर कॉलेज सम्भल के छात्र रितिक ने द्वितीय स्थान एवं सर्वोदय इण्टर कॉलेज सम्भल के छात्र अमित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्रा प्रयागराज में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगें। जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल में बीना देवी, रिचा वर्मा, शर्मिला तिवारी, श्री अभिषेक गौतम एवं नोडल अधिकारी के रूप में श्रीमती सौम्या वर्मा उपस्थित रही। प्रतियोगिता में विजयी रहे छात्र/छात्राओं को प्रधानाचार्या सीमा सागर द्वारा प्रमाण पत्र तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। उक्त प्रतियोगिता का संचालन शिप्रा शर्मा द्वारा किया गया।

**जागरुकता** | विद्यालय में संपन्न हुई गुड टच एवं बैड टच पर जागरूकता सेमिनार

# बच्चों को अच्छे व बुरे स्पर्श के विषय में दी गई जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** एबीसी किड्ज मांटेसरी स्कूल में बच्चों को सुरक्षित, जागरूक एवं आत्मविश्वासी बनाने के उद्देश्य से गुड टच एवं बैड टच विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। यह सेमिनार कक्षा एलकेजी से कक्षा पांचवीं तक के सभी बच्चों के लिए आयोजित किया गया। इसमें उनकी उम्र के अनुसार सरल एवं सहज भाषा में अच्छे और बुरे स्पर्श की पहचान, व्यक्तिगत सुरक्षा तथा ऐसी परिस्थितियों में क्या करना चाहिए, इसके बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

विद्यालय की संचालिका संगीता भार्गव ने कहा कि बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में सही जानकारी देना आज के समय में बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा केवल माता-पिता की ही नहीं, बल्कि विद्यालय और समाज की भी जिम्मेदारी है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को अपनी सुरक्षा के प्रति सचेत किया जाता है, ताकि वे किसी भी अनुचित व्यवहार को पहचान सकें और बिना डरे अपने माता-पिता, शिक्षक या किसी भरोसेमंद बड़े व्यक्ति को इसकी जानकारी दे सकें। इस अवसर पर अध्यापिका सिल्की साहनी एवं इशिता वार्ष्णेय ने बच्चों को गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि प्यार, स्नेह और देखभाल से किया गया उचित स्पर्श, जैसे सिर पर हाथ फेरना, पीठ पर प्यार से थपकी देना या सुरक्षित तरीके से गले लगाना, अच्छा स्पर्श हो सकता है। वहीं ऐसा स्पर्श जिससे बच्चा असहज, डरा या परेशान महसूस करे अथवा शरीर के निजी अंगों को अनुचित तरीके से छुआ जाए, वह गलत स्पर्श हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने शिक्षिकाओं की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और अपनी सुरक्षा से संबंधित विभिन्न सवालों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाएं भी साझा कीं। सेमिनार का उद्देश्य केवल गुड टच और बैड टच की जानकारी देना ही नहीं, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, जागरूकता और अपनी सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में शालू, काजल, प्रिया, निशा, सरिता, मीनू, रूपाली, संतोष, दीक्षा, लक्षिता, कुमुद, अध्या, दिया, सपना, दीपा, हिमांशी, आरती, अंकिता, शिल्पा, मनप्रीत, सोनल, दीपिका आदि अध्यापिकाओं का विशेष सहयोग रहा।



चंदौसी के एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में बच्चों को जानकारी देती संगीता भार्गव।

## बहजोई पुलिस ने दबोचा 10 हजार रुपए का इनामी

**चंदौसी।** बहजोई पुलिस ने 12 वर्ष से फरार चल रहे 10 हजार रुपए के आरोपी को गिरफ्तार का न्यायालय के समक्ष पेश किया है। थाना बहजोई क्षेत्र के गांव मऊ कठेर निवासी बनवारी पुत्र शेर सिंह पिछले 12 वर्ष से फरार चल रहा था इसकी पुलिस खोजबीन में जुटी थी जिस पर पुलिस अधिकारियों ने 2 वर्ष पूर्व 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था। पुलिस टीम द्वारा आरोपी को बुधवार को करीब 09.48 बजे थाना बहजोई क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मऊकठेर से ग्राम मच्छखेडा रोड पर मन्दिर के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि पिछले 12 वर्षों से चंडीगढ़ में अपना नाम बलजीत बदलकर रह रहा था।



सुलह समझौता केंद्र पर आपसी विवादों का निस्तारण करतीं काउंसलर व पुलिस।

# चार परिवारों को पुनः मिलाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक परामर्श केंद्र प्रभारी/महिला थानाध्यक्ष डा. रुकम पाल सिंह की अध्यक्षता में गौशाला रोड पिंक चौकी में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया जहां कुल पत्रावली 38 को सुना गया 10 पत्रावली का निस्तारण किया गया 4 परिवारों को पुनः मिलाया गया 2 पत्रावली पर विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई 4 पत्रावली आवेदक द्वारा बल ना देने के कारण व अन्य कारण से बंद किया गया इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, पूनम अरोरा, सब इंस्पेक्टर महेश गंगवार, रेनू राठी, हेडकांस्टेबल रुचि आदि लोग उपस्थित रहे।

## गीता सार



मय्यासक्तमनाः पार्थ योगं युञ्जन्मदाश्रयः।
असंशयं समग्रं मां यथा ज्ञास्यसि तच्छृणु॥

**भावार्थ :** श्री भगवान ने कहा – हे पृथापुत्र! अब उसको सुन जिससे तू योग का अभ्यास करते हुए मुझमें अनन्य भाव से मन को स्थित करके और मेरी शरण होकर संपूर्णता से मुझको बिना किसी संशय के जान सकेगा।

# शहरी समीकरण

राजस्थान निकाय चुनाव के नतीजों ने शहरों की सियासत की तस्वीर काफी हद तक साफ कर दी है। भाजपा सबसे ज्यादा वार्ड जीतकर नंबर एक पर रही है। जबकि कांग्रेस ने पूरे राज्य में पंजे को खूब चमकाया है। निर्दलियों ने तो कई जगह दोनों बड़े दलों का गणित ही बिगाड़ दिया है। राजस्थान के 309 नगरीय निकायों के 10,245 वार्डों के चुनावी परिणामों ने साफ कर दिया है कि प्रदेश की शहरी राजनीति में छोटे और क्षेत्रीय दलों की हवा पूरी तरह टाइट हो चुकी है। जनता ने यह साबित कर दिया है कि सत्ता की इस दौड़ में सिर्फ दो प्रमुख सियासी धड़ों और निर्दलियों का ही सिक्का चलता है। राज्य के कुल वार्डों में से 98% से ज्यादा सीटों पर सिर्फ तीन ताकतों (भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय) का दबदबा रहा है।



जनता ने बिल्कुल साफ कर दिया है कि शहरी राजनीति में किसी भी तीसरे विकल्प या क्षेत्रीय दल के लिए कोई जगह नहीं है। मुकाबला सीधे तौर पर दोनों बड़ी पार्टियों और बागी/निर्दलीय उम्मीदवारों के बीच सिमटकर रह गया है। भाजपा 40.79% सीटों के साथ महा-टॉपर और सिकंदर रही है। भाजपा ने इस चुनाव में स्पष्ट रूप से नंबर-1 का ताज पहना है। प्रमुख नगर निगमों और शहरी निकायों में पार्टी ने या तो प्रचंड बहुमत हासिल किया या सबसे मजबूत स्थिति दर्ज की, जिससे साबित होता है कि शहरी इलाकों में भगवा पार्टी की जड़ें सबसे गहरी हैं। कांग्रेस ने 35.27% सीटों पर कब्जा जमाकर अपनी सियासी ताकत का पूरा लोहा मनवाया है। कई महत्वपूर्ण नगर निगमों में स्पष्ट बहुमत या सबसे बड़े दल के रूप में उभरकर कांग्रेस ने साबित कर दिया कि वह मुकाबले में मजबूती से डटी हुई है और उसकी जमीन अभी भी काफी गहरी है। बाकी 6 पार्टियां बमुश्किल 2% का आंकड़ा छूने को भी तरस गईं। कई दलों का तो खाता तक नहीं खुला या वे गिनती के वार्डों में सिमटकर रह गए। शहरी जनता ने इन्हें सिरे से नकार दिया है, जिससे इनके नेता पानी मांगते नजर आए। प्रदेश में 22% से अधिक सीटों पर कब्जा जमाने वाले निर्दलीय इस चुनाव के सबसे बड़े गेमचेंजर साबित हुए हैं। कई जगह त्रिशंकु स्थिति बनने के कारण अब मेयर और चेयरमैन की कुर्सी की असली चाबी पूरी तरह इन्हीं निर्दलीयों के हाथों में है, जिनके आगे दोनों पार्टियों को हाथ-पैर जोड़ने पड़ रहे हैं। भाजपा ने जयपुर, कोटा, उदयपुर और भीलवाड़ा नगर निगम में स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। जयपुर में घोषित 146 वार्डों में भाजपा के 78, कांग्रेस के 53 और निर्दलीयों के 15 पार्षद हैं। कोटा में भाजपा 55, कांग्रेस 40 और निर्दलीय 3 सीटों पर हैं। उदयपुर में भाजपा 53 और कांग्रेस 23 सीटों पर है।

## यूसीसी पर बीजेपी का प्लान

# सहयोगी दल क्यों शामिल नहीं हो रहे?



**शाहिद ए. चौधरी**

गृहमंत्री अमित शाह द्वारा यह विश्वास व्यक्त करने के बाद कि एनडीए शासित सभी 21 राज्य 2029 तक समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर देंगे, बीजेपी के तीन सहयोगी दलों ने सावधान रहने की सलाह दी है, जो वास्तव में दबे शब्दों में प्रस्ताव का विरोध है। तेलगू देशम पार्टी (टीडीपी), जो आंध्र प्रदेश में सत्ता में है, ने कहा है कि इस विषय पर अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है और वह जब जरूरत पड़ेगी, तब इस प्रस्ताव पर विचार करेगी व सभी स्टेकहोल्डर्स से भी विचार-विमर्श करेगी। जनता दल (यूनाइटेड), जो बिहार में बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार का हिस्सा है, ने कहा है कि वह इस सिलसिले में अमित शाह से बातचीत करेगी।

बीजेपी के एक अन्य सहयोगी दल लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) ने कहा है कि वह समता व विविधता के प्रति समर्पित है और संविधान सभी समुदायों की अलग-अलग परंपराओं व प्रथाओं का सम्मान करता है, जिसका सबूत यह है कि संविधान की विभिन्न अनुसूचियों व अनुच्छेदों के तहत अनुसूचित जातियों को अपवाद प्राप्त हैं। लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के प्रमुख चिराग पासवान, जो केंद्र में मंत्री भी हैं, ने कहा है कि यूसीसी का प्रस्ताव सार्वजनिक किया जाना चाहिए, विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के हितों का संज्ञान लिया जाए, विस्तृत विचार-विमर्श किया जाए और उसके बाद ही उनकी पार्टी अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करेगी। इस पृष्ठभूमि में दो महत्वपूर्ण सवाल उठते हैं। एक, अमित शाह ने इस समय ही यूसीसी लागू करने की घोषणा क्यों की है? दूसरा यह कि टीडीपी, जद(यू) व लोजपा(राम विलास) को बीजेपी के सहयोगी दल होने के बावजूद यूसीसी पर आपत्ति क्यों है? इन प्रश्नों का उत्तर देने से पहले जरूरी मालूम होता कुछ बातों पर रोशनी डाल दी जाए। बीजेपी के जो तीन प्रमुख वैचारिक उद्देश्य रहे हैं, उनमें अयोध्या में राम मंदिर व धारा 370 का निराकरण के अतिरिक्त यूसीसी का लागू करना रहा है। बीजेपी शासित उत्तराखंड में इसे लागू भी कर दिया गया है, जबकि गुजरात, असम व मध्य प्रदेश ने इस संदर्भ में कानून पारित कर दिया है। राजस्थान, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल व छत्तीसगढ़ ने कानून बनाने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है, जबकि राजस्थान की काबिना ने ड्राफ्ट विधेयक को मंजूरी दे दी है। महाराष्ट्र को छोड़कर इन सभी राज्यों में बीजेपी की अपने अकेले दम पर सरकारें हैं। महाराष्ट्र में बीजेपी के नेतृत्व में गठबंधन सरकार है, लेकिन शिव सेना (शिंदे) व एनसीपी (अजित पवार) इस स्थिति में नहीं हैं कि देवेंद्र फडणवीस के समक्ष अपना कोई पक्ष रख सकें। बहरहाल, यह हालात टीडीपी की नहीं हैं। इसलिए टीडीपी के संसदीय दल के नेता लवू श्रीकृष्णा देवरयालू का कहना है, "अभी तक इस विषय (यूसीसी) पर कोई वार्ता नहीं हुई है, लेकिन जब भी हमें जरूरत महसूस



इमेज

होगी तो इसका संज्ञान लेंगे। इसे अपनाने से पहले हम निश्चितरूप से सभी स्टेकहोल्डर्स को शामिल करेंगे।" गौरतलब है कि दोनों टीडीपी व जद(यू) का बीजेपी के वैचारिक मुद्दों पर स्वतंत्र निर्णय लेने का इतिहास रहा है। यह दोनों पार्टियां एनडीए के अंदर बाहर आती जाती रही हैं। जब 2019 में धारा 370 को निरस्त करने की प्रक्रिया चल रही थी तो जद(यू) के सांसदों ने बीजेपी का सहयोगी दल होने के बावजूद प्रस्ताव के समर्थन में मतदान नहीं किया था बल्कि संसद से वाक आउट किया था। दरअसल, स्वतंत्र राय रखना टीडीपी व जद(यू) की मजबूरी है। वह नहीं चाहतीं कि बड़ी मछली छोटी मछलियों को निगल ले। एक समय था जब बीजेपी पंजाब में अकाली दल की, महाराष्ट्र में शिव सेना की, बिहार में जद(यू) की, ओडिशा में बीजू जनता दल की, असम में असम गण परिषद की जूनियर पार्टनर हुआ करती थी। आज यह सब क्षेत्रीय पार्टियां कहां हैं; सब हाशिये पर पहुंच गई हैं। मायावती की बसपा ने भी अनेक बार बीजेपी से गठबंधन किया और आज यह उत्तर प्रदेश में भी कहीं नहीं है, जबकि 2007 में उसने लखनऊ में अपने दम पर सरकार बनाई थी। बिहार में जद(यू) भी सीनियर से जूनियर पार्टनर हो गई है। यह सब मुख्यतः इसलिए हुआ क्योंकि यह क्षेत्रीय पार्टियां अपने मत आधार को सुरक्षित नहीं रख सकीं, जिसमें बीजेपी सेंध मारने में कामयाब रही। टीडीपी बहुत मुश्किल से आंध्रप्रदेश में सत्ता में लौटी है। वह अपना जनाधार खोना नहीं चाहती, इसलिए फूंक-फूंककर कदम रख रही है। यूसीसी पर उसके नवीनतम स्टैंड को इसी पृष्ठभूमि में समझना चाहिए। यूसीसी धर्म-विशिष्ट व्यक्तिगत कानूनों की जगह विवाह, तलाक, विरासत व लिव-इन संबंधों के मामले में सभी नागरिकों के लिए समान नियम लाने का प्रयास है। वर्तमान में एक संघीय संसदीय कानून लाने की बजाय यूसीसी को आहिस्ता-आहिस्ता एक-एक राज्य में लाया जा रहा है। उत्तराखंड में इसे सबसे पहले फरवरी 2024 में लाया गया था। फिर गुजरात (मार्च 2026), असम (मई 2026), मध्य प्रदेश (जुलाई 2026) में इसके विधेयक पारित किए गए। राजस्थान व महाराष्ट्र में प्रक्रिया जारी है, जबकि राजस्थान काबिना ने ड्राफ्ट विधेयक को मंजूरी दे दी है। यूसीसी के कुछ मुख्य प्रावधान इस प्रकार हैं- सभी धार्मिक समुदायों को निर्धारित समय अवधि (मसलन 60 दिन) में सभी विवाहों व तलाकों का पंजीकरण करना लाजमी होगा। बहु-पत्नी विवाह, बहु-पति विवाह और विशिष्ट परंपरागत प्रथाओं को या तो सीधे प्रतिबंधित कर दिया गया है या सीमित कर दिया गया है। लिव-इन संबंधों का कानूनन पंजीकरण लाजमी है और उल्लंघन करने पर जुर्माना व कैद का प्रावधान है। महिलाओं व पुरुषों के लिए संपत्ति की विरासत में बराबर के अधिकार और इसमें जीवनसाथी, बच्चों व पैरेंट्स को भी शामिल किया गया है। अपवाद यह है कि अनुसूचित जनजातियों को यूसीसी के सभी नियमों के दायरे से बाहर रखा गया है ताकि उनके परंपरागत रीति-रिवाज व आदिवासी पहचान को सुरक्षित रखा जा सके। दूसरी ओर यूसीसी आलोचकों का कहना है कि जिस तरह इसे अनेक राज्यों में पारित किया गया है उसमें अनेक समस्यापरक प्रावधानों को बरकरार रह गए हैं- पुरुषों व महिलाओं के लिए विवाह की न्यूनतम आयु अलग-अलग है (क्रमशः 21 व 18 वर्ष), दांपत्य अधिकारों की पुनर्स्थापना, तलाक के सीमित ग्राउंड्स।

## श्रीरामचरितमानस



जगदातमा महेसु पुरारी।
जगत जनक सब के हितकारी॥
पिता मंदमति निंदत तेही।
दच्छ सुक्र संभव यह देही॥

**भावार्थ :** त्रिपुर दैत्य को मारने वाले भगवान महेश्वर संपूर्ण जगत की आत्मा हैं, वे जगत्पिता और सबका हित करने वाले हैं। मेरा मंदबुद्धि पिता उनकी निंदा करता है और मेरा यह शरीर दक्ष ही के वीर्य से उत्पन्न है॥

## बड़ा पर्दा

# शीशा हो या रीना रॉय का दिल आखिर टूट जाता है

**कैलाश सिंह**

प्रत्येक बॉलीवुड सितारे के पीछे एक अनकही कहानी है, जो बड़े पर्दे पर दिखाई देने वाली मुस्कान के पीछे छुपी रहती है। प्रेम, धोखा और उलझे हुए संबंध केवल फिल्मी प्लॉट्स नहीं हैं, अनेक सेलिब्रिटीज, जिन्होंने इसका अनुभव किया है, वह इसकी गवाही दे सकते हैं। सत्तर व अस्सी के दशकों की सबसे चर्चित जोड़ी रीना रॉय व शत्रुघ्न सिन्हा की थी। बॉलीवुड में जो प्रेम कथाएं हैं, उनमें संभवतः सबसे आइकोनिक इन दोनों की प्रेम कहानी है, जो बतौर निर्देशक सुभाष घई की डेब्यू फिल्म 'कालीचरण' से आरंभ हुई, जिसमें ये दोनों लीड एक्टर थे। शत्रुघ्न पहले ही अपनी लम्बे समय से पार्टनर रहीं पूनम चंदिरामानी के प्रति समर्पित थे, जब रीना रॉय से उनका रोमांस गंभीर हुआ। पूनम के बच्चा होने जा रहा था, जिससे शत्रुघ्न पर जबरदस्त दबाव पड़ा कि वह पूनम के साथ अपने संबंध का सम्मान करें। शत्रुघ्न के परिवार का भी दबाव था कि वह पूनम से शादी करें। उधर रीना रॉय ने आठ दिन की लिमिट तय कर दी उनसे शादी करने की, लेकिन 1981 में शत्रुघ्न ने पूनम से शादी कर ली और एक प्रेम कथा का अंत हो गया। रीना रॉय अपने दौर की टॉप अभिनेत्री थीं। उनका जीवन ग्लैमर, प्रेम, दिल टूटने व बर्दाश्त करने से भरा रहा। उनका जीवन बताता है कि एक बॉलीवुड स्टार को किन संघर्षों का सामना करना पड़ता है।



रीना रॉय का जन्म सायरा अली के रूप में सादिक अली व शारदा राय के घर में हुआ था। लेकिन जब सादिक व शारदा का तलाक हुआ तो रीना रॉय व उनके अन्य भाई बहनों (बरखा, अंजू व राजा) ने अपने पिता का हमेशा के लिए त्याग कर दिया। शारदा ने अपने सारे बच्चों के नाम बदल दिए, सायरा अली रूपा रॉय हो गईं। लेकिन किशोरावस्था में जब रूपा रॉय ने फिल्मी दुनिया में प्रवेश तो निर्देशक बीआर इशारा ने उन्हें आइकोनिक स्क्रीन नाम रीना रॉय दिया। रीना रॉय को स्टारडम फिल्म 'नागिन' (1976) से मिला। इस फिल्म में उस समय की लगभग हर टॉप अभिनेत्री ने काम करने से इंकार कर दिया था। फिल्म पहले दिन ही ब्लॉकबस्टर हो गई और रीना रॉय स्टार बन गईं। इसके बाद उनकी अनेक सफल फिल्में आईं जैसे 'जानी दुश्मन' (1979), 'आशा' (1980), 'नसीब' (1981), 'सनम तेरी कसम' (1982), 'अर्पण' (1983) आदि। इन फिल्मों से रीना रॉय ने सबसे अधिक फीस लेने वाली और सबसे अधिक मांग में रहने वाली अदाकारा बन गईं।

## तिथि विशेष

## एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी जयंती

16 सितंबर भारतीय संगीत जगत के लिए बेहद महत्वपूर्ण तारीख है। इसी दिन वर्ष 1916 में तमिलनाडु के मदुरै में महान कर्नाटक संगीत गायिका एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी का जन्म हुआ था। उनका पूरा नाम मदुरै षण्मुखवडिवु सुब्बुलक्ष्म था।



बचपन से ही संगीत के प्रति उनकी गहरी रुचि थी और कम उम्र में ही उन्होंने सार्वजनिक मंच पर अपनी प्रतिभा का परिचय देना शुरू कर दिया था। एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी ने कर्नाटक शास्त्रीय संगीत को देश ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नई पहचान दिलाई। वर्ष 1966 में उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रस्तुति देकर भारतीय संगीत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ाई। उनकी आवाज में भक्ति, शास्त्रीयता और आध्यात्मिक भावों का अद्भुत संगम था। उनके गाए 'भज गोविंदम्', 'विष्णु सहस्रनामम्' और 'वेंकटेश्वर सुप्रभातम्' जैसे भक्ति संगीत आज भी लोकप्रिय हैं। उन्हें वर्ष 1954 में पद्म भूषण, 1975 में पद्म विभूषण और 1998 में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। वे भारत रत्न पाने वाली पहली संगीतकार थीं। वर्ष 1974 में उन्हें रेमन मैग्सेसे पुरस्कार भी मिला।

## चेक बाउंस का आखिरी मौका

चेक बाउंस की कहानी ने, नया मोड़ लिया है,
राजपाल के हिस्से में, सुको ने मौका दिया है।
दो हफ्तों में भरो, वरना मुश्किल बढ़ जाएगी,
कानून की चौखट पे, हर चाल नजर आएगी।
कभी फिल्मों में हँसाते थे, किरदार कमाल थे,
असली जिंदगी के सीन में, हिसाब न पाते थे।
करोड़ों का चेक था, मामला छोटा कैसे होता?
कागज पर लिखी रकम, एक "तकाजा" होता।
कोर्ट ने कहा-मौका है, बात अब बन सकती है,
जो रकम बाकी है, वह अब जमा हो सकती है।
फिल्मी पर्दे पर जब चाहे, हँसी के फव्वारे छूटें,
कानून की पटकथा में, तारीख व रकम न रूठें।
ये कहानी बताती है, हँसी-मजाक अपनी जगह,
चेक पे दस्तखत करने से पूर्व, सोचना बेहतर है।
क्योंकि पर्दे पे कट कहने से, "दृश्य" रुकता है,
कोर्ट की पटकथा में, हिसाब पूरे करने पड़ते है।

**(संदर्भ - राजपाल यादव, सुप्रीम कोर्ट ने दिया आखिरी मौका)**

**- संजय एम तराणेकर**

**(कवि, लेखक व समीक्षक)**

# हड्डियों की उम्र बढ़ने का विज्ञान: क्षरण, तंत्र और पुनर्यौवन



**डॉ. विजय गर्ग**

हड्डियों को अक्सर केवल शरीर को सहारा देने वाले ढाँचे के रूप में देखा जाता है, लेकिन वास्तव में वे जीवित और गतिशील ऊतक हैं, जो लगातार स्वयं का नवीनीकरण करते रहते हैं। जीवनभर पुरानी या क्षतिग्रस्त हड्डी को ऑस्टियोक्लास्ट कोशिकाएँ हटाती हैं और नई हड्डी का निर्माण ऑस्टियोब्लास्ट कोशिकाएँ करती हैं। उम्र बढ़ने के साथ यह नाजुक संतुलन धीरे-धीरे प्रभावित होने लगता है। हड्डियों का घनत्व कम होना, उनकी संरचना में गिरावट और मरम्मत की क्षमता में कमी अंततः ऑस्टियोपोरोसिस और फ्रैक्चर के जोखिम को बढ़ा सकती है। आधुनिक शोध के अनुसार हड्डियों की उम्र बढ़ना कोई एकल प्रक्रिया नहीं है, बल्कि आणविक, कोशिकीय, ऊतक और पूरे शरीर के स्तर पर होने वाले अनेक परिवर्तनों का जटिल परिणाम है।

**हड्डियाँ कैसे बूढ़ी होती हैं?**

हड्डियों की मजबूती बनाए रखने के लिए बोन रीमॉडलिंग अत्यंत आवश्यक है। युवा अवस्था में नई हड्डी के निर्माण और पुरानी हड्डी के टूटने की प्रक्रियाएँ अपेक्षाकृत संतुलित रहती हैं। उम्र बढ़ने पर यह संतुलन हड्डी के अधिक क्षरण और कम निर्माण की दिशा में बदल सकता है।

हड्डी के अंदर मौजूद ट्रैबेक्युलर बोन की सूक्ष्म संरचनाएँ पतली और अधिक अलग-अलग हो सकती हैं, जबकि कॉर्टिकल बोन भी पतली तथा अधिक छिद्रयुक्त हो सकती है। इन संरचनात्मक परिवर्तनों के कारण हड्डियों की यांत्रिक दबाव सहने की क्षमता कम हो सकती है, और यह कमी केवल बोन मिनरल डेंसिटी से समझाई नहीं जा सकती।

कोशिकीय स्तर पर भी कई प्रकार की कोशिकाएँ प्रभावित होती हैं। ऑस्टियोब्लास्ट नई हड्डी बनाने में पहले की तुलना में कम सक्षम हो सकते हैं, जबकि ऑस्टियोक्लास्ट की गतिविधि अपेक्षाकृत अधिक प्रभावी हो सकती है। हड्डी के भीतर स्थित लंबे समय तक जीवित रहने वाली ऑस्टियोसाइट कोशिकाएँ भी उम्र से संबंधित कार्यात्मक बदलावों का सामना करती हैं।

इसी समय, कंकाल की स्टेम और प्रोजेनिटर कोशिकाएँ अपनी पुनयोर्जी क्षमता खो सकती हैं और हड्डी बनाने वाली कोशिकाओं के बजाय वसा कोशिकाओं में परिवर्तित होने की प्रवृत्ति बढ़ा सकती हैं।

**ऑक्सीडेटिव तनाव और माइटोकॉन्ड्रियल असंतुलन**

हड्डियों की उम्र बढ़ने का एक महत्वपूर्ण कारण कोशिकीय तनाव का बढ़ना है। रिएक्टिव ऑक्सीजन स्पीशीज की अधिकता डीएनए, प्रोटीन और कोशिका झिल्ली को नुकसान पहुँचा सकती है। हड्डी बनाने वाली कोशिकाओं में अत्यधिक ऑक्सीडेटिव तनाव उनके विकास और खनिजीकरण की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है तथा कोशिकीय कार्यक्षमता में गिरावट ला सकता है।

माइटोकॉन्ड्रिया, जो कोशिकाओं के लिए ऊर्जा उत्पन्न करने वाली संरचनाएँ हैं, उम्र के साथ कम प्रभावी हो सकते हैं। माइटोकॉन्ड्रिया की गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली में गड़बड़ी और क्षतिग्रस्त माइटोकॉन्ड्रिया को हटाने की प्रक्रिया कमजोर होने से ऑक्सीडेटिव तनाव बढ़ सकता है और कोशिकीय वृद्धावस्था, जिसे सेल्युलर सेंसेंसेंस कहा जाता है, को बढ़ावा मिल सकता है। ये परिवर्तन हड्डी के निर्माण और मरम्मत के लिए आवश्यक उच्च ऊर्जा आवश्यकताओं को प्रभावित कर सकते हैं।

**कोशिकीय वृद्धावस्था: जब बूढ़ी कोशिकाएँ हानिकारक बन सकती हैं**

सेल्युलर सेंसेंसेंस कंकाल की उम्र बढ़ने की एक महत्वपूर्ण विशेषता है। वृद्ध कोशिकाएँ विभाजित होना बंद कर देती हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे शरीर से समाप्त हो जाएँ। इसके बजाय इनमें से कई कोशिकाएँ सूजन उत्पन्न करने वाले अणुओं और अन्य पदार्थों को छोड़ती हैं। इन पदार्थों के समूह को सेनेसेंस-एसोसिएटेड सेक्रेटरी



फेनोटाइप , अर्थात कोशिकीय वृद्धावस्था-संबंधी स्त्रावी स्वरूप कहा जाता है।

उम्र बढ़ती हड्डी के सूक्ष्म वातावरण में ये संकेत सूजन को बढ़ा सकते हैं और आसपास की कोशिकाओं के व्यवहार को प्रभावित कर सकते हैं। शोध से संकेत मिलता है कि वृद्ध कोशिकाएँ ऑस्टियोब्लास्ट के कार्य को कमजोर कर सकती हैं और ऐसी परिस्थितियाँ उत्पन्न कर सकती हैं जो ऑस्टियोक्लास्ट की गतिविधि के अनुकूल हों।

चूहों पर किए गए प्रायोगिक अध्ययनों में वृद्ध कोशिकाओं को हटाने से उम्र से संबंधित हड्डी के क्षरण में कमी देखी गई है। इससे सेल्युलर सेंसेंसेंस भविष्य में संभावित चिकित्सीय लक्ष्य के रूप में सामने आया है।

हालाँकि, इन प्रयोगशाला निष्कर्षों को नियमित मानव उपचार में बदलना अभी चुनौतीपूर्ण है। 2024 में रजोनिवृत्ति के बाद की महिलाओं पर किए गए एक चरण-2 नैदानिक परीक्षण में डासाटिनिब और क्वेरसेटिन के बीच-बीच में दिए जाने वाले संयोजन से हड्डी के क्षरण से संबंधित प्राथमिक परिणाम में महत्वपूर्ण अंतर नहीं पाया गया। यह दर्शाता है कि प्रयोगशाला में आशाजनक दिखाई देने वाली उपचार पद्धतियाँ आवश्यक रूप से प्रभावी मानव उपचार में परिवर्तित नहीं होतीं।

**सूजन, हार्मोन और हड्डियों का वातावरण**

हड्डियाँ शरीर से अलग होकर उम्रदराज नहीं होतीं। शरीर में होने वाली दीर्घकालिक हल्की सूजन, प्रतिरक्षा कोशिकाओं के व्यवहार में बदलाव और बोन मैरो के वातावरण में परिवर्तन भी हड्डियों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं।

उम्र बढ़ने के साथ हार्मोनल परिवर्तन भी होते हैं। उदाहरण के लिए, रजोनिवृत्ति के आसपास एस्ट्रोजन का स्तर कम होने से हड्डियों का क्षरण तेज हो सकता है। पुरुषों में भी उम्र से संबंधित सेक्स हार्मोन में परिवर्तन हड्डियों के रखरखाव को प्रभावित कर सकते हैं।

हड्डियों के भीतर मौजूद रक्त वाहिकाएँ और तंत्रिकाएँ भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। हड्डी का निर्माण और रक्त वाहिकाओं का विकास एक-दूसरे से closely जुड़े हुए हैं। उम्र के साथ विशेष प्रकार की रक्त वाहिकाओं में होने वाला क्षरण हड्डी बनाने वाली कोशिकाओं को मिलने वाले समर्थन को कम कर सकता है। तंत्रिका संकेतों में बदलाव भी हड्डियों की रीमॉडलिंग प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है।

**क्या उम्रदराज हड्डियों का पुनर्यौवन संभव है?**

बोन रीजनरेशन या बोन रिजुवेनेशन का अर्थ आवश्यक रूप से पुरानी हड्डी को जैविक रूप से युवा हड्डी जैसा बना देना नहीं है। इसका उद्देश्य उन जैविक प्रक्रियाओं को फिर से बेहतर बनाना है, जो स्वस्थ हड्डी के निर्माण और पुनर्निर्माण को बनाए रखती हैं।

वर्तमान चिकित्सा में ऐसी दवाएँ उपलब्ध हैं जो अत्यधिक हड्डी क्षरण को कम करती हैं, जबकि कुछ एनाबॉलिक उपचार नई हड्डी के निर्माण को बढ़ावा देते हैं। पर्याप्त पोषण, उचित शारीरिक गतिविधि, धूम्रपान से बचाव और अत्यधिक शराब के सेवन से बचना भी हड्डियों के स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण आधार हैं।

वैज्ञानिक अब अधिक लक्षित उपचारों पर शोध कर रहे हैं। इनमें वृद्ध कोशिकाओं को लक्षित करने वाली सेनोलाइटिक थेरेपी , माइटोकॉन्ड्रियल असंतुलन और दोषपूर्ण ऑटोफैजी को लक्षित करने वाली रणनीतियाँ, पुनयोर्जी चिकित्सा, ऊतक इंजीनियरिंग और जीन-आधारित उपचार शामिल हैं।

शोधकर्ता यह भी अध्ययन कर रहे हैं कि यांत्रिक उत्तेजना और कोशिकाओं की यांत्रिक संकेतों को पहचानने की क्षमता उम्रदराज कंकालीय स्टेम कोशिकाओं को किस प्रकार पुनर्जीवित कर सकती है। 2026 के एक अध्ययन में प्रयोगात्मक प्रमाण मिले कि यांत्रिक उत्तेजना उम्रदराज हड्डी में क्रोमैटिन रीमॉडलिंग और वृद्ध स्टेम कोशिकाओं के व्यवहार को प्रभावित कर सकती है।

**आगे की राह**

हड्डियों की उम्र बढ़ने पर भविष्य का शोध हड्डी क्षरण को केवल एक बीमारी के रूप में देखने के बजाय इसे परस्पर जुड़ी हुई अनेक जैविक प्रक्रियाओं के नेटवर्क के रूप में समझने की दिशा में बढ़ रहा है।

आनुवंशिकी, एपिजेनेटिक्स, सूजन, ऑक्सीडेटिव तनाव, कोशिकीय वृद्धावस्था, चयापचय, रक्त वाहिकाओं का स्वास्थ्य और यांत्रिक शक्तियाँ–सभी उम्रदराज कंकाल को प्रभावित करती हैं।

Bone Research में प्रकाशित व्यापक समीक्षा में हड्डियों की उम्र बढ़ने को समझने के लिए एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया गया है। इसमें मल्टी-ओमिक्स मैपिंग, बोन ऑर्गेनॉइड, कंप्यूटेशनल मॉडल और विशिष्ट उम्र बढ़ने वाले जैविक मार्गों को लक्षित करने वाली प्रिसीजन थेरेपी जैसी आधुनिक तकनीकों की संभावनाओं पर ध्यान दिया गया है।

इस प्रकार हड्डियों की उम्र बढ़ना केवल उम्र बढ़ने का सामान्य परिणाम नहीं है। यह कोशिकाओं के बीच समन्वय और पुनयोर्जी क्षमता के धीरे-धीरे कम होने वाली एक जटिल जैविक प्रक्रिया है। इन तंत्रों को समझने से भविष्य में चिकित्सा केवल फ्रैक्चर और ऑस्टियोपोरोसिस के उपचार तक सीमित न रहकर, पहले से ही हड्डियों के स्वास्थ्य को बनाए रखने और जीवन के बाद के चरणों में हड्डियों की कुछ कार्यक्षमताओं को पुनर्स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ सकती है।

हड्डियों के पुनर्यौवन का लक्ष्य केवल अधिक हड्डी बनाना नहीं, बल्कि उस जैविक संतुलन को पुनर्स्थापित करना है, जो हड्डियों को जीवनभर नवीनीकरण, मरम्मत और अनुकूलन की क्षमता प्रदान करता है।

**डॉ. विजय गर्ग**
**सेवानिवृत्त प्राचार्य**
**प्रख्यात वैज्ञानिक**
**स्ट्रीट कौर चंद, एम एच आर मालोट,**
**पंजाब - 152107**

# कैंची धाम रोपवे: प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक

## कैंची धाम तक जुड़ेगा रोपवे, काठगोदाम से हनुमानगढ़ी तक 14.9 किमी लंबा होगा रोपवे मार्ग, पर्यटन स्थल नैनीताल का सफर होगा 20 से 25 मिनट में

जागरण मोर्चा कार्यालय


रोपवे प्रोजेक्ट के संबंध में बैठक में मौजूद प्रमुख सचिव डॉ आर मीनाक्षी सुंदरम।

**हल्द्वानी।** काठगोदाम से हनुमानगढ़ी और कैंची धाम रोपवे प्रोजेक्ट को गति देने हेतु प्रमुख सचिव ऊर्जा, नियोजन, सिंचाई एवं लघु सिंचाई डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक बुधवार को सर्किट हाउस, काठगोदाम में आयोजित की गई। बैठक में सचिव लोक निर्माण विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी, सुशासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं आयुष विभाग डॉ. पंकज कुमार पांडेय तथा सचिव पर्यटन धीराज सिंह गर्ब्याल ने भी प्रतिभाग किया।

बैठक में राज्य के महत्वपूर्ण रोपवे प्रोजेक्ट पर चर्चा के दौरान निर्णय लिया गया कि काठगोदाम और ज्योलीकोट से कैंची धाम को भी रोपवे से कनेक्ट किया जाएगा। इस रोपवे योजना से देशभर से कैंची धाम मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा। साथ ही काठगोदाम रेलवे स्टेशन से रोडवेज परिसर तक 250 मीटर लंबा फुट ओवर ब्रिज भी बनाया जाएगा, ताकि लोग आसानी से रोपवे स्टेशन तक पहुंच सकें। काठगोदाम और आसपास वाहन पार्किंग की सुविधा भी विकसित की जाएगी, ताकि बाहर से आने वाले पर्यटक अपने वाहनों को पार्क कर रोपवे के माध्यम से आगे जा सकें। प्रोजेक्ट का तकनीकी अध्ययन पूर्ण होने के पश्चात ही कार्य आगे बढ़ाया जाएगा, क्योंकि हल्द्वानी से नैनीताल तक का पर्वतीय क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। बैठक में प्रोजेक्ट मैनेजर, नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एन.एच.एल.एम.एल.) ने बताया कि काठगोदाम-नैनीताल रोपवे लगभग 28 सौ करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा। इस रोपवे में काठगोदाम, रानीबाग, भुजियाघाट, ज्योलीकोट एवं हनुमानगढ़ी स्टेशन बनेंगे। रोपवे की कुल लंबाई 14.9 किलोमीटर होगी, जिसमें 58 टावर लगेंगे। उन्होंने बताया कि रानीबाग से हनुमानगढ़ी तक रोपवे का एकतरफा शुल्क 375 रुपये प्रति व्यक्ति प्रस्तावित है। रोपवे के माध्यम से प्रति घंटे लगभग 1800 (अठारह सौ) यात्री सफर कर सकेंगे तथा रानीबाग से हनुमानगढ़ी का सफर लगभग 20 से 25 मिनट में पूर्ण होगा। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए कि हनुमानगढ़ी रोपवे स्टेशन पर अत्यधिक ट्रैफिक न हो, इसके लिए समुचित प्लान तैयार किया जाए। रानीबाग में बनने वाले रोपवे स्टेशन के स्थलीय निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव ने कहा कि वहां 33 एकड़ भूमि रिक्त पड़ी है। रानीबाग स्टेशन पर पार्किंग भी बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि ज्योलीकोट रोपवे स्टेशन को जंक्शन स्टेशन बनाया जाएगा, जहां से कैंची धाम हेतु रोपवे बनाया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में वन विभाग की भूमि ट्रांसफर होनी है, उसका कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए कि नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एन.एच.एल.एम.एल.) एवं अन्य संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ इस कार्य को तेजी से आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि रोपवे बनने से हल्द्वानी, काठगोदाम एवं रानीबाग के होटल व्यवसायियों को लाभ होगा तथा पर्यटकों को सुगम एवं सुचारू सुविधा मिलेगी। रोपवे के निर्माण से नैनीताल शहर को ट्रैफिक, पार्किंग आदि समस्याओं से निजात मिलेगी। बैठक में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंगवार, अपर जिलाधिकारी सौरभ असवाल, प्रोजेक्ट मैनेजर (एन.एच.एल.एम.एल.) प्रशांत जैन, उपजिलाधिकारी मोनिका के साथ ही लोक निर्माण विभाग, विद्युत, वन, सिंचाई आदि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### रोपवे निर्माण से ये होंगे संभावित प्रमुख लाभ, यात्रा समय में बड़ी कमी

पहाड़ी सड़क के घुमावदार मार्ग के बजाय रोपवे सीधा हवाई मार्ग अपनाएगा, जिससे काठगोदाम से नैनीताल क्षेत्र की आवाजाही तेज हो सकती है। रोपवे की यही विशेषता कठिन पहाड़ी भूभाग में समय बचाने में महत्वपूर्ण मानी जाती है।

### नैनीताल की सड़क पर ट्रैफिक का दबाव घटेगा

पर्यटन सीजन, वीकेंड और छुट्टियों में काठगोदाम–हल्द्वानी से नैनीताल जाने वाली सड़क पर वाहनों का दबाव काफी बढ़ता है। वैकल्पिक सार्वजनिक परिवहन मिलने से सड़क यातायात और पार्किंग का दबाव कम करने में मदद मिल सकती है।

### पर्यटन को बड़ा प्रोत्साहन

काठगोदाम रेलवे स्टेशन से आने वाले पर्यटकों को रोपवे के माध्यम से पहाड़ी क्षेत्र तक अलग परिवहन विकल्प मिलेगा। इससे नैनीताल के साथ आसपास के पर्यटन स्थलों को भी लाभ मिलने की संभावना है। केंद्र सरकार भी रोपवे को पर्यटन और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने वाला माध्यम मानती है।

### स्थानीय रोजगार बढ़ेंगे

निर्माण के दौरान तथा बाद में संचालन, टिकटिंग, तकनीकी रखरखाव, सुरक्षा, पार्किंग, खानपान और पर्यटन सेवाओं में रोजगार के अवसर बन सकते हैं।

### स्थानीय कारोबार को फायदा

टैक्सी, होटल, होम-स्टे, रेस्टोरेंट, दुकानदार, गाइड और अन्य पर्यटन व्यवसायों में यात्रियों की आवाजाही बढ़ने से आर्थिक गतिविधियां बढ़ सकती हैं।

### सड़क निर्माण की तुलना में कम भूमि की आवश्यकता

रोपवे में सड़क की तरह पूरे पहाड़ी मार्ग को काटकर चौड़ा करने की आवश्यकता नहीं होती।

### ईंधन और प्रदूषण में कमी की संभावना

यदि बड़ी संख्या में पर्यटक निजी कारों के बजाय रोपवे का इस्तेमाल करते हैं तो सड़क पर वाहनों की संख्या, ईंधन खपत और वाहन उत्सर्जन कम हो सकते हैं। इसे रोपवे के पर्यावरणीय लाभों में गिना जाता है आदि।

# देवभूमि डायग्नोस्टिक्स का विधिवत लोकार्पण

जागरण मोर्चा कार्यालय


देवभूमि डायग्नोस्टिक्स का रिबन काट कर शुभारंभ करते जिपंअ अजय मौर्य।

**खटीमा।** जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने देवभूमि डायग्नोस्टिक्स का विधिवत लोकार्पण करते हुए कहा कि इस नई तरह की टेक्नोलॉजी का आसपास के क्षेत्र में पहली बार शुभारंभ हो रहा है। उन्होंने इसके लिए डॉ. जीसी. पांडे एवं डॉ. तपन पांडे को बधाई देते हुए इसका आम जरूरतमंद को सुलभता से लाभ पहुंचाने की अपील की।

वरिष्ठ सर्जन डॉ. जीसी. पांडे ने कार्यक्रम में सम्मिलित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। सितारगंज रोड़ स्थित लोहियापुल के समीप इस टेक्नोलॉजी का देवभूमि डायग्नोस्टिक्स का मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ने रिबन काटकर शुभारंभ किया। इससे पूर्व गणेश पूजा आदि विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई और इस केन्द्र के खुलने की आम जनता को बधाई दी। शुभारंभ अवसर पर डॉक्टर जाहनवी सिंह पांडे, एमडी नमिता पांडे, दान सिंह रावत, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, अचल शर्मा, जीवन धामी, सतीश भट्ट, संतोष अग्रवाल, उमेद सिंह रौतेला, जगदीश शर्मा, संतोष अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, अनिल बत्रा, राकेश गुंबर, सुदर्शन वर्मा, जगदीश पांडे, लक्ष्मीकांत लोहनी, कमल शर्मा, राकेश चंद्र रस्तोगी, डॉक्टर प्रदीप सिंह, अमित पांडे आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन पर बाल आयोग के कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय


मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन पर उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य योगेश सिंह रजवार के दिशा निर्देश एवं अध्यक्षता में विद्यालय एवं संस्थानों में कार्यक्रम।

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस को सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य योगेश सिंह रजवार की अध्यक्षता एवं दिशा-निर्देशन में हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों के विद्यालयों व स्वयंसेवी संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में बच्चों को सेवा, शिक्षा, संस्कार, सुरक्षा और बाल अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

कारगिल शहीद स्वर्गीय मुकेश जीना राजकीय इंटर कॉलेज दोगड़ा में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के साथ मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया गया। योगेश सिंह रजवार ने बच्चों को स्वास्थ्य, सुरक्षा और बाल अधिकारों के संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान बच्चों को कॉपियां, पठन-पाठन सामग्री और अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। बच्चों ने मुख्यमंत्री के दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य खीमानंद भट्ट, जिला पंचायत सदस्य विपिन जंतवाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य पंकज सूर्या, गौरव रमोला, कौशल जीना, सुरेंद्र सूर्या, राजेंद्र सजवाण, चंद्रा बिष्ट, कैलाश जीना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

इसी क्रम में स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय नैन सिंह मेहरा राजकीय इंटर कॉलेज आमिया में भी सेवा संकल्प दिवस मनाया गया। बच्चों के बीच केक काटकर मुख्यमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। योगेश सिंह रजवार ने कहा कि सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण में शिक्षा प्राप्त करना बच्चों का अधिकार है। प्रत्येक बच्चे को शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में बच्चों को बाल अधिकार, स्वास्थ्य, सुरक्षा और शिक्षा से जुड़ी जानकारी देने के साथ शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई।

हल्द्वानी में वीरांगना संस्थान द्वारा संचालित केंद्र में भी जरूरतमंद बच्चों के साथ मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया गया। इन बच्चों को भिक्षावृत्ति और कूड़ा बीनने जैसी परिस्थितियों से निकालकर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। योगेश सिंह रजवार ने बच्चों को चप्पल, नोटबुक, पठन-पाठन सामग्री और अन्य आवश्यक सामान वितरित किया। बच्चों के साथ केक काटकर मुख्यमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई।

संस्थान की संस्थापिका गुंजन बिष्ट अरोड़ा, पूनम बिनिवाल, मोनिका मौर्य, मानस जोशी आदि मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि वीरांगना संस्थान पिछले 15 वर्षों से जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रहा है। रजवार ने कहा कि सेवा संकल्प दिवस का उद्देश्य बच्चों में सेवा, संस्कार, शिक्षा, सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना है।

# युवा विद्यार्थी मंथन: आदित्य चयनित

### 18 सितंबर को देहरादून में मुख्यमंत्री करेंगे सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय



'मुख्यमंत्री युवा विद्यार्थी मंथन' कार्यक्रम के लिए राणा प्रताप इंटर कॉलेज के छात्र के चयनित होने पर विद्यालय परिवार ने छात्र आदित्य चौहान को सम्मानित किया।

**खटीमा।** समग्र शिक्षा, उत्तराखंड की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय 'मुख्यमंत्री युवा विद्यार्थी मंथन' कार्यक्रम के लिए राणा प्रताप इंटर कॉलेज, खटीमा के छात्र आदित्य चौहान का चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

कार्यक्रम के तहत प्रदेशभर के कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए 'मेरे सपनों का उत्तराखंडः एक विकसित राज्य हेतु मेरा दृष्टिकोण' विषय पर ऑनलाइन राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से दो श्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन किया गया। इसमें खटीमा विधानसभा क्षेत्र से राणा प्रताप इंटर कॉलेज के छात्र आदित्य चौहान ने स्थान बनाया। चयनित छात्र आदित्य चौहान को 18 सितंबर को मुख्य सेवक सदन, मुख्यमंत्री आवास, देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा। आदित्य की उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


मुख्यमंत्री प्रोत्साहन खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति में चयनित छात्राएं। -जागरण मोर्चा

# मुए-थाई की तीन छात्राओं ने मुख्यमंत्री प्रोत्साहन खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति में चयन सुनिश्चित किया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**अल्मोड़ा।** हेमवती नंदन बहुगुणा स्पोर्ट्स स्टेडियम में मुए-थाई का प्रशिक्षण ले रही तीन छात्राओं ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री प्रोत्साहन खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना में जनपद स्तर पर चयन हासिल किया है। 14 से 17 आयु वर्ग में सिमरन सिजवाली ने कराटे और दीक्षा बिष्ट ने जूडो, जबकि 19 से 21 आयु वर्ग में हिमानी मेर ने जूडो में स्थान बनाया। मुए-थाई कोच यशपाल भट्ट ने बताया कि तीनों छात्राएं नियमित प्रशिक्षण के साथ अन्य खेलों में भी अभ्यास करती हैं। जिलाधिकारी अंशुल सिंह सहित खेल विभाग, मुए-थाई एसोसिएशन और प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनकी उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।

## गणेश महोत्सव में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**हल्द्वानी।** देवभूमि सामाजिक मंच की ओर से होली ग्राउंड मंगल पड़ाव में आयोजित श्री गणेश महोत्सव समृद्धि उत्सव में प्रातःकालीन पूजा-अर्चना मुख्य पुरोहित विजय जोशी ने विधि-विधान से कराई। मुख्य यजमान कोषाध्यक्ष राजकुमार आनंद व सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक गणेश प्रसाद साहू सपत्नीक रहे। शाम को वृंदावन धाम के भजन प्रवाहक अमन मिश्रा ने भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री मोहन पाठक, हरीश पांडे और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा प्रसाद मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्ष मिंटू गुप्ता, महामंत्री अजय कृष्ण गोयल, पंकज अग्रवाल, किशोर वार्ष्णेय, मंगल सिंह जीना सहित मंच के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


अमन अरोड़ा के नगर कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर फूलमाला पहनाकर किया सम्मान।

# अमन अरोड़ा के नगर कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर सम्मान समारोह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** इस्लाम नगर स्थित समीर वारसी के प्रतिष्ठान पर नगर कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष अमन अरोड़ा के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा की उपस्थिति में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अमन अरोड़ा का फूल-मालाओं से स्वागत कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन नूर मोहम्मद ने किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने तथा आगामी दिनों में पार्टी की गतिविधियों को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने पर चर्चा की। समारोह में बॉबी राठौर, नासिर खान, एम जफर एडवोकेट, रमेश रौतेला, जवाहर राणा, सचिन राणा, पप्पू अली, जाहिद मंसूरी, जरीफ सिद्दीकी, फईम अंसारी, शानू मेंबर, तौसीफ मंसूरी, जुबैर रजा, जावेद अंसारी, आरिश अंसारी, हाकिम अली, लईक मंसूरी, फईम कुरैशी आदि रहे।

**जन्मदिन कार्यक्रम** | थारू जनजाति के लोगों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सीएम को जिताने की कर दी अपील

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 51वें जन्मदिन पर प्रदेशभर में हुए कई कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय


पर्यावरण मित्रों का सम्मान कर भोजन करते नगर पालिका अध्यक्ष रामू जोशी।


ब्लॉक प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधि एवं थारू समाज की महिलाएं।

**खटीमा।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में केक काटकर मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई दी गई। कार्यक्रमों में वक्ताओं ने मुख्यमंत्री के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए उनके पक्ष में मतदान कर उन्हें रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की अपील भी की।

जामा मस्जिद एवं मदरसा रहमानियां के प्रशासक कामिल खान के आवास पर मुस्लिम समाज की महिलाओं ने एकत्र होकर केक काटा और मुख्यमंत्री धामी का जन्मदिन मनाया। महिलाओं ने मुख्यमंत्री के विकास कार्यों से संबंधित गीतों की धुन पर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और विजयी होने की कामना की। इस दौरान रवीश भटनागर, शाह अब्दुल शकुर, हाफिज रहमान, फारूक सिद्दीकी, सलीम अहमद, कफील अहमद, लईक अहमद, अनस सैफी, शारिक अहमद सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

मुख्यमंत्री धामी के 51वें जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उप जिला चिकित्सालय में रक्तदान किया। भाजपा के पूर्व नगर महामंत्री मनोज वाधवा, पदम सक्सेना, अखिलेश कुमार सिंह, सुनील रस्तोगी समेत युवाओं ने रक्तदान कर मुख्यमंत्री की दीर्घायु की कामना की। पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नंदन सिंह खड़ायत की देखरेख में देवभूमि धर्मशाला से पारिन बैकट हॉल तक विशाल मैराथन आयोजित की गई। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रतिभाग किया। अंडर-14 बालिका वर्ग में आरुषि मेहरा प्रथम, विद्या पोखरिया द्वितीय और सीमा बोरा तृतीय रहीं। ओपन वर्ग में रजत पाल ने प्रथम, राम सिंह ने द्वितीय और पुष्पेंद्र चंद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में उषा थ्वाल प्रथम, खुशी गोस्वामी द्वितीय और पायल तृतीय रहीं। कार्यक्रम स्थल पर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक वरुण अग्रवाल ने प्रतिभागियों को मोबाइल स्क्रीन टाइम कम करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में हिमांशु बिष्ट, मोहनी पोखरिया, गंभीर सिंह धामी, भुवन भट्ट, सतीश भट्ट, डॉ. प्रेम सिंह राणा, गणेश ठकुराठी, विशाल गोयल, बलदेव सिंह, रमेश जोशी, महेश राणा, नीता सक्सेना, अनीता ज्याला, नरेंद्र बिष्ट और किशन चंद कुक्कू आदि मौजूद रहे। संचालन अमित पांडे और खेल प्रशिक्षक नीरज सक्सेना ने किया।मैराथन प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिए ऊधम सिंह नगर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ की ओर से करीब दो हजार लोगों को फ्लेवर्ड मिल्क वितरित किया गया। प्रधान प्रबंधक राजेश मेहता ने मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई दी। संघ अध्यक्ष प्रभा रावत सहित अन्य लोग मौजूद रहे। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने पर्यावरण मित्रों के साथ सहभोज कार्यक्रम आयोजित किया। केक काटकर मुख्यमंत्री के दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### थारू समाज का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस पर ब्लॉक परिसर में थारू जनजाति समाज ने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा व सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह राणा की देखरेख में केक काटकर बधाई दी गई। महिला–पुरुष कलाकारों ने लोकगीत, नृत्य व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांधा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिपंअ अजय मौर्य ने की। बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

## धामी जन्मदिन: मंत्री कैड़ा का रक्तदान शिविर

**भीमताल।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन पर भीमताल के रामलीला मैदान में कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा के नेतृत्व में भव्य कार्यक्रम हुआ। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर सीएम की दीर्घायु की कामना की। इस दौरान आयोजित रक्तदान शिविर में दर्जनों लोगों ने रक्तदान किया।साथ ही, 'सरकार जनता के द्वार' अभियान के तहत बहुउद्देशीय शिविर लगाया गया। इसमें ग्रामीणों ने बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं। मंत्री कैड़ा ने अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कई भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।







# अघोषित बिजली कटौती से शेरपुर कलां में उबाल, हजारों ग्रामीणों ने बिजलीघर घेरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शेरपुर कलां।** लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और बदहाल विद्युत आपूर्ति के खिलाफ बुधवार को शेरपुर कलां समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों में आक्रोश फूट पड़ा। जटपुरा, गजरौला, लाह सहित कई गांवों से हजारों की संख्या में आक्रोशित ग्रामीण आसाम रोड स्थित बिजलीघर पर पहुंच गए। बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

ग्रामीणों का आरोप था कि दिन हो या रात, घंटों बिजली गुल रहती है और बिजली आने-जाने का कोई निर्धारित समय नहीं है। भीषण गर्मी और उमस के बीच लगातार कटौती से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई दिनों से लोग रातें जागकर काटने को मजबूर हैं। प्रदर्शन का नेतृत्व सलमान खान, नदीम खान, हसीब खान, बंटी जटपुरा और पूर्व प्रधान विपिन सिंह सहित अन्य लोगों ने किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग उठाई।



हंगामा करते लोग। –जागरण मोर्चा



पुलिस को ज्ञापन देते लोग। –जागरण मोर्चा

मौके की स्थिति को देखते हुए कोतवाली निरीक्षक भी बिजलीघर पहुंचे और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। बाद में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन जेई प्रभारी सर्वेश सिंह को सौंपा। जेई ने समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

ग्रामीणों का कहना है कि 24 घंटे में महज कुछ ही घंटे बिजली मिल रही है। वह भी कब आएगी और कब चली जाएगी, इसका कोई भरोसा नहीं है। रात के समय बिजली कटौती होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, वहीं बुजुर्गों और बीमार लोगों को गर्मी में परेशानी उठानी पड़ रही है। बिजली आपूर्ति बाधित होने का असर रोजमर्रा की जिंदगी के साथ छोटे कारोबार पर भी पड़ रहा है। दुकानदारों और कारीगरों का काम प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक बिजली न मिलने से पानी की टंकियां भी नहीं भर पा रही हैं, जिससे पेयजल संकट की स्थिति बनने लगी है।

ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत आपूर्ति में सुधार के लिए कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने विभाग पर कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए जल्द व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की। समाचार लिखे जाने तक बड़ी संख्या में ग्रामीण बिजलीघर पर डटे हुए थे और विद्युत आपूर्ति में तत्काल सुधार की मांग कर रहे थे।

## प्रदेश में और गहराया बिजली संकट, 13 उत्पादन इकाइयां चल रहीं बंद; अब केरल से बिजली लेने की तैयारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** प्रदेश में बिजली संकट गहराता जा रहा है।। बुधवार को भी 13 उत्पादन इकाइयां बंद रहीं। इससे 5940 मेगावाट कम उत्पादन हुआ है। ऊर्जा विभाग जल्द व्यवस्था पटरी पर आने की दुहाई दे रहा है। लेकिन में भविष्य में बिजली संकट बढ़ सकता है।

प्रदेश में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। 14 सितंबर को यह अधिकतम मांग 27407 मेगावाट रही। यूपीएसएलडीसी का दावा है कि वह रोस्टर से अधिक बिजली आपूर्ति कर रहा है। ग्रामीण इलाके में बुधवार को आपूर्त घटकर 18 के बजाय 15 घंटे की आपूर्ति की गई है। लोकल फॉल्ट अलग से बना रहा। उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्हें 10 से 12 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। विभागीय रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार को 10 उत्पादन इकाइयां बंद थी, जिनसे 5340 मेगावाट उत्पादन प्रभावित हो रहा था, लेकिन मंगलवार 13 इकाइयां बंद हो गई। इन्हें बुधवार को भी नहीं चलाया जा सका। इसका सीधा असर बुधवार की बिजली आपूर्ति पर पड़ा।

पॉवर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने विभागीय अधिकारियों के साथ बुधवार को भी समीक्षा की। बताया गया कि कोयला खदान क्षेत्रों में अतिवृष्टि और जलभराव से उत्पादन प्रभावित हुआ है। इस पर गोयल ने कहा कि सभी क्षेत्रों में निर्धारित शेड्यूल के अनुसार आपूर्ति हर हाल में सुनिश्चित की जाए। विभाग का दावा है कि जल्द ही कुछ इकाइयां शुरू हो जाएंगी। इससे राहत मिलेगी। बॉयलर ट्यूब लीकेज के कारण बंद इकाइयां उपलब्ध हो जाने से लगभग 1,250 मेगावाट की अतिरिक्त वृद्धि हो जाएगी।

## 'ओजोन की पुकार' से गूंजा लक्ष्य महाविद्यालय लघु नाटिकाओं ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** विश्व ओजोन दिवस पर लक्ष्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष डॉ. रवि कुमार गुप्ता व प्रबंधक नितिन गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों की रचनात्मक पहल की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वी.के. गुप्ता ने किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों की लघुनाटिकाएं 'ओजोन की पुकार' और 'ओजोन की अदालत' रहीं। 'ओजोन की पुकार' में रोहित, विकास, इलमा, अंशिका, मो. इबादिल व नुरैन अली ने प्रभावी अभिनय किया। 'ओजोन की अदालत' में विद्यार्थियों ने पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों को कटघरे में खड़ा किया। राघव दीक्षित, मो. इबादिल, अंशिका, इलमा बी सहित अन्य विद्यार्थियों ने प्रस्तुति दी। लघुनाटिकाओं ने दर्शकों को मनोरंजन के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति गंभीर संदेश दिया। विद्यार्थियों ने बताया कि ओजोन परत पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा-कवच का कार्य करती है। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने ओजोन और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।



लक्ष्य महाविद्यालय में ओज़ोन को लेकर कार्यक्रम। –जागरण मोर्चा

इस अवसर पर डॉ. उमेश कुमार, डॉ. योगेंद्र वर्मा, डॉ. मंजू रानी, डॉ. रामगोपाल वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम ने आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## ई-रिक्शा चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, नाबालिग समेत दो पकड़े

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रनपुर।** माधोटांडा क्रासिंग के पास से चोरी हुए ई-रिक्शा के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग समेत दो लोगों को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर चोरी किया गया ई-रिक्शा भी बरामद कर लिया है। कार्रवाई के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की। नगर के मोहल्ला रजागंज निवासी जावेद अली ने 15 सितंबर को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उनका ई-रिक्शा धोबी घाट माधोटांडा क्रासिंग के पास खड़ा था। इसी दौरान अज्ञात लोग उनका ई-रिक्शा चोरी कर ले गए। काफी तलाश करने के बाद भी ई-रिक्शा का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना देकर मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। ई-रिक्शा चोरी की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास जानकारी जुटाने के साथ ही संदिग्धों के बारे में छानबीन की। जांच के दौरान पुलिस को चोरी की घटना में खमरिया पट्टी निवासी शिवा के शामिल होने की जानकारी मिली।



पुलिस की हिरासत में आरोपी।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शिवा को पकड़ लिया। उसके साथ एक नाबालिग को भी पुलिस ने हिरासत में लिया। पुलिस ने पूछताछ के बाद दोनों की निशानदेही पर चोरी किया गया ई-रिक्शा बरामद कर लिया। ई-रिक्शा बरामद होने के बाद पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। मामले के खुलासे के बाद पीड़ित ने राहत की सांस ली। पुलिस के मुताबिक चोरी की घटना में शामिल अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। पकड़े गए आरोपितों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जा रही है।

## किसान दिवस में अपर जिलाधिकारी ने शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रोशनी यादव की अध्यक्षता में गोमती सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न कृषकों और संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं। निरंजन लाल एवं डालचन्द निवासी ग्राम विसेन ने अवगत कराया कि उनकी कृषि भूमि पर बिजली के तार काफी नीचे लटक रहे हैं, जिन्हें ऊंचा किया जाए। गोमती देवी निवासी ग्राम नवादा श्यामपुर ने सरकारी आवास उपलब्ध कराने की मांग की, जबकि बालमुकन्द ग्राम नावकूंड, जिला सचिव भारतीय किसान यूनियन (भानू), ने लगभग 30 छुट्टा पशुओं द्वारा फसलों को हो रही हानि की ओर ध्यान दिलाया। अपर जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। किसानों को विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं देय अनुदान की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक राम मिलन सिंह परिहार, नाबार्ड के सी0पी0 त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



गोमती सभागार में किसान दिवस में मौजूद अपर जिलाधिकारी। –जागरण मोर्चा

## संक्षेप समाचार

### पंचायत सहायकों का मानदेय बढ़कर नौ हजार रुपये होगा

लखनऊ (एजेंसी)। योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश के पंचायत सहायकों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंचायत सहायकों का मानदेय छह हजार रुपये से बढ़ाकर नौ हजार रुपये प्रतिमाह करने का फैसला किया है। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के 57 हजार से अधिक पंचायत सहायकों को लाभ मिलेगा। बढ़ा हुआ मानदेय डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में भेजा जाएगा। सरकार ने पंचायत सहायकों को मानदेय बढ़ाने के साथ सेवा सुरक्षा देने की भी घोषणा की है। अब पंचायत सहायक को ग्राम प्रधान या पंचायत सचिव अपने स्तर से नहीं हटा सकेंगे। पंचायत सहायकों से जुड़े किसी भी प्रकरण में कार्रवाई का निर्णय जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति करेगी। इससे पंचायत सहायकों को सेवा से संबंधित मामलों में अधिक सुरक्षा मिल सकेगी।मुख्यमंत्री ने महिला पंचायत सहायकों के लिए मातृत्व अवकाश की सुविधा देने की भी घोषणा की है। इसके अलावा पंचायत सहायकों को कैशलेस उपचार की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार के अनुसार, इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य पंचायत सहायकों को बेहतर सेवा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। घोषणाओं में आंदोलन के दौरान पंचायत सहायकों के खिलाफ दर्ज मुकदमों को वापस लेने का निर्णय भी शामिल है। साथ ही आंदोलन के दौरान कार्रवाई के तहत हटाए गए पंचायत सहायकों को बहाल करने की बात कही गई है। सरकार के इन फैसलों से पंचायत सहायकों को आर्थिक लाभ के साथ सेवा सुरक्षा और अन्य सामाजिक सुविधाएं मिलने का रास्ता साफ हुआ है। मानदेय में बढ़ोतरी से पंचायत स्तर पर कार्यरत सहायकों को सीधे आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है।

### साइबर कॉल सेंटर से पकड़े 119 लोगों की गिरफ्तारी वैध

**लखनऊ (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने विभूतिखंड स्थित समिट बिल्डिंग की 11वीं मंजिल से कथित फर्जी साइबर कॉल सेंटर में पकड़े गए 119 लोगों की गिरफ्तारी को वैध माना है। न्यायमूर्ति रजनीश कुमार और न्यायमूर्ति बबिता रानी की पीठ ने 14 आरोपियों की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि गिरफ्तारी में प्रक्रियात्मक कमियां मात्र होने से गिरफ्तारी अवैध नहीं हो जाती। मामला 30 जून 2026 की रात का है। पुलिस ने सूचना के आधार पर छापा मारकर 119 लोगों को पकड़ा था। मौके से 103 लैपटॉप, 109 मोबाइल फोन, 68 आईफोन और 116 हेडफोन समेत बड़ी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए थे। पुलिस के अनुसार, कॉल सेंटर में अमेरिकी नागरिकों को विभिन्न सरकारी एजेंसियों और कंपनियों के अधिकारी बनकर ठगा जाता था।

### नवजात मौत : हाईकोर्ट ने मांगी कार्ययोजना

**लखनऊ (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सुलतानपुर से लखनऊ इलाज के लिए लाए गए नवजात की मौत के मामले में प्रदेश सरकार को चिकित्सा व्यवस्था मजबूत करने के लिए समयबद्ध और ठोस कार्ययोजना पेश करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति मंजिव शुक्ल की पीठ ने चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव से तत्काल और दीर्घकालिक उपायों की कार्ययोजना शपथपत्र के साथ पेश करने को कहा है। अदालत ने प्रदेश के बजट में चिकित्सा सुविधाओं और सेवाओं के लिए आवंटित राशि का अनुपात भी बताने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि धन की कमी बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में बाधा नहीं बननी चाहिए। अदालत ने नए मेडिकल कॉलेजों में पर्याप्त ढांचागत सुविधाएं, विशेषज्ञ सेवाएं और वेंटिलेटर जैसी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया, ताकि गंभीर मरीजों को लखनऊ न भेजना पड़े। पीठ ने कहा कि यदि मरीज को उच्च चिकित्सा केंद्र भेजना जरूरी हो तो एंबुलेंस में भी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं होनी चाहिए। मामले में केजीएमयू के चिकित्सकों और परिजनों के दावों में अंतर सामने आने पर अदालत ने प्रभावी मार्गदर्शन एवं परामर्श व्यवस्था की जरूरत बताई। राज्य सरकार को 15 दिन में जांच रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया गया है। अगली सुनवाई एक अक्टूबर को होगी।

### फसल नुकसान के सर्वे की रफ्तार धीमी

**लखनऊ (एजेंसी)।** अतिवृष्टि और बाढ़ से फसलों को हुए नुकसान के सर्वे और मुआवजा वितरण की गति अभी धीमी है। प्रदेश में फसल नुकसान के संबंध में 3,61,120 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 3,04,028 आवेदक पात्र पाए गए हैं। अब तक केवल 45,828 आवेदनों का सर्वे पूरा हो सका है। वहीं, 1,83,351 आवेदनों का सर्वे प्रक्रियाधीन है, जबकि 74,849 आवेदनों का सर्वे किया जाना बाकी है। कृषि विभाग के अनुसार फसल नुकसान के सर्वे के लिए बीमा कंपनियों को संबंधित जिलाधिकारियों और उप कृषि निदेशकों के माध्यम से जांच समितियां गठित कराने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को जल्द सर्वे पूरा कर पात्र किसानों को मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए गए हैं।

### विवेक तिवारी हत्याकांड में फैसले पर निगाहें

**लखनऊ (एजेंसी)।** गोमतीनगर के बहुचर्चित विवेक तिवारी हत्याकांड में गुरुवार को फैसला आने की संभावना के बीच करीब आठ वर्ष पुराने मामले पर सभी की निगाहें टिकी हैं। एप्पल के एरिया सेल्स मैनेजर विवेक तिवारी की पुलिसकर्मी की गोली से मौत के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे थे। मामले में आरोपित सिपाही प्रशांत चौधरी और सहआरोपित संदीप कुमार के खिलाफ मुकदमा चल रहा है। 29 सितंबर 2018 की देर रात विवेक तिवारी अपनी सहकर्मी सना खान के साथ कार से लौट रहे थे। गोमतीनगर विस्तार में मकदूमपुर पुलिस चौकी के पास सिपाही प्रशांत चौधरी और संदीप कुमार ने उनकी कार को रोकने का प्रयास किया था।

### युवती को कार से टक्कर मारने का आरोपित गिरफ्तार

**लखनऊ।** जनेश्वर मिश्र पार्क के पास बुधवार सुबह विवाद के दौरान युवती को कार से टक्कर मारने के मामले में पुलिस ने वाहन के नंबर के आधार पर शाहनवाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपित ने युवती को प्रेम संबंध के लिए कथित तौर पर यश ठाकुर नाम बताया था। घटना के बाद घायल युवती को सड़क पर छोड़कर आरोपित फरार हो गया। मामले में शाहनवाज के साथ कार में बैठे उसके मित्र दानिश के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने हिट एंड रन के मामले की जांच के लिए तीन टीमें गठित की थीं। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है और घटना से जुड़े तथ्यों की जांच की जा रही है।

**गुस्सा** | शिकायतों के वावजूद क्षेत्र में नही रुक पा रही कटौती

## बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दिलावरपुर/घुंघचाई।** बिजली कटौती रुकने का नाम नही ले रही। शिकायत के बाद भी सुधार नही हो रहा है। इससे नाराज ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर बिजली की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है। घुंघचाई बिजली उपकेंद्र क्षेत्र में बिजली आपूर्ति नाममात्र की हो रही है। कटौती से लोग परेशान है। रात्रि के शेड्यूल ने उपभोक्ताओं की परेशानी बढा दी है। विधायक डीएम, एसडीओ से शिकायत कि गई लेकिन बिजली में कोई सुधार ना होकर कटौती जारी है। ग्रामीणों के लिए सबसे बड़ी परेशानी रात्रि के समय बिजली कटौती को लेकर है। यही वह समय होता है जब घरों में खाना बनाने की तैयारी होती है। बच्चे पढ़ाई के लिए बैठते हैं और दिनभर के काम निपटाते हैं। लेकिन बिजली नहीं होने से पूरा माहौल अस्त-व्यस्त हो जाता है।कई घरों में मोबाइल की रोशनी और टॉर्च के सहारे काम चलाना पड़ता है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने के साथ ही घरेलू कामकाज भी रुक जाता है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली विभाग द्वारा जारी शेड्यूल देखकर लोगों को लगा था कि उन्हें निर्धारित समय पर पर्याप्त बिजली मिलेगी, लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। रात्रि में बिजली आपूर्ति का समय ऐसा है कि उसका लोगों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। इससे नाराज नरायनपुर ता. घुंघचाई के ग्रामीणों ने विरोध कर कटौती पर रोक लगाए जाने की मांग की है। इस दौरान कई ग्रामीण मौजूद रहे। मंगलवार की पूरी रात बिजली कटौती होती रही। जिससे लोग परेशान होते दिखे,



दिलावरपुर गांव में प्रदर्शन करते ग्रामीण। –जागरण मोर्चा

## बिना लाइसेंस कुत्ता पालने पर 3 पर जुर्माना

**लखनऊ।** शहर में पालतू कुत्तों के लाइसेंस संबंधी नियमों को लेकर नगर निगम ने सख्ती शुरू कर दी है। मंगलवार को गोमतीनगर के विशाल खंड, विराट खंड और लोहिया पार्क के आसपास पालतू कुत्तों के लाइसेंस की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर पशु कल्याण टीम ने सुबह 6:30 बजे अभियान शुरू किया। इस दौरान बिना लाइसेंस कुत्ता पालने के मामले में तीन लोगों से कुल 15 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के बाद संबंधित लोगों को मौके पर ही पालतू कुत्तों के लाइसेंस भी जारी किए गए। नगर निगम ने लोगों से पालतू कुत्तों का अनिवार्य रूप से लाइसेंस कराने और निर्धारित नियमों का पालन करने की अपील की है।

## जनगणना-2027 के द्वितीय चरण हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण "जनसंख्या की गणना" को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया, जिसमें जिला, तहसील और चार्ज स्तर के अधिकारी, जनगणना चार्ज लिपिक एवं तकनीकी सहायक शामिल हुए। जनगणना निदेशालय द्वारा नामित नोडल अधिकारी शुभम बाजपेई ने बताया कि मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण 23 से 26 सितम्बर को लखनऊ में होगा, जबकि अक्टूबर में फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण जिला स्तर पर आयोजित किया जाएगा। 17 सितम्बर को नगरीय और 18 सितम्बर को ग्रामीण चार्जों के अधिकारियों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्व-गणना का कार्य 16 अक्टूबर से 30 नवम्बर 2026 तक चलेगा, जिसके लिए अनुराग श्याम रस्तोगी, जिला प्रोबेशन अधिकारी को सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 1 दिसम्बर 2026 से प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना का कार्य करेंगे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को पूर्ण निष्ठा से कार्य करने के निर्देश दिए।





जनसंख्या की गणना में मौजूद जिलाधिकारी। –जागरण मोर्चा

# शिशु वाटिका के अवलोकन के साथ संस्कार केंद्रों के विस्तार पर मिला मार्गदर्शन

## कार्यक्रम में कई मुख्य बिन्दुओं पर की गई चर्चाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर के आरएसआरडी सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिशु वाटिका अवलोकन एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिशु शिक्षा समिति, ब्रज प्रांत के शिशु वाटिका प्रभारी श्रीमान राम किशोर श्रीवास्तव जी एवं सेवा भारती संस्कार केंद्र प्रमुख रोहिताश ने विद्यालय का भ्रमण कर शिशु शिक्षा एवं संस्कार केंद्रों के विस्तार के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए शिशु शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि



कार्यक्रम में मौजूद स्टाफ। -जागरण मोर्चा

बाल्यावस्था में दिए गए संस्कार एवं मूल्य बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर शिशु वाटिका प्रमुख श्रीमती प्रभा प्रधान ने शिशु वाटिका में संचालित विभिन्न गतिविधियों, शिक्षण पद्धतियों एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी अतिथियों को दी। रोहिताश ने नए संस्कार केंद्रों की स्थापना एवं विस्तार के उद्देश्य से विद्यालय परिवार को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि संस्कार केंद्रों के माध्यम से समाज के अधिक से अधिक बालकों तक संस्कारयुक्त शिक्षा, भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं जीवन-मूल्यों को पहुँचाने का कार्य किया जा सकता है। उन्होंने संस्कार केंद्रों के संचालन, गतिविधियों तथा उनके विस्तार से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर आचार्यों के साथ विचार-विमर्श किया। राम किशोर श्रीवास्तव ने आचार्यों को पंचपदी शिक्षा प्रणाली के संबंध में विस्तृत एवं व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बालकों की आयु एवं रुचि के अनुरूप शिक्षण को प्रभावी बनाने तथा खेल, गतिविधि एवं अनुभव आधारित शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने पंचकोशीय विकास की अवधारणा को समझाते हुए बालकों के शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आनंदमय विकास को शिक्षा प्रक्रिया से जोड़ने पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान आचार्यों ने शिशु शिक्षा, पंचपदी शिक्षा प्रणाली, पंचकोशीय विकास एवं संस्कार केंद्रों के विस्तार से संबंधित विभिन्न विषयों पर अतिथियों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। अतिथियों ने विद्यालय की शिशु वाटिका में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए इसे और अधिक प्रभावी एवं गतिविधि-आधारित बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय एवं शिशु वाटिका प्रमुख प्रभा प्रधान ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के मार्गदर्शन से आचार्यों को शिशु शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने तथा बच्चों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास की दिशा में कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम का उद्देश्य बालकों में शिक्षा के साथ संस्कार, संस्कृति एवं जीवन-मूल्यों का विकास करते हुए उन्हें समाज और राष्ट्र के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में प्रयासों को और गति प्रदान करना रहा।

# आरबीएसके ने दो मासूमों की आंखों में लौटाई रोशनी, निःशुल्क हुआ इलाज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नियमित जांच के दौरान दो बच्चों में मोतियाबिंद की पहचान की। अमरिया विकासखंड के मुंडलिया गौसू निवासी तीन वर्षीय अयान की दोनों आंखों में मोतियाबिंद पाया गया। आरबीएसके टीम ने परिजनों को जानकारी देकर बच्चे को सीतापुर आई हॉस्पिटल भेजा, जहां उसका उपचार कराया गया।इस मामले में टीम ए से डॉ. सामान इसरार, ऑप्टोमेट्रिस्ट अरुण कुमार और एएनएम गायत्री देवी शामिल रहीं। इसी तरह पूरनपुर विकासखंड के दिलावरपुर निवासी दो वर्षीय आरव की बाईं आंख में मोतियाबिंद की पहचान हुई। टीम ने समय रहते बच्चे को विशेषज्ञ चिकित्सकों के पास भेजकर सीतापुर आई हॉस्पिटल में उपचार कराया। इस मामले में टीम बी



आंखों का चेकअप करते स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

से डॉ. प्रियंका चतुर्वेदी, फार्मासिस्ट विष्णु कुमार और स्टाफ नर्स आरती देवी शामिल रहीं। दोनों बच्चों का उपचार सरकारी योजना के तहत निःशुल्क कराया गया। आरबीएसके टीम की सक्रियता से बच्चों की बीमारी का समय पर पता लगने से बेहतर उपचार संभव हो सका। परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग और आरबीएसके टीम का आभार जताया। सीएमओ डॉ. बीसी पंथ के मार्गदर्शन और डीईआईसी मैनेजर मोहम्मद मो जुबैर के समन्वय से उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। जन्मजात बीमारियों से ग्रसित बच्चों के निःशुल्क उपचार के लिए डीईआईसी प्रबंधक से 7536844761 पर संपर्क किया जा सकता है।

# बीस साल सेवा के बाद खाली हाथ सेवानिवृत्त हुए शिक्षामित्र

## भावुक हुई विदाई, स्कूल के बच्चों की आंखें हुईं नम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** ब्लाक क्षेत्र के एक परिषदीय विद्यालय के शिक्षामित्र ने 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर शिक्षा विभाग में 20 वर्ष की सेवा देने के बाद खाली हाथ तीन सितंबर को सेवानिवृत्त हो गए। विद्यालय में बुधवार को विद्यालय अवकाशोपरांत विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्लाक पूरनपुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय शेरपुर मकरंदपुर के शिक्षामित्र शशांक शेखर राय शिक्षा विभाग में 10 अप्रैल 2006 से सेवा दे रहे थे, 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर 20 वर्ष की सेवा के बाद तीन सितंबर को सेवानिवृत्त हो गए।जिसके उपलक्ष्य में अध्यापकों ने विद्यालय में बुधवार को अवकाशोपरांत विदाई समारोह





विदाई कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

आयोजित किया, जिसमें शिक्षामित्र को भावभीनी विदाई दी गई।विदाई समारोह में विद्यालय के बच्चे भावुक हो गए, बच्चों को भावुक होते देख सेवानिवृत्त शिक्षामित्र शशांक शेखर राय अपनी आंखों में आंसू नहीं रोक सके, उन्होंने बच्चों से कहा कि सभी बच्चे मन लगाकर खूब पढ़ें और अपने माता-पिता का नाम रोशन करें।विदाई समारोह में शिक्षकों व शिक्षामित्रों ने फूलमाला पहनाकर, शॉल उढ़ाकर और उपहार देकर सम्मानित किया तथा उनके सुखी और स्वस्थ जीवन की कामना की, कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संतोष कुमार पासवान ने किया।इस मौके पर शिक्षक हरीप्रकाश, विमल कुमार, विश्वनाथ सिंह कुशवाहा, सर्वेश कुमार स्वर्णकार, दिलनवाज अहमद खां, दिनेश यादव, सतीश कुमार, धर्मेन्द्र कुशवाहा, रंजीत कुशवाहा, सुमनलता, शीला रानी सरकार, राधाकृष्ण कुशवाहा, रविकांत शुक्ला, हरवंश सिंह, जागेश्वर दयाल, शिवसागर, रामसनेही, जीतसिंह आदि मौजूद रहे।

# युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने आरोप लगाया है कि उसकी 19 साल की बेटी को बहला-फुसलाकर भगाया गया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में मां ने बताया कि 15 सितंबर की तड़के करीब 3 से 4 बजे उसकी बेटी घर से लापता हो गई।आरोप है कि माधौटांडा थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया।युवती को भगाने में गांव की एक महिला और उसके पति समेत तीन अज्ञात लोगों के शामिल होने का भी आरोप है, शिकायत के अनुसार नामजद महिला कथित तौर पर युवती को अपने घर बुलाकर आरोपी युवक से फोन पर बात करवाती थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने युवती की तलाश शुरू की, इस दौरान कुछ लोगों ने युवक और अन्य लोगों को युवती को अपने साथ ले जाते हुए देखा। युवती का मोबाइल फोन भी कथित तौर पर नामजद महिला के घर से मिला है। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने माधौटांडा थाना क्षेत्र के गांव कीरतपुर निवासी दिलबाग सिंह, रूपा देवी और रूप गिरी समेत तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## संक्षेप समाचार

### लंबित छात्रवृत्ति आवेदनों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश



छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं की समीक्षा बैठक में मौजूद जिलाधिकारी व अन्य।

**पीलीभीत।** वित्तीय वर्ष 2026-27 की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं की समीक्षा बैठक गांधी सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने की। बैठक में कक्षा 9-10 और कक्षा 11-12 के विद्यालय स्तर पर लंबित छात्रवृत्ति आवेदनों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अत्यधिक संख्या में लंबित आवेदनों पर नाराजगी जताते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने पात्र आवेदनों को नियमानुसार अग्रसारित तथा अपात्र आवेदनों को नियमानुसार निरस्त करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी पात्र छात्र-छात्रा छात्रवृत्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रतिदिन विद्यालयवार लंबित आवेदनों की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों से शासन की मंशा के अनुरूप छात्रवृत्ति योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र विद्यार्थियों तक पहुंचाने को कहा गया। बैठक में सीडीओ सतीश प्रसाद मिश्र सहित समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण और शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने लंबित आवेदनों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

### मुख्य मार्ग के बीच कूड़ा डाले जाने से राहगीर परेशान, एडीएम से कार्रवाई की मांग

**पूरनपुर।** नगर पालिका परिषद पूरनपुर के सफाई कर्मचारियों पर मुख्य मार्ग के बीच कूड़ा डालने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर समस्या से अवगत कराया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण के लिए उचित व्यवस्था किए जाने के बावजूद सफाई कर्मचारी बड़े वाहनों से कूड़ा मुख्य सड़क के बीच तक डाल रहे हैं। इससे सड़क पर गंदगी का अंबार लगने के साथ आवागमन प्रभावित हो रहा है। शिकायत में कहा गया है कि कई स्थानों पर सड़क के बीच तक कूड़ा पड़े रहने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कूड़े के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। शिकायतकर्ता ने बताया कि नगर पालिका द्वारा कूड़ा निस्तारण के लिए निर्धारित स्थल पर कूड़ा डाले जाने की व्यवस्था की गई है। इसके बावजूद मुख्य मार्ग पर कूड़ा डाले जाने से व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शिकायतकर्ता ने अपर जिलाधिकारी से मामले की जांच कराकर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही मुख्य मार्ग पर कूड़ा डालने की समस्या का स्थायी समाधान कराने का अनुरोध किया गया है।

### जनगणना-2027 के प्रचार-प्रसार हेतु जिला प्रोवेशन अधिकारी नामित

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी के आदेशानुसार जनगणना-2027 के द्वितीय चरण "जनसंख्या की गणना" के व्यापक प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी अनुराग श्याम रस्तोगी, जिला प्रोवेशन अधिकारी को सौंपी गई है। वे प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया और ट्विटर के माध्यम से जनगणना संबंधी सभी गतिविधियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और बैठकों की जानकारी जनमानस तक पहुंचाएंगे। जिला सूचना अधिकारी के समन्वय से वे जनगणना निदेशालय के शासनादेशों के अधीन रहते हुए पूर्ण प्रचार अभियान संचालित करेंगे। साथ ही जिलाधिकारी के सभी सोशल मीडिया हैंडल्स पर जनगणना की कार्यवाही से संबंधित नियमित पोस्टिंग सुनिश्चित की जाएगी। जनगणना निदेशालय के निर्देशों के क्रम में जिला स्तरीय अधिकारियों, चार्ज अधिकारियों, जनगणना लिपिक, तकनीकी सहायकों और फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण समय-समय पर आयोजित किया जा रहा है।

# जुलूस-ए-गौसिया को लेकर बैठक आयोजित, डीजे पर पूरी तरह रहेगा प्रतिबंध



जुलूस-ए-गौसिया को लेकर बैठक। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शेरपुर कलां।** कस्बे की शाही जामा मस्जिद में जुलूस-ए-गौसिया के आयोजन को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जुलूस को शांतिपूर्ण और अनुशासित ढंग से निकालने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि जुलूस-ए-गौसिया का आयोजन 24 सितंबर को सुबह 8:00 बजे किया जाएगा। जुलूस में डीजे और बड़े साउंड सिस्टम के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। आयोजकों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि कोई भी ग्रुप डीजे वाली ठेली या साउंड सिस्टम लेकर आता है तो उसे जुलूस में कतई शामिल नहीं होने दिया जाएगा। इसके अलावा यह भी तय हुआ कि जुलूस अपने पुराने और निर्धारित तयशुदा मार्ग से ही निकाला जाएगा। इस बैठक में शाही जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती तहसीन रजा मौलाना हाशिम कुद्दूसी मौलाना बासिल जफर, मौलाना साजिद रजा, हाफिज अनीस खान हाफिज आसिफ हुसैन हाफिज अमान कारी रिहान रजा रहीस ख़ान टीटी एस के नदीम खान मीनू बरकती, दिलशाद खान तथा सलमान खान समेत कस्बे के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बिजली कटौती पर आधी रात को भड़के ग्रामीण, प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

- **माधोटांडा-खटीमा रोड पर लगाया जाम, दिया आश्वासन**

**पूरनपुर।** क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा देर रात फूट पड़ा। बिजली आपूर्ति बाधित रहने से नाराज ग्रामीण बड़ी संख्या में सड़क पर उतर आए और माधोटांडा-खटीमा रोड पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। आधी रात को सड़क पर जाम लगने की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस महकमे में खलबली मच गई। माधोटांडा प्रधान नईम अली के नेतृत्व में ग्रामीण सड़क पर एकत्र हुए। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कहा कि लगातार अघोषित कटौती के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना था कि दिन हो या रात, बिजली की आपूर्ति कभी भी बाधित हो जाती है। लंबे समय तक बिजली न आने से घरों के साथ-साथ अन्य जरूरी कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों के सड़क पर बैठ जाने से माधोटांडा-खटीमा मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। देर रात मार्ग पर आवागमन बाधित होने की सूचना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को दी गई। इसके बाद पुलिस टीम के साथ बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। काफी देर तक अधिकारी ग्रामीणों को समझाते रहे और बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार का भरोसा दिलाया। इस दौरान ग्रामीणों ने अघोषित कटौती को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की और समस्या का स्थायी समाधान किए जाने की मांग की। काफी देर तक चले समझाने-बुझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए। इसके बाद उन्होंने सड़क से जाम हटा लिया। जाम खुलने के बाद मार्ग पर यातायात सुचारु हो सका। देर रात तक चले विरोध प्रदर्शन के चलते पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। ग्रामीणों का कहना है कि यदि बिजली कटौती की समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो उन्हें दोबारा आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। वहीं, अधिकारियों ने ग्रामीणों को बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार का आश्वासन दिया है।

**आक्रोश** पत्थर मारकर तोड़ा शौचालय का ताला, वीडीओ वायरल

# महिला शौचालय पर ताला लगा देख भड़कीं अधिवक्ताएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** तहसील परिसर में महिला शौचालय पर ताला लगा होने से महिला अधिवक्ताओं और अन्य महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को शौचालय बंद मिलने पर महिला अधिवक्ताओं में नाराजगी फैल गई। काफी प्रयास के बाद भी जब शौचालय का ताला नहीं खुल सका तो महिला अधिवक्ताओं ने पत्थर मारकर ताला तोड़ दिया। शौचालय का ताला तोड़े जाने का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

महिला अधिवक्ताओं के मुताबिक तहसील परिसर में इन दिनों सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के चलते महिलाओं के



मौके पर मौजूद अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा

लिए परिसर में फिलहाल दूसरा शौचालय उपलब्ध नहीं है। ऐसे में तहसील परिसर में स्थित महिला शौचालय का ही अधिवक्ताओं के साथ-साथ तहसील आने वाली अन्य महिलाओं को भी प्रयोग करना पड़ता है। महिला अधिवक्ता आरती, नीरू और मीना ने बताया कि मंगलवार को जब वह तहसील परिसर में पहुंचीं तो महिला शौचालय के मुख्य गेट पर ताला लगा मिला। शौचालय बंद होने के कारण महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने शौचालय खोलने के लिए चाबी तलाशने और संबंधित लोगों से चाबी लेने का प्रयास किया, लेकिन चाबी नहीं मिल सकी।

महिला अधिवक्ताओं का आरोप है कि काफी प्रयास के बावजूद जब शौचालय का ताला नहीं खुला तो मजबूरी में पत्थर मारकर ताला तोड़ा गया। इसके बाद शौचालय के अंदर जाकर देखा गया तो वहां एक बाइक खड़ी मिली। शौचालय के अंदर बाइक खड़ी होने को लेकर भी महिला अधिवक्ताओं ने नाराजगी जताई।

मामले का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में महिला शौचालय के बंद गेट का ताला पत्थर से तोड़े जाने का दृश्य दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद तहसील परिसर में शौचालय की व्यवस्था को लेकर चर्चाएं शुरू हो गईं। महिला अधिवक्ताओं का कहना है कि तहसील में रोजाना बड़ी संख्या में महिलाएं अपने जरूरी कार्यों के लिए आती हैं। ऐसे में महिलाओं के लिए शौचालय की उचित व्यवस्था होना बेहद जरूरी है।

# 60 साल पुराने रास्ते पर दीवार बनाने का आरोप

**पीलीभीत।** पीलीभीत के सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम बरहा (राजीव कॉलोनी) में करीब छह दशक पुराने सार्वजनिक रास्ते पर दीवार खड़ी कर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने बुधवार को प्रदर्शन किया। सपा के पूर्व राज्यमंत्री हेमराज वर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण कलक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर रास्ते से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि जिस रास्ते का इस्तेमाल करीब 60 वर्षों से आवागमन के लिए किया जा रहा है, उसे रातोंरात दीवार खड़ी कर बंद कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कब्जे के दौरान पुलिस भी मौके पर मौजूद थी। ग्रामीणों का यह भी दावा है कि कब्जा करने वाला व्यक्ति भाजपा का बूथ अध्यक्ष है और सत्ता पक्ष के दबाव में कार्रवाई की गई।

# 17 सितंबर से शुरू होगा सेवा संकल्प अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा के उपलक्ष्य में प्रदेश सरकार द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। अभियान की तैयारियों को लेकर गांधी सभागार में प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख की अध्यक्षता में अधिकारियों के साथ बैठक हुई।

मंत्री ने अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से दिलाने पर जोर दिया। 17 सितंबर को दिव्यांग कल्याण कार्यक्रमों के साथ अभियान की शुरुआत होगी। गोमती उदगम स्थल पर 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम तथा जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।





गांधी सभागार में प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख व अधिकारी। -जागरण मोर्चा

प्रमुख मंदिरों, सरोवरों, विद्यालयों, महाविद्यालयों और चिकित्सालयों में शाम सात बजे दीपोत्सव होगा। विद्यालयों में 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। आंगनबाड़ी केंद्रों पर 'आंगन मिलन सेवा' के तहत उत्सव, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान और हेल्दी बेबी प्रतियोगिता होगी। स्वच्छता, पौधरोपण, रक्तदान, श्रमदान और नशामुक्ति जैसी गतिविधियों में नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। 28 सितंबर से 4 अक्टूबर तक विकासखंड स्तर पर स्वास्थ्य एवं दिव्यांग शिविर आयोजित किए जाएंगे। बैठक में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सुर्कीति माधव, जनप्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# वनडे टीम घोषित: वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलेंगे रोहित-कोहली, केएल राहुल को मिली बड़ी जिम्मेदारी; पंत का कटा पत्ता

**एजेंसी न्यूज**

नई दिल्ली. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की पुरुष चयन समिति ने बुधवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ भारतीय वनडे टीम का एलान कर दिया है। भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ इस महीने के अंत में तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। भारत इस सीरीज में शुभमन गिल की कप्तानी में खेलने उतरेगा। वहीं, श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में केएल राहुल को उपकप्तान बनाया गया है।

सीरीज का कार्यक्रम

भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ 27 सितंबर से शुरू होने वाली तीन मैच की वनडे सीरीज की शुरूआत तिरुवनंतपुरम से करेगी। इसके बाद दूसरा मुकाबला 30 सितंबर को गुवाहाटी और तीसरा मैच तीन अक्तूबर को मुल्लांपुर में खेला जाएगा। इसके बाद टी20 सीरीज खेली जाएगी। एशियाई खेलों की तारीखें वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से टकरा रही हैं। ऐसे में नियमित 50 ओवर के उपकप्तान श्रेयस अय्यर उपलब्ध नहीं होंगे क्योंकि वह जापान में टी20 टीम की अगुआई कर रहे होंगे।

वनडे टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली भी शामिल हैं। रोहित के भविष्य को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा



रही थी, लेकिन वह वनडे टीम में अपनी जगह बरकरार रखने में सफल हुए हैं। वहीं, श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में केएल राहुल उपकप्तान का जिम्मा संभालेंगे। ऋतुराज गायकवाड़ की वनडे टीम में वापसी हुई है और वह श्रेयस की अनुपस्थिति में नंबर चार का जिम्मा संभालेंगे।

चयन समिति ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे टीम में नहीं चुना है। उनकी जगह दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए जुरेल को प्राथमिकता मिली है। यह माना जा रहा था कि इन दोनों में से किसी एक को ही टीम में चुना जाएगा क्योंकि केएल राहुल के रूप में पहले ही एक विकेटकीपर मौजूद है। केएल राहुल विकेटकीपर के तौर पर पहली पसंद हैं।

रोहित के बाद सबसे ज्यादा चर्चा हार्दिक पांड्या को लेकर थी जो चोट के कारण पिछले कुछ समय से भारतीय टीम से बाहर हैं। हार्दिक चोट से उबर रहे हैं और उन्होंने बंगलूरू स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में अभ्यास भी शुरू कर दिया था। लेकिन उनका चयन नहीं होना दशार्ता है कि वह अभी मैच के लिए पूरी तरह फिट नहीं हैं। हालांकि, बीसीसीआई ने हार्दिक को लेकर कोई जानकारी नहीं दी है।

भारतीय वनडे टीम में ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की वापसी हो गई है। जडेजा पिछले कुछ समय से वनडे टीम से बाहर चल रहे थे, लेकिन उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। दिलचस्प बात यह है कि जम्मू-कश्मीर को अपनी कप्तानी में रणजी ट्रॉफी का खिताब दिलाने वाले आकिब नबी को वनडे टीम में जगह दी गई है। इससे पहले, उन्हें श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भी भारतीय टीम में शामिल किया गया था।

बुमराह को आराम, नमन धीर शामिल

वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को नहीं चुना गया है। बुमराह फिलहाल अफगानिस्तान के खिलाफ चल रही तीन मैचों की टी20 सीरीज का हिस्सा हैं। इसके अलावा उन्हें एशियाई खेलों के लिए भी चुना गया है। वर्कलोड के कारण बुमराह को वेस्टइंडीज सीरीज से आराम दिया गया है क्योंकि अक्तूबर से दिसंबर तक भारत को न्यूजीलैंड का दौरा करना है जहां टीम इंडिया तीनों प्रारूप की सीरीज खेलेगी। वहीं, हाल ही में शेर-ए-पंजाब लीग में दमदार बल्लेबाजी करने वाले नमन धीर को वनडे टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा यशस्वी जायसवाल भी वनडे टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि रोहित और गिल के रहने से यशस्वी को प्लेइंग-11 में मौका मिल पाता है या नहीं।

वेस्टइंडीज के खिलाफ भारतीय वनडे टीमः

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऋतुराज गायकवाड़, केएल राहुल (उपकप्तान और विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल, नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बरार, मोहम्मद सिराज, आकिब नबी, यशस्वी जायसवाल, नमन धीर।

## यूपीआई 15 अक्तूबर से बदल रहा: 2,000 से ऊपर के मर्चेंट लेनदेन पर 0.4% शुल्क का क्या होगा असर?

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** डिजिटल भुगतान व्यवस्था को दीर्घकालिक रूप से टिकाऊ बनाने के मकसद से सरकार ने यूपीआई पर बड़ा फैसला कर लिया है। मंगलवार को एनपीसीआई ने साफ कर दिया कि 15 अक्तूबर 2026 से 2,000 रुपये से अधिक राशि वाले मर्चेंट यूपीआई भुगतानों पर 0.4 प्रतिशत का मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू किया जाएगा। हालांकि, आम नागरिकों के बीच होने वाले पर्सन-टू-पर्सन (पीटूपी) ट्रांसफर और छोटे कारोबारियों को इस दायरे से पूरी तरह बाहर रखा गया है। आंकड़ों के अनुसार, इस नए नियम का प्रभाव कुल मर्चेंट ट्रांजेक्शन के केवल चार फीसदी हिस्से पर ही पड़ेगा।

नियमों के अनुसार, 2,000 रुपये तक के मर्चेंट यूपीआई लेनदेन पर कोई भी एमडीआर नहीं वसूला जाएगा। 2,000 रुपये से अधिक के लेनदेन पर व्यापारी को अपने एक्वायरिंग बैंक को 0.4% शुल्क देना होगा। उदाहरण के तौर पर, यदि कोई ग्राहक 3,000 रुपये का सामान खरीदता है, तो व्यापारी को 12 रुपये का एमडीआर शुल्क भुगतान करना होगा। इस एकत्रित कमीशन को बैंकों सहित पेमेंट इकोसिस्टम के सभी भागीदार पार्टनर्स के बीच साझा किया जाएगा।

आम उपभोक्ताओं और छोटे कारोबारियों को सुरक्षा देने के लिए सरकार ने स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किए हैं:

छोटे व्यापारी: जिन व्यापारियों की मासिक प्राप्ति 1 लाख रुपये तक है, उनके लिए सभी भुगतानों पर शून्य एमडीआर अनिवार्य रहेगा।

पर्सन-टू-पर्सन (पीटूपी) ट्रांसफरः दो व्यक्तियों के आपस में पैसे भेजने पर लेनदेन की राशि चाहे जितनी भी हो, कोई शुल्क नहीं लगेगा।

ग्राहकों पर कोई बोझ नहीं: बैंकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे यह सुनिश्चित करें कि व्यापारी इस पीटूपी शुल्क का हस्तांतरण ग्राहकों पर न करें। छिपे हुए शुल्कों पर रोकः यूपीआई एप प्रदाताओं को किसी भी प्रकार का प्लेटफॉर्म शुल्क या हिडन चार्ज लगाने से प्रतिबंधित किया गया है। मुफ्त भुगतानों की सीमाः आम नागरिकों के लिए मुफ्त यूपीआई लेनदेन पर कोई मासिक कोटा, वॉल्यूम सीमा या टायर्ड कैप लागू नहीं होगी। केवल बैंकों और एनपीसीआई द्वारा तय की गई 1 लाख रुपये से 5 लाख रुपये तक की दैनिक सीमाएं ही प्रभावी रहेंगी।

अलग-अलग सेक्टर्स और बड़े भुगतानों के लिए क्या हैं विशेष नियम?

विभिन्न उद्योगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने शुल्क की अधिकतम सीमाएं निर्धारित की हैं:

उच्च मूल्य भुगतानः 75,000 रुपये या उससे अधिक के बड़े भुगतानों पर एमडीआर को अधिकतम ?300 प्रति लेनदेन पर सीमित किया गया है।

आवश्यक क्षेत्रः टेलीकॉम, बीमा और फ्यूल (ईंधन) जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए प्रति लेनदेन पां रुपये का फ्लैट एमडीआर तय किया गया है।

शेयर बाजार व म्यूचुअल फंडः म्यूचुअल फंड और स्टॉक ब्रोकरों को किए जाने वाले भुगतानों पर 0.02% का एमडीआर लगेगा, जिसकी अधिकतम सीमा 300 रुपये रहेगी।

एकत्रित एमडीआर फंड का उपयोग किस तरह किया जाएगा?

डिजिटल भुगतान के प्रसार को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष फंड का गठन किया जाएगा। एकत्रित कुल एमडीआर राजस्व का 5 प्रतिशत हिस्सा इस फंड में जाएगा, जिसका उपयोग छोटे व्यापारियों के बीच यूपीआई अपनाने और प्रोत्साहन गतिविधियों के लिए किया जाएगा।

## यूपीआई: नीति आयोग के उपाध्यक्ष का चाणक्य वाला तर्क, बोले- 100 पर 40 पैसे; फूल से शहद जैसी हो टैक्स वसूली

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** यूपीआई पर एमडीआर को लेकर नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी ने चाणक्य का उदाहरण देते हुए कहा कि टैक्स फूल से शहद लेने वाली मधुमक्खी की तरह होना चाहिए। उन्होंने ?100 के लेन-देन पर 40 पैसे शुल्क को लेकर भी सवाल उठाया।

यूपीआई लेन-देन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू करने के फैसले का नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी ने बचाव किया है। उन्होंने कहा कि कारोबार को बिना सरकारी सब्सिडी के टिकाऊ बनाने के तरीके खोजने होंगे। इसके लिए उन्होंने प्राचीन भारतीय विचारक चाणक्य की उस बात का उदाहरण दिया, जिसमें शासक को फूल से शहद लेने वाली मधुमक्खी की तरह धीरे और बिना नुकसान पहुंचाए कर वसूलने की बात कही गई है। लाहिड़ी ने कहा कि अगर 100 के लेन-देन पर 40 पैसे शुल्क देना पड़े, तो क्या इससे कारोबार खत्म हो जाएगा उन्होंने कहा कि बड़े लेन-देन पर लगने वाला यह शुल्क कारोबार को आत्मनिर्भर तरीके से चलाने की दिशा में एक कदम है। लाहिड़ी ने कहा कि सरकार हर कारोबार को लगातार सब्सिडी नहीं दे सकती। उनके मुताबिक, ऐसे तरीके खोजने होंगे जिनसे डिजिटल भुगतान व्यवस्था और उससे जुड़े कारोबार लंबे समय तक अपने दम पर चल सकें। उन्होंने कहा कि छोटे शुल्क की आदत लोगों को धीरे-धीरे पड़ जाती है।

# क्या आप भी खा रहे मिलावटी पनीर? एफएसएसएआई का बड़ा एक्शन

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने खाने-पीने की चीजों में गंभीर लापरवाही और गंदगी मिलने पर कड़ा एक्शन लिया है। निरीक्षण के दौरान हरियाणा में पनीर निर्माण इकाइयों पर छापा मारकर भारी मात्रा में दूषित पनीर नष्ट किया गया और मेसर्स गणेश प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। क्या आम जनता की सेहत से खिलवाड़ करने वाले ऐसे मिलावटखोरों पर नकेल कसी जा सकेगी और बाजार में मिलने वाला पनीर कितना सुरक्षित है? आइए, सबकुछ विस्तार से जानते हैं...

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण देश के नागरिकों की सेहत की रक्षा करने और खाद्य सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हाल ही में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा किए गए व्यापक निरीक्षणों में खाद्य कारोबारियों द्वारा स्वच्छता और सुरक्षा नियमों की भारी अनदेखी सामने आई है। नियमों की धज्जियां उड़ाने और जनता के स्वास्थ्य को गंभीर खतरे में डालने वाले ऐसे निर्माण केंद्रों पर प्राधिकरण ने तत्काल प्रवर्तन कार्रवाई शुरू कर दी है, जिससे नियमों का उल्लंघन करने वालों में हड़कंप मच गया है।

निरीक्षण के दौरान हरियाणा में गैर-कानूनी और बेहद अस्वच्छ तरीके से चल रही पनीर निर्माण इकाइयों पर शिकंजा कसा गया है। इसके साथ ही खाद्य विनिर्माण इकाई मेसर्स गणेश प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड में भारी अनियमितताएं और गंदगी पाए जाने के बाद लोक स्वास्थ्य के हित में उसका एफएसएसएआई लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जांच में सामने आया कि खाद्य सामग्री को सड़े-गले माहौल, कीट-पतंगों और हानिकारक रसायनों के बीच तैयार व भंडारित किया जा रहा था, जिससे यह भोजन इंसानी उपभोग




के लिए बिल्कुल असुरक्षित बन चुका था।

हरियाणा में निरीक्षण के दौरान तीन पनीर निर्माण इकाइयां संचालित पाई गईं, लेकिन मौके पर कोई भी मालिक, प्रबंधक या अधिकृत प्रतिनिधि मौजूद नहीं था। साथ ही परिसर में कोई एफएसएसएआई पंजीकरण, लाइसेंस प्रमाणपत्र या साइन बोर्ड तक प्रदर्शित नहीं था। इन इकाइयों की जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए

गंदे बर्तनों और अस्वच्छ प्लेटफॉर्मों के बीच लगभग 7600 किलोग्राम पनीर बेहद अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में रखा मिला, जिसे खाद्य श्रृंखला में वापस जाने से रोकने के लिए प्रशासन ने मौके पर ही पूरी तरह नष्ट कर दिया।

परिसर से मिल्क पाउडर, फैब्रिक व्हाइटनर (कपड़े धोने वाला), औद्योगिक स्तर का ब्लीचिंग एजेंट, रिफाइंड पाम ऑयल, सोयाबीन और पोस्टर व्हाइट कलर भारी मात्रा में बरामद किए गए।

गांव नाई में स्थित एक अन्य पनीर निर्माण इकाई का भी निरीक्षण किया गया और चारों इकाइयों से कुल 4 पनीर के नमूने विधिवत पैक, सील और लेबल करके प्रयोगशाला विश्लेषण के लिए एकत्र किए गए। एकत्र किए गए नमूनों को आगे की जांच के लिए भेजा जाएगा और खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 (FSS Act, 2006) तथा नियमों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य विनिर्माण इकाई मेसर्स गणेश प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के निरीक्षण में गंभीर और खतरनाक गैर-अनुपालन पाए गए। परिसर की पूरी साफ-सफाई और स्वच्छता बेहद असंतोषजनक थी, जहां प्रोसेसिंग और स्टोरेज क्षेत्रों में धूल, गंदगी, काई, फंगल धब्बे, कॉकरोच और मकड़ी के जाले मिले। तैयार माल रखने वाले स्थान पर हवा का उचित प्रबंध नहीं था और सामग्री दीवारों से सटाकर रखी गई थी। इतना ही नहीं, उत्पादन के अधिकांश बर्तनों पर जंग लगा हुआ था और एक्सपायर व बिना लेबल वाली खाद्य सामग्री को तैयार उत्पादों तथा कचरे के साथ मिलाकर रखा गया था।

निरीक्षण में कीटों और नियमों की अनदेखी से जुड़ा क्या बड़ा खतरा दिखा?

परिसर में पैकेजिंग सामग्री के भंडारण क्षेत्र में मरे हुए चूहे, कॉकरोच, मक्खियां और भारी कीट प्रकोप देखा गया। वहां चूहे पकड़ने वाले बॉक्स पूरी तरह नदारद थे और कीट-नियंत्रण उपकरण काम नहीं कर रहे थे। दीवारों से पपड़ीदार पेंट उखड़ रहा था, सीलन थी, फर्श की टाइलें टूटी हुई थीं और नमूनों की शेल्फ-लाइफ टेस्टिंग का एक साल का रिकॉर्ड भी मौजूद नहीं था। हाथ धोने की उचित सुविधा, उपभोक्ताओं की शिकायतों का रिकॉर्ड और आंतरिक व बाहरी ऑडिट रिकॉर्ड भी नदारद पाए गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, निरीक्षण के दौरान सामने आई ये गंभीर लापरवाहियां खाद्य सुरक्षा से सीधा समझौता करती हैं और ऐसी अस्वच्छ परिस्थितियों में तैयार खाद्य उत्पाद पूरी तरह असुरक्षित हैं। इसी आधार पर मेसर्स गणेश प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को जारी एफएसएसएआई लाइसेंस आगामी आदेश तक सभी खाद्य व्यावसायिक गतिविधियों के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। एफएसएसएआई ने स्पष्ट किया है कि प्रयोगशाला विश्लेषण और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर दोषियों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा कानून के तहत आगे की कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## सोने में 1,200 रुपये का उछाल: मांग बढ़ने और कच्चे तेल की नरमी से लौटी तेजी

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली.** नई दिल्ली में सोने की कीमतों में 1,200 रुपये की बड़ी वृद्धि दर्ज की गई, जिससे तीन सत्रों की गिरावट समाप्त हुई। व्यापारियों की सौदेबाजी खरीद और कच्चे तेल की कीमतों में कमी ने कीमती धातुओं की धारणा को मजबूत किया। चांदी भी 7,400 रुपये उछली। फेडरल रिजर्व के नीतिगत निर्णय का इंतजार है।

तीन सत्रों की लगातार गिरावट के बाद बुधवार को सोने की कीमतों में बड़ा उछाल आया। राष्ट्रीय राजधानी में सोना 1,200 रुपये बढ़कर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। व्यापारियों की सौदेबाजी खरीद और कच्चे तेल की कीमतों में कमी से कीमती धातुओं की धारणा मजबूत हुई। चांदी भी दो सत्रों तक स्थिर रहने के बाद 7,400 रुपये उछलकर 2.42 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना 1,200 रुपये बढ़कर 1,55,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। यह मंगलवार के बंद स्तर 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम से अधिक है। चांदी भी 2,34,600 रुपये प्रति किलोग्राम के पिछले बंद स्तर के मुकाबले बढ़ी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक- जिंस, सौमिल गांधी ने बताया कि लगातार तीन सत्रों के नुकसान के बाद व्यापारियों ने सौदेबाजी खरीद का सहारा लिया। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने कीमती धातुओं के प्रति धारणा में सुधार किया। अमेरिकी ट्रेजरी प्रतिफल में नरम रुख ने भी कीमती धातुओं को अतिरिक्त समर्थन दिया। यह सब अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत निर्णय से पहले हुआ।

सोने-चांदी में क्यों आया उछाल?

सोने की कीमतों में यह वृद्धि कई कारकों के कारण हुई। व्यापारियों ने गिरावट के बाद कम दाम पर खरीदारी का मौका देखा। कच्चे तेल की कीमतों में कमी से बाजार में सकारात्मक माहौल बना। सौमिल गांधी के अनुसार, अमेरिकी ट्रेजरी प्रतिफल में नरमी भी एक महत्वपूर्ण कारण रही। वैश्विक बाजारों में हाजिर सोना 53.96 अमेरिकी डॉलर बढ़कर 4,348.10 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गया। चांदी भी 1.5 फीसदी बढ़कर 64.61 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।













जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।